स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार
15 दिसंबर, 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष 11
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 118 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



जायसवाल के शतक से मुंबई ने हरियाणा को हराया

जगमोहन लाल अस्पताल

भव्य शुभारम्भ

अपने भव्य एवं नवनिर्मित स्वरूप में आधुनिक सुविधाओं के साथ

आवास विकास कॉलोनी, बरेली मोड़, शाहजहाँपुर

मो. 9506545521, 9152244838




# नितिन नबीन बने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। ऐसे में जेपी नड्डा के बाद अब पार्टी की जिम्मेदारी नितिन नबीन ही संभालेंगे। पार्टी की ओर से इस नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की रणनीतिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है। नितिन नबीन पांच बार के विधायक हैं। मौजूदा वक्त में वह पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। बांकीपुर से इस बार नितिन नबीन पांचवीं बार विधायक बने हैं। नबीन छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी हैं। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन कायस्थ समुदाय से आते हैं। 45 साल के नबीन सड़क निर्माण मंत्री हैं। इसी के साथ वह भाजपा नेता किशोर सिन्हा के बेटे हैं।

**तत्काल प्रभाव से लागू नियुक्ति**

बता दें कि यह नियुक्ति 14 दिसंबर 2025 यानी आज से तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस संबंध में पार्टी की ओर से औपचारिक संगठनात्मक आदेश जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी आदेश के मुताबिक यह नियुक्ति भाजपा के संसदीय बोर्ड की तरफ से की गई है। आदेश में लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने नितिन नबीन, मंत्री बिहार सरकार को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। उपरोक्त नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

**पीएम मोदी ने दी नितिन नबीन को बधाई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मंत्री नितिन नबीन को बीजेपी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में कहा, 'नितिन नबीन जी ने एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वे एक युवा और कर्मठ नेता हैं, जिन्हें संगठनात्मक अनुभव का भरपूर लाभ है और बिहार में विधायक और मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल प्रभावशाली रहा है।

# पंकज चौधरी बने यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष

## विनोद तावड़े और पीयूष गोयल ने की घोषणा, सीएम योगी रहे मौजूद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने उनके नाम की घोषणा की। हालांकि शनिवार को एकमात्र नामांकन होने की वजह से पहले ही उनके नाम पर औपचारिक मुहर लग गई थी। लखनऊ के राम मनोहर लोहिया विवि कैंपस के सभागार में इसकी घोषणा की गई। इस मौके पर केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रदेश चुनाव अधिकारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने पंकज चौधरी की जीत की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे।केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह संगठन की ताकत है कि पार्टी आज इस मुकाम पर है। पीयूष गोयल की घोषणा करते ही पूरा सभागार तालियों से गूंज गया। भूपेंद्र चौधरी ने पार्टी का झंडा नव निर्वाचित अध्यक्ष को सौंपा। इस मोके पर राष्ट्रीय परिषद के 120 नव निर्वाचित सदस्यों की भी घोषणा की गई।



### सत्ता का केंद्र बना गोरखपुर

केंद्रीय राजनीति से प्रदेश की सियासत में लौटे पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से भाजपा की सियासत में पूर्वांचल का दखल बढ़ गया है। खास तौर से गोरखपुर क्षेत्र सत्ता का नया केंद्र बनकर उभरा है। देखा जाए तो गोरखपुर की राजनीति में योगी और पंकज चौधरी ही भाजपा के दो बड़े क्षत्रप हैं और अब तो इनमें से एक के पास सरकार और एक के पास भाजपा संगठन की कमान आ गई है।

**चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे**

प्रदेश भाजपा के 17वें अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वाले चौधरी कुर्मी बिरादरी से चौथे अध्यक्ष होंगे। इनसे पहले विनय कटियार, ओम प्रकाश सिंह और स्वतंत्रदेव सिंह भी इसी बिरादरी से अध्यक्ष रह चुके हैं। दरअसल प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में चौधरी का नाम पहली बार चर्चा में आया था, लेकिन इसे लोग इस आधार पर खारिज कर रहे थे सीएम और अध्यक्ष एक ही क्षेत्र से नहीं हो सकता है। हालांकि शुक्रवार को चौधरी के नाम और तेजी से सामने आया, लेकिन नामांकन दाखिल होने तक भी सियासी गलियारों में कई नाम चर्चा में रहे। भाजपा के संगठनात्मक चुनाव के इतिहास के लिहाज से देखा जाए तो लक्ष्मीकांत बाजपेयी के चुनाव के बाद यह पहला मौका है,जब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिए चुनाव की औपचारिकता की जा रही है।

# ऑस्ट्रेलिया में जश्न मना रहे यहूदियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग, 10 की मौत

- मशहूर बीच पर लाशें बिखरी दिखीं
- पुलिस ने एक हमलावर को गोली मारी, दूसरा हिरासत में



**सिडनी।** सिडनी के बॉन्डी बीच पर दो हथियारबंद लोगों ने सामूहिक गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। गोलीकांड की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कई राउंड गोलियां चलने के बाद बीच पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सिडनी मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी में शूटर सहित दस लोग मारे गए हैं। जानकारी के अनुसार यहूदी त्योहार हनुक्का मनाने के लिए सैकड़ों लोग बॉन्डी बीच पर जुटे थे। इसी दौरान हमलावरों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस के मुताबिक गोलीकांड के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, पुलिस की जांच जारी है और हम लोगों से अपील करते हैं कि वे इस इलाके से दूर रहें। पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया है और जानकारी मिलने पर आगे अपडेट दिया जाएगा। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बॉन्डी बीच पर लोग भागते हुए दिखाई दे रहे हैं और बैकग्राउंड में गोलियों की आवाज और पुलिस सायरन सुनाई दे रहे हैं।

## मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म : राहुल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली में पार्टी सांसद राहुल गांधी ने कहा- पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म हो गया है। अमित शाह के हाथ कांपते हैं। वह जानते हैं कि उनकी चोरी पकड़ी गई है। राहुल ने आरोप लगाया कि चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, सुखबीर सिंह, विवेक जोशी बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पीएम ने इनके लिए कानून बदला है। हम इस कानून को बदलेंगे और इन लोगों के खिलाफ एक्शन लेंगे। इन लोग नहीं भूलना चाहिए कि ये हिंदुस्तान के इलेक्शन कमिश्नर हैं बीजेपी के नहीं। राहुल से पहले पार्टी महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि जीवन में वोट की कीमत समझना जरूरी है।

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया



**नई दिल्ली।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी20 मैच में सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की मदद से दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 117 रन पर ऑलआउट कर दी थी। भारत ने फिर 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 120 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत के लिए अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा रन बनाए। अभिषेक ने 18 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 35 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक और शुभमन गिल ने भारत को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। इस साझेदारी को कॉर्बिन बॉश ने आउट किया। भारत ने एक बार फिर प्रयोग किया और तीसरे स्थान पर सूर्यकुमार की जगह तिलक वर्मा को उतारा। तिलक और गिल ने दूसरे विकेट के लिए 32 रनों की साझेदारी की, लेकिन मार्को यानसेन ने गिल को बोल्ड कर दिया। गिल 28 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए।

- सीरीज में ली 2-1 की बढ़त

### जलवायु परिवर्तन का असर

## बढ़ते तापमान से घट रही नींद



**नई दिल्ली।** दक्षिण कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के नेतृत्व में किए गए एक विस्तृत अंतरराष्ट्रीय अध्ययन ने चेतावनी दी है कि रात में बढ़ता तापमान दुनिया भर की नींद पर गहरा असर डाल रहा है। नींद का समय छोटा हो रहा है, गुणवत्ता गिर रही है, और इसका सबसे तीखा प्रभाव गरीब, बीमार और कठिन परिस्थितियों में रहने वाली आबादी पर पड़ रहा है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि भविष्य में हर इंसान साल भर में केवल गर्म रातों के कारण 24 घंटे तक की नींद खो सकता है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। दक्षिण कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल ब्रिघम एंड विमेन्स हॉस्पिटल के सहयोग से किए गए इस अध्ययन में 14,232 अमेरिकियों की 1.2 करोड़ रातों की नींद का डेटा शामिल किया गया। शोधकर्ताओं ने फिटबिट से रिकॉर्ड किए गए नींद के चरण, नींद टूटने की आवृत्ति, नींद आने में लगने वाला समय और मौसम संबंधी आंकड़ों का विस्तार से विश्लेषण किया। नतीजों से स्पष्ट हुआ कि रात के तापमान में हर 10 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी औसतन 2.63 मिनट की नींद घटा देती है। यह कमी मामूली दिख सकती है, पर जब करोड़ों लोग समग्र रूप से अपनी नींद खोते हैं, तो यह स्थिति सीधे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले लेती है।

- महिलाएं और गरीब सबसे ज्यादा प्रभावित

### भारत में भी बढ़ रहीं बेचैन रातें

क्लाइमेट सेंट्रल और क्लाइमेट ट्रेंड्स की चेतावनी, अंतरराष्ट्रीय संगठनों क्लाइमेट सेंट्रल और क्लाइमेट ट्रेंड्स के संयुक्त विश्लेषण से स्पष्ट हुआ है कि भारत में गर्म रातों में तेजी से बढ़ोतरी जलवायु परिवर्तन से सीधे जुड़ी है। उनकी 'स्लीपलेस नाइट्स' रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2018 से 2023 के बीच केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब, जम्मू कश्मीर और आंध्र प्रदेश के शहरों में 50 से 80 अतिरिक्त रातें ऐसी दर्ज की गईं जब तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया।

## दिल्ली में अब लगेंगी हाईब्रिड कक्षाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हवा की क्वालिटी 'गंभीर' स्तर पर पहुंचने के बाद, शिक्षा निदेशालय ने तत्काल प्रभाव से स्कूलों को हाईब्रिड क्लास शुरू करने का निर्देश दिया है। यह कदम बच्चों को खतरनाक प्रदूषण से बचाने और उनकी पढ़ाई को बिना रुकावट जारी रखने के लिए उठाया गया है। यह निर्देश क्लास 1 से 9 और क्लास 11 के छात्रों पर लागू होगा। स्कूलों को यह निर्देश भी दिया गया है कि वे अगले आदेश तक, जहां भी संभव हो, ऑनलाइन और फिजिकल क्लास का मिश्रण दें। यह फैसला तब आया है जब अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी में हवा की क्वालिटी में अचानक आई गिरावट के कारण ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के स्टेज-4 के तहत पाबंदियां सख्त कर दी हैं।

# हजार करोड़ की धोखाधड़ी का 'चीन' कनेक्शन

- 111 फर्जी कंपनियों का पर्दाफाश!
- सीबीआई की चार्जशीट में बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। इनमें चार चीनी नागरिक भी शामिल हैं। इसके अलावा आरोपपत्र में 58 कंपनियों को भी आरोपी बनाया गया है। ये सभी कथित तौर पर साइबर धोखाधड़ी वाले एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े थे। इन पर मुखौटा (शेल) कंपनियां बनाकर और ऑनलाइन एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस साइबर धोखाधड़ी वाले नेटवर्क का अक्तूबर में भंडाफोड़ हुआ। जांचकर्ताओं ने एक संगठित नेटवर्क का पता लगाया, जो विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी करता था। इसमें गुमराह करके ऋण के लिए आवेदन, फर्जी निवेश योजनाएं, पोंजी और कई स्तर के मार्केटिंग मॉडल, नकली पार्ट टाइम नौकरी की पेशकर और ऑनलाइन गेम के जरिये धोखाधड़ी शामिल थे। जांच एजेंसी की अंतिम रिपोर्ट के मुताबिक, इस समूह ने अवैध धन को 111 शेल कंपनियों के जरिये अलग-अलग खातों में रखा और म्यूल खातों के माध्यम से लगभग 1,000 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए।

### तकनीक का भी जमकर इस्तेमाल

रैकेट में तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसके लिए गूगल विज्ञापन, बड़ी संख्या में एसएमएस, सिम-बॉक्स से भेजे गए मैसेज, क्लाउड सिस्टम, फिनटेक प्लेटफॉर्म और कई म्यूल खाते इस्तेमाल किए गए। पीड़ितों को फंसाने से लेकर पैसे इकट्ठा करने और उन्हें एक जगह से दूसरी जगह भेजने तक हर चरण इस तरह बनाया गया था कि असली लोगों की पहचान छिपी रहे और कानून एजेंसियों को पता न चल सके। इस मामले में दाखिल आरोपपत्र में 17 लोगों और 58 कंपनियों के नाम शामिल हैं।

### कोरोना महामारी के दौरान शुरू हुआ था 'खेल'

जांचकर्ताओं ने पाया कि यह धोखाधड़ी 2020 में कोरोना महामारी के दौरान शुरू हुई थी। शेल कंपनियां चार चीनी हैंडलर जोउ यी, हुआन लिउ, वेइजियान लिउ और गुआनहुआ के निर्देशन में बनाई गई थीं। उनके भारतीय सहयोगियों ने गैरकानूनी तरीके से लोगों के पहचान दस्तावेज हासिल किए, जिनका इस्तेमाल शेल कंपनियों और म्यूल खातों के नेटवर्क को बनाने और धोखाधड़ी से प्राप्त धन को सफेद करने में किया गया।

## मेसी के टूर आयोजक को 14 दिन की हिरासत

**कोलकाता।** रैकेट में तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसके लिए गूगल विज्ञापन, बड़ी संख्या में एसएमएस, सिम-बॉक्स से भेजे गए मैसेज, क्लाउड सिस्टम, फिनटेक प्लेटफॉर्म और कई म्यूल खाते इस्तेमाल किए गए। पीड़ितों को फंसाने से लेकर पैसे इकट्ठा करने और उन्हें एक जगह से दूसरी जगह भेजने तक हर चरण इस तरह बनाया गया था कि असली लोगों की पहचान छिपी रहे और कानून एजेंसियों को पता न चल सके। इस मामले में दाखिल आरोप पत्र में 17 लोगों और 58 कंपनियों के नाम शामिल हैं।

# राजनीति : समय के साथ राज के लिए बदलती नीति

**नवकांत ठाकुर**

राजनीति और राजनेताओं का असली चरित्र उजागर करते हुए कवि स्वप्निल श्रीवास्तव लिखते हैं कि 'वे जिस चीज़ का विरोध करते हैं / बाद में उसी के पक्ष में आ जाते हैं / कभी उन्होंने कहा था – यह साँप है / बाद में संशोधन आया कि इसे रस्सी समझा जाए / समय के साथ उनके कथन बदलते रहते हैं।'

वाकई, सियासत में मुद्दे तो यथावत रहते हैं मगर उसके समर्थक और विरोधी बदलते रहते हैं। तभी तो डॉलर के मुकाबले रूपए की कीमत में गिरावट को लेकर पूर्ववर्ती शासक अब वही भाषा बोल रहे हैं जो तब का विपक्ष बोलता था जबकि अब के शासक की सोच तब के शासकों से कतई अलग नहीं दिख रही। यही स्थिति पेट्रोलियम पदार्थों के सर्वकालिक उच्चतम खुदरा मूल्य से लेकर विभिन्न नीतिगत मसलों में भी है। तभी तो कहा गया है कि सरकार सतत नीति और प्रक्रिया के तहत चलती है जिसमें शीर्ष पर व्यक्ति के बदलने से शासन का चरित्र नहीं बदलता है।

वाकई, सत्ता का सिंहासन शासक को अंधा बना देता है जबकि विपक्ष की कुर्सी पर बैठते ही आंखें खुल जाती हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो संविधान की रक्षा की कसमें वह क्यों खा रहे होते जिनकी पार्टी ने देश पर आपातकाल थोपकर संसद में हासिल बहुमत का दुरुपयोग करते हुए पूरा संविधान ही बदल कर रख दिया था। इसी प्रकार गाय को राष्ट्रमाता बताते हुए गौ-रक्षा कानून की मांग वह क्यों करते जिनके शासन में यही मांग कर रहे करपात्री महाराज के साधुओं की टोली पर सरकार ने गोलियां चलवा दी थीं और गौ-हत्या निषेध कानून बनाने की पहल करने के बजाय वह गौ-रक्षकों को गुंडा क्यों बताते जो संघ और साधु-संतों के मार्गदर्शन में सत्ता का संचालन करने की प्रतिबद्धता जताते रहे हैं।




**नज़र और नज़रिया**

यह राज के लिए नीति में बदलाव का ही तो नतीजा है कि इस बार संसद में शांतिपूर्वक बहस के लिए जिन मुद्दों पर सहमति बनी उसमें वंदे मातरम् का मुद्दा सत्ता पक्ष की सुविधा का था जबकि चुनाव सुधार का मसला विपक्ष की सहूलियत का। इसमें ना जनपक्ष की दिलचस्पी थी और ना आवाम का सरोकार था। अलबत्ता चर्चा होनी चाहिए थी कि सालों से दिल्ली क्यों दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनी हुई है? क्यों देश को ऐतिहासिक हवाई यातायात संकट झेलना पड़ा और इसमें सरकार सहित तमाम संबंधित पक्षों ने देशहित और जनहित की अनदेखी की? क्यों देश में आर्थिक असमानता लगातार बढ़ती जा रही है और तमाम संसाधन कुछ गिने–चुने लोगों की मुट्ठी में सिमटते जा रहे हैं? क्यों 'सा विद्या या विमुक्तये' और 'विद्या ददाति विनयम्' का सिद्धांत किताबों में सिमट कर रह गया है और उच्चशिक्षित वर्ग भी अपराध और आतंकवाद की राह पर बेहिचक आगे बढ़ रहा है? क्यों अदालतों में आम लोगों के लगभग साढ़े पांच करोड़ से भी अधिक मुकदमें लंबित हैं और सुनवाई व न्याय का इंजतार करते बेगुनाहों को भी सालों जेल में सड़ना पड़ता है? यह सब तो वह मसले हैं जो बीते हफ्ते राष्ट्रीय स्तर पर बहस की उम्मीद में सतह पर उभरे हैं वर्ना संसद में चर्चा करके समाधान करने योग्य समस्याएं तो इतनी अधिक हैं कि सालों भर रोजाना सदन सुचारू ढ़ंग से चले तब भी सभी मसलों पर पूरी चर्चा नहीं हो पाएगी।

बहरहाल, इन दिनों देश की मौजूदा सियासी तस्वीर ऐसी है जिसे पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के शब्दों में कहें तो– 'कौरव कौन कौन पांडव, टेढ़ा सवाल है / दोनों ओर शकुनि का फैला कूटजाल है / बिना कृष्ण के आज महाभारत होना है / कोई राजा बने, रंक को तो रोना है।'

**जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।**



स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# कारगर रणनीतियों ने किया पोलियो का खात्मा : मुकेश शर्मा

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी में सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय में किया गया। अभियान का शुभारम्भ विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने तीन माह की बच्ची को पोलियोरोधी दवा पिलाकर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक समय था जब पोलियो देश के लिए एक गंभीर चुनौती था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों, समुदाय, सहयोगी संस्थाओं तथा प्रभावी रणनीतियों के माध्यम से इसका उन्मूलन संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि यह अभियान हर वर्ष सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है और सभी की सहभागिता से ही इसे पूर्ण सफलता मिलती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. बी. सिंह ने बताया कि अभियान के तहत जनपद में शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के कुल 7.03 लाख बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सघन पल्स पोलियो अभियान 14 से 22 दिसंबर तक चलेगा। अभियान के पहले दिन रविवार को सरकारी विद्यालयों, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर कुल 2783 बूथों के माध्यम से बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जा रही है। इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं टैम्पो स्टैंड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर भी ट्रांजिट बूथ लगाए गए हैं, जिससे कि अधिक से अधिक बच्चों को एक साथ पोलियो की खुराक दी जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 15 से 19 दिसंबर तक 2204 टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाएंगी।

# यूपी की 21,000 ग्राम पंचायतों में होगा किसान पाठशाला कार्यक्रम

## 12 से 29 दिसंबर के बीच होगा कार्यक्रम, जनप्रतिनिधि करेंगे प्रतिभाग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कृषि भवन लखनऊ में रविवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी,किसान पाठशाला की समीक्षा हुई। बैठक का उद्देश्य यूपी की 21000 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशाला कार्यक्रम करने का लक्ष्य रखा गया । मंत्री ने ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा किसान पाठशाला कार्यक्रम का उद्घाटन किए जाने के कारण यह कार्यक्रम और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, अतः हम सभी का दायित्व है कि इसका आयोजन प्रदेश भर में सही ढंग से किया जाए।

वर्ष 2025 में किसान पाठशाला का कार्यक्रम प्रदेश की 21,000 ग्राम पंचायतों में कराने के लिए सभी मंडल,जनपद स्तरीय कार्यालयों को निर्देशित किया गया । कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए मंत्री ने जनपदीय उप कृषि निदेशक मंडलीय संयुक्त कृषि निदेशकों को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का आयोजन शासन द्वारा जारी शासनादेश और निदेशालय द्वारा प्रेषित निर्देशों के क्रम में जनपद स्तर पर पैक्स सोसायटी, किसान कल्याण केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम पंचायत सचिवालय,प्राथमिक विद्यालयों के साथ-साथ जनपद के प्रगतिशील पुरस्कृत कृषकों के खेत पर किया जाए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी प्रतिभाग के लिए जिलाधिकारी,मुख्य विकास अधिकारी के स्तर से पत्र जारी करते हुए व्यक्तिगत रूप से आग्रह कर लिया जाए। जिन ग्राम पंचायतों में पाठशाला का आयोजन किया जाना है, उनके ग्राम प्रधान को पहले से अवगत करा दिया जाए। संस्थान,कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, कृषि महाविद्यालयों के प्रोफेसर आदि को गोष्ठियों में प्रतिभाग कराया जाए जिससे शोध केंद्रों में किए जा रहे नए-नए अनुसंधानों से प्रदेश के कृषकों को जानकारी दी जा सके। कार्यक्रम में बुवाई के बाद फसल सुरक्षा, फसल अवशेष प्रबंधन, विभाग द्वारा संचालित योजनाओं आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं के साथ-साथ जायद की फसल रणनीति पर भी चर्चा की जाए। निदेशालय स्तर के अधिकारियों द्वारा जनपद के किसी एक या दो कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाए। कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान कृषि निदेशक ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन 12 से 29 दिसंबर, 2025 के मध्य आयोजित किया जाना है, अतः यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यक्रम की संख्या से गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए। साथ ही जनपद के जनप्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें कार्यक्रम में प्रतिभाग के लिए आग्रह किया जाए। इस बैठक में प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, कृषि निदेशक डॉ.पंकज त्रिपाठी, अपर कृषि निदेशक (प्रसार), अपर कृषि निदेशक (तिलहन एवं दलहन, कृषि रक्षा, गेहूं मोटा अनाज, भूमि संरक्षण, सामान्य), संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक, ब्यूरो, बाढ़ोन्मुखी) उपस्थित रहे। इसके साथ ही के सभी मंडलीय संयुक्त कृषि निदेशक और जनपदीय उप कृषि निदेशक वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।



# विकसित राज्य के लिए युवाओं को टेक्नोलॉजी से जोड़ना होगा : पुलकित खरे

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047 के तहत राज्य स्तरीय विचार मंथन सम्मेलन में आयोजित उच्चस्तरीय पैनल चर्चा में दीर्घकालिक विकास की आधारशिला के रूप में कौशल विकास, तकनीकी नवाचार एवं मानव संसाधन सशक्तिकरण को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र में व्यापक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया।

मिशन निदेशक ने कहा कि 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं को न्यू एज टेक्नोलॉजी से जोड़ना अनिवार्य है। इसी दिशा में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत विद्यार्थियों को पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (द्वश्नञ्ज), ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसी उभरती तकनीकों से परिचित कराया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य के रोजगार रुझानों की समझ देना और उनके करियर के लिए स्पष्ट दृष्टि विकसित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि मिशन द्वारा आईटीआई में प्रयोगशालाओं, डिजिटल अवसंरचना एवं प्रशिक्षण सुविधाओं के उन्नयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है ताकि प्रशिक्षुओं को उद्योगोन्मुख वातावरण में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल सके।

## खबर एक नज़र

### नि:शुल्क भोजन वितरण, 1550 जरूरतमंद लाभान्वित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित बृज की रसोई ने आशियाना क्षेत्र में मानवीय सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा के नेतृत्व में रविवार को आयोजित नि:शुल्क भोजन वितरण में बच्चों, बुजुर्गों व जरूरतमंद परिवारों को प्रेमपूर्वक राजमा-चावल व गाजर का हलुआ परोसा गया। सेवा अभियान में विशाल सक्सेना, विकास पाण्डेय, आशीष श्रीवास्तव, अनुराग दुबे, गोविन्द सिंह ठाकुर एवं दीपक भुटियानी सहित कई समाजसेवियों की सक्रिय भूमिका रही। सेक्टरङ्कएम रिक्शा कॉलोनी, रतनखंड, झुग्गीङ्कझोपड़ियों व मलिन बस्तियों में लगभग 1550 लोगों को भोजन मिला। अनुशासन, सेवा-भाव और जनसहभागिता के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।


### एथराइज़ मंच से उभरीं राष्ट्रीय खेल प्रतिभाएं

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** एथराइज़ चैंपियनशिप 2025 का जोश और उत्साह के साथ सफल समापन हुआ। एथलेटिक्स, बैडमिंटन और शतरंज प्रतियोगिताओं में 235 स्कूलों के करीब 3,500 छात्र-खिलाड़ियों ने सहभागिता की। बैडमिंटन अकादमी में अंतिम दिन सेमीफाइनल-फाइनल मुकाबले और शतरंज के निर्णायक राउंड खेले गये। पदक तालिका में सीएमएस अलीगंज कैंपस-1 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सीएमएस गोमती नगर कैंपस-1 द्वितीय तथा लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेज, गोमती नगर तृतीय स्थान पर रहा। सीएमएस गोमती नगर कैंपस-1 को लार्जेस्ट कंटिंजेंट अवॉर्ड मिला। व्यक्तिगत श्रेणी में अग्रिमा भटनागर को बेस्ट परफॉर्मर (महिला) और विदित जायसवाल को बेस्ट परफॉर्मर (पुरुष) सम्मान प्रदान किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि इंदरजीत सिंह, विशेष सचिव, ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं निदेशक, नेडा ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए युवाओं में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने पर जोर दिया।



### लोकबंधु चिकित्सालय में बृहद रक्तदान शिविर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय, आशियाना के ब्लड बैंक विभाग एवं लाल बहादुर शास्त्री सेवा समिति के सहयोग से चिकित्सालय परिसर में बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सालय की निदेशक डॉ. संगीता गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष लखनऊ आनंद द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन व फीता काटकर किया। शिविर के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार दीक्षित एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. पी.सी. तिवारी सहित श्रीप्रकाश उपाध्याय, आर.के. पांडेय, उपेंद्र, विपिन धनंजय, नीतू भारती, राज बहादुर, सुनीता, आशीष, सुनील दास तथा लाल बहादुर शास्त्री सेवा समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में कुल 62 रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 44 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को अल्पाहार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### मेधावी छात्र सम्मान समारोह सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गांधी भवन, कैसरबाग में श्री भट्ट ब्राह्मण सभा लखनऊ द्वारा मेधावी छात्र सम्मान समारोह व सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमोद शर्मा, नीरज सिंह, न्यायमूर्ति उमेश चन्द्र शर्मा,अजय कुमार राय व सत्येन्द्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के लगभग 35 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा स्मारिका का विमोचन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने नृत्य व नाट्य प्रस्तुतियां दीं। समारोह में मेजर वीरेन्द्र शर्मा, के.डी. शर्मा, राम मणि शर्मा, हेमराज भट्ट, कमल किशोर शर्मा, बी.डी. शर्मा, जीतेन्द्र शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, सत्येन्द्र कुमार शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, पद्म रंजन भट्ट, अविनाश शर्मा, योगेश चन्द्र भट्ट, भारत कुमार शर्मा, वीरेन्द्र भट्ट, प्रभात शर्मा, हरीश चन्द्र भट्ट, विकास शर्मा, मुकेश शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, दीपक मणि भट्ट, प्रदीप कुमार शर्मा, अतुल कुमार शर्मा, हरिहर प्रसाद शर्मा, विनीत भट्ट एवं राम आशीष शर्मा को विशेष योगदान हेतु अजय राय द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर सभा उपाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में बड़ी संख्या में भट्ट समाज के छात्र, अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



# ऊर्जा संरक्षण, सतत विकास के क्षेत्र में कानपुर मेट्रो का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## दिल्ली में राष्ट्रपति ने सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कानपुर मेट्रो को ऊर्जा संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को राष्ट्रपति की उपस्थिति में सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किया गया है। यह सम्मान आईआईटी कानपुर मेट्रो स्टेशन को दिया गया है। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मेट्रो एमडी सुशील कुमार को यह पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) द्वारा प्रदान किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य ऊर्जा खपत में कमी लाने व ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना है। इससे पूर्व वर्ष 2019 और 2021 में यूपीएमआरसी के लखनऊ मेट्रो को मेट्रो रेलवे सेक्टर में सम्मानित किया जा चुका है। आईआईटी कानपुर स्टेशन को यह पुरस्कार मेट्रो परिचालन के दौरान ऊर्जा खपत में कमी लाने व सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा दक्षता प्रयासों के लिए दिया गया है। ऊर्जा दक्ष तकनीकों के साथ-साथ यूपीएमआरसी यूटिलिटी ग्रिड पर निर्भरता कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# राज्यपाल ने संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजभवन में आयोजित उम्मीद संस्था के दो दिवसीय कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे एवं महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता गुप्ता को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी प्राची पांडे (राष्ट्रीय महासचिव, महिला प्रकोष्ठ), बलवीर सिंह, संदीप साहू (राष्ट्रीय संगठन मंत्री), अरविंद नाथ मिश्रा (प्रदेश अध्यक्ष), पारुल मोहन त्रिपाठी (प्रदेश अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ), राम तिवारी (प्रदेश महासचिव), प्रवीण मणि त्रिपाठी (लखनऊ जिला प्रभारी), मीना भारती (महिला प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष), डॉ. रानू, पल्लवी गुप्ता, निधि बाजपेई, प्रिया गुप्ता, संजय गुप्ता, नमन बाजपेई एवं संजीव कुमार गंगवार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी को सम्मानित किए जाने पर संगठन ने महामहिम राज्यपाल के प्रति आभार



# अल्ट्रासाउंड-गाइडेड रिजनल एनेस्थीसिया पर कार्यशाला

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** केजीएमयू में अल्ट्रासाउंड-गाइडेड रिजनल एनेस्थीसिया पर आधारित एडवांस कैडेवेरिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन सचिव डॉ. प्रेम राज सिंह ने कहा कि कैडेवेरिक कार्यशालाएं मौजूदा समय में अत्यंत जरूरी हैं। इससे रेजिडेंट डॉक्टरों को सुरक्षित वातावरण में रिजनल एनेस्थीसिया की प्रक्रियाएं सीखने का अवसर मिलता है। कैडैवर आधारित प्रशिक्षण से एनाटॉमी की स्पष्ट समझ विकसित होती है। जटिलताओं की संभावना कम होती है। रोगी-सुरक्षा एवं दर्द प्रबंधन की गुणवत्ता में सुधार होता है। विशेषज्ञों ने रेजिडेंट को कैडेवर पर प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया। इसमें रिजनल एनेस्थीसिया की विभिन्न प्रक्रियाओं, सुरक्षित तकनीकों तथा पेन मैनेजमेंट में इनके प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। केजीएमयू कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस मौके पर शरीर रचना विभाग के अध्यक्ष डॉ. नवनीत चौहान एवं एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. मोनिका कोहली, डॉ. नील कमल एवं डॉ. आयुषी समेत देश भर से आए डॉक्टर शामिल हुए।

# आज से चलेगी पछुआ हवा घने कोहरे का अलर्ट

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का ज्यादातर हिस्सा ठंड के साथ कोहरे के साए में लिपटा हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में एक बार फिर हवा का रुख बदलेगा। सोमवार से प्रदेश में पछुआ हवाएं चलेंगी। इसके असर से प्रदेश भर में दिन व रात के तापमान में क्रमशः गिरावट आएगी और साथ ही कोहरे का घनापन भी कम होगा। मौसम विभाग की ओर से सोमवार को प्रयागराज, मिर्जापुर, आगरा व इटावा जिलों के लिए अध्यधिक घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पश्चिमी यूपी के 42 जिलों के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट है। रविवार को सुबह घने कोहरे की वजह से आगरा और प्रयागराज में दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। वहीं अलीगढ़ में 30 मीटर, वाराणसी, बलिया, सोनभद्र और मुरादाबाद में दृश्यता 50 मीटर तक सिमट गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार से प्रदेश में धीमी पछुआ हवाएं चलेंगी। इनकी रफ्तार क्रमशः बढ़ेगी और पारे में गिरावट के साथ ही कोहरे का असर कम होगा।

# छमाही बैठक में पत्रकारों ने ली एकजुटता की शपथ



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन उत्तर प्रदेश की छमाही बैठक गोमती नगर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, पत्रकारों की समस्याओं व सामाजिक स्थिति पर चर्चा हुई। वरिष्ठ पत्रकार फरहान इराकी की माताजी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। एसोसियेशन के अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह ने कहा कि पत्रकारों को अपनी लड़ाई संगठित होकर लड़नी होगी और एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागिता करनी चाहिए। बैठक में आगामी जनवरी माह की बैठक की रूपरेखा भी तय की गई। इस अवसर पर रवि जायसवाल (उपाध्यक्ष), नरसिंह नारायण पांडे (कोषाध्यक्ष), विवेक विश्व पांडे (संरक्षक), अभिषेक सिंह (सचिव), सत्येंद्र शर्मा (मीडिया प्रभारी), विजय शंकर दुबे (उपसचिव), सौरभ निगम (सह मीडिया प्रभारी) सहित रंजीत सिंह, प्रवीण सिंह, सनी शाह, आनंद सिंह, बबलू, रोशनी सोनकर, प्रियंका निगम, पूर्णिमा सोनकर, निशांत सिंह, शेखर सिंह, अंकित गुप्ता, विशाल कुमार, नीरज कुमार आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# सपा मुखिया ने किया कैफी आजमी अकादमी का दौरा

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने निशातगंज स्थित कैफी आजमी अकादमी का दौरा किया। अखिलेश यादव के साथ पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधान परिषद सदस्य राजेंद्र चौधरी तथा महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी भी मौजूद रहे। लखनऊ में कैफी आजमी अकादमी मुख्य रूप से एक प्रेक्षागृह है, जो निशातगंज इलाके में है, जिसे वरिष्ठ शायर कैफी आजमी के नाम पर बनाया गया था और अब यह उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के तहत संचालित होता है। यह आडीटोरियम राजधानी में कला, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र है। अखिलेश यादव ने आज मैक्स अस्पताल जाकर पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविन्द चौधरी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव प्रीति तिवारी के निशातगंज स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने अखिलेश यादव का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# आदर्श कुष्ठ आश्रम में स्वेटर व फल वितरण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सेंट वारिस एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा रायबरेली रोड के सहयोग से एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड स्थित आदर्श कुष्ठ आश्रम में रहने वाले कुष्ठ रोगियों एवं उनके बच्चों को ऊनी स्वेटर व फल वितरित किए गए। सेंट वारिस पब्लिक स्कूल ने बताया कि यह कार्यक्रम संस्था के ध्येय 'निर्धन सेवा, नारायण सेवा ' की निरंतर कड़ी है। संस्था के अध्यक्ष अखिलेश सैनी ने बताया कि स्थापना वर्ष से ही संस्था निर्धन एवं असहाय लोगों की सेवा में निरंतर कार्य कर रही है, जिसमें महिलाओं व बच्चों को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने सेंट वारिस पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाओं ममता, विभा, रिया, स्वाती, ज्योतिमा, रिचा, आफरीन, साक्षी, अम्बे, सपना, नेहा मिश्रा एवं दीपक के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक राइन गारमेंट के उमर भाई को विशेष साधुवाद दिया गया। अंत में सभी उपस्थितजनों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

# अर्थव्यवस्था पर सरकार के आंकड़े और दावे झूठे : अखिलेश



**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अब तक के इतिहास में डॉलर के मुकाबले रुपये का सबसे ज़्यादा कमजोर होने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ये दिखाता है कि अर्थव्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे सारे आँकड़े और दावे पूरी तरह से झूठे और मनगढ़त हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई इस बात को नकार भी नहीं सकते हैं कि ये बेहद कमजोर और नाकाम सरकार की वजह से हो रहा है क्योंकि रुपया गिरने और सरकार के बीच के अनूठे आर्थिक सिद्धांत का अनोखा फार्मूला भाजपा की ही देन है। यादव ने कहा कि भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। रुपया डॉलर के मुकाबले लगता है गिरता जा रहा है। रुपए की गिरावट ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। महंगाई बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों से अर्थव्यवस्था तबाह हो रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी हर वर्ग परेशान है। भाजपा के झूठे वादों की पोल खुल चुकी है। भाजपा जाए, तो रुपया मजबूत हो जाए। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। हर तरह का अवैध और नकली चीजों का कारोबार हो रहा है। इस सरकार ने लोगों का जीवन संकट में डाला है। भाजपा माफियाओं के अवैध कारोबारों को संरक्षण दे रही है। यादव ने कहा कि भाजपा और माफिया एक दूसरे के पूरक है। भाजपा ने हर जिले में माफिया पैदा किया है। भाजपा संरक्षित माफियाओं से हर वर्ग के लोग दहशत में है। इन माफियाओं से अधिकारियों और कर्मचारियों में भी भय व्याप्त है। सत्ता के संरक्षण में जगह-जगह भू-माफियाओं का आतंक है तो कफ सिरप माफिया जनता की जान के साथ खेल रहे है। भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल है।

# चित्रांश महासभा मार्च में करेगा सनातन संगम

**स्वतंत्र भारत, संवाददाता लखनऊ।** अखिल भारतीय चित्रांश महासभा लखनऊ में 14 व 15 मार्च को विशाल सनातन संगम आयोजित करेगा। इसके सहारे सभी सनातनियों को एकजुट करने पर विचार किया जाएगा। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में यह फैसला किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बागेश्वर धाम के बाबा पं. धीरेंद्र शास्त्री, मंडलेश्वर सच्चिदानंद आदि को आमंत्रित किया जाएगा। यह जानकारी राष्ट्रीय प्रशासनिक सचिव राजन सक्सेना ने दी है।

# आईएससीएल-2025 : दूसरे दिन रहे रोमांचक मुकाबले




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस में आयोजित सात-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट लीग 'आई.एस.सी.एल.-2025' के दूसरे दिन कुल 8 मुकाबले खेले गये। डी.ए.वी. रिन्होस (नेपाल) ने कप्तान दीपक डुमरे की 131 रनों की आतिशी पारी से मैम्स एलाइट टाइगर्स (उत्तराखंड) को 125 रनों से हराया। धांगधी ड्रीमर्स (एस.पी.ए. नेपाल) ने किरन धामी की घातक गेंदबाजी (3 विकेट) के दम पर आर.सी.ए. सुपर स्टार्स (श्रीलंका) को 9 विकेट से पराजित किया। एस्टर नाइट (नोएडा) ने तेजिन्दर के 69 रनों की मदद से साउथ जोन टाइटंस (वेल्स तमिलनाडु) को 7 विकेट से हराया। बाल भवन लायन्स (दिल्ली) ने हैदराबादी नवाब (हैदराबाद) को 78 रनों से मात दी। अन्य मैचों में ग्लोबल माइटी (जी.बी. स्कूल, नेपाल), सी.एम.एस. स्टालियन, ओवरबर्ग इगल्स (दक्षिण अफ्रीका), एस.जी.वी.पी. ग्लेडिएटर्स (गुजरात), डी.ए.वी. सुपर किंग्स (अमृतसर), ऑस्ट्रेलियन ज्वायस (ऑस्ट्रेलिया) और डी.ई.वी. स्मैशर्स (बिहार) ने भी दमदार खेल दिखाया। सी.एम.एस. हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि लीग के मुकाबले 15 दिसम्बर को भी जारी रहेंगे।





# दो तिहाई बहुमत से यूपी में बनेगी सरकार : योगी

## मुख्यमंत्री ने किया नये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत, कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी यूपी के नए कैप्टन हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव में दो-तिहाई सीटों पर जीत हासिल करेगी। पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप नई गति के साथ सरकार व संगठन मिलकर विकसित यूपी के संकल्प को आगे बढ़ाएंगे। सीएम राम मनोहर लोहिया विधि विवि में नए प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के निर्वाचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं से कहा कि हर बूथ से फर्जी नाम पर आपत्ति दर्ज कराएं। नाम जोड़ने व काटने के लिए समय है। अभी तीन चौथाई मेहनत करेंगे तो चुनाव में सिर्फ एक चौथाई मेहनत ही करनी पड़ेगी। एसआईआर के जो प्रपत्र जमा नहीं हो पाए, युद्ध स्तर पर उन्हें जमा कराइए। योगी ने कहा कि साढ़े 8 वर्ष में यूपी में हम जो परिवर्तन करने में सफल हुए हैं वह पीएम मोदी के मार्गदर्शन और हर एक कार्यकर्ता की मेहनत का परिणाम है। यूपी को बीमारू राज्य से रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित किया। आज यूपी दंगा, माफिया व अपराधमुक्त होकर पर्यटन, निवेश के लिए देश के बेहतरीन राज्यों में शामिल है। हमने बिना भेदभाव पौने नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी। डेढ़ करोड़ से अधिक नौजवानों को परंपरागत उद्यम में नौकरी व रोजगार से जोड़ा। निवेश, सुरक्षा, कानून के राज से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजनाएं धरातल पर उतरीं। सीएम ने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी कार्यक्रम है। राजधानी में बने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल में जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी की 65-65 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमाओं को स्थापित किया गया है। संग्रहालय भी है। इसका उद्घाटन व रैली लखनऊ में होगी। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। कार्यकर्ताओं से कहा कि एसआईआर पूरा कराएं, फिर अयोध्या में रामलला और यहां राष्ट्र प्रेरणा स्थल का दर्शन कराएंगे।

## भाजपाइयों ने ढोल नगाड़े, आतिशबाजी के साथ मनाया जश्न



डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित होने के बाद भाजपा महानगर पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं का उमंग,उल्लास देखते बन रहा था। हर कोई एक दूसरे को बधाई देने के साथ ढोल नगाड़े,आतिशबाजी के साथ जश्न मनाना शुरु कर दिये। उत्साह और उमंग का माहौल कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरी जिम्मेदारी अनुशासन के साथ कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराया। प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने की आधिकारिक घोषणा के उपरांत भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी समेत अन्य पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों,मजीरों के साथ राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय परिसर में हर्षोल्लासपूर्वक जश्न मनाया। प्रदेश मुख्यालय पहुंचने पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ अपनी खुशी का इज़हार किया और नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर नीरज सिंह और आनंद द्विवेदी ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष से भेंट करके पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र भेंट करके स्वागत अभिनंदन किया और बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। नीरज सिंह ने कहा कि पंकज चौधरी वरिष्ठ और अनुभवी राजनेता हैं। उनके नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी उत्तर प्रदेश में बड़ी जीत हासिल करेगी। आनंद द्विवेदी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सात बार के सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री पार्टी के वरिष्ठ अनुभवी पंकज चौधरी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगी। पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और अभियानों को नई गति प्रदान करेगी। इस मौके पर मंडल पांच के अध्यक्ष संजय तिवारी, मंडल महामंत्री सीके वर्मा, ओपी तिवारी ने भी हर्ष व्यक्त किया।

## कार्यकर्ताओं के लिए लड़ूंगा और सुनूंगा : पंकज चौधरी

यूपी भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा है कि संगठन सर्वोपरि है और उसका हर आदेश मेरे लिए सर्वमान्य है। कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आपके लिए लड़ूंगा, सुनूंगा और मरूंगा। पंकज चौधरी ने कहा कि नेतृत्व का मतलब आदेश देना ही नहीं है बल्कि बात सुनना और समाधान देना भी नेतृत्व ही है। वह रविवार को प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता, कार्यालय, कार्यक्रम और कोष ही मूलमंत्र है। कार्यालय हम सभी के लिए तीर्थ समान है। कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी के विचार जनता तक पहुंचते हैं और इन सबके लिए कोष की आवश्यकता होती है। उन्होंने उन्होंने कहा कि, प्रदेश भर के देवतुल्य कार्यकर्ताओं से प्राप्त अपूर्व स्नेह से वे गदगद और अभिभूत हूं। यह भाजपा में ही संभव है कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को भी इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिले। लखनऊ को भारत की राजनीति का केंद्र बिंदु भी माना जाता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व संभालते समय मैं रोमांचित, उत्साहित और गौरवान्वित हूं। उन्होंने जिम्मेदारी के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और संघ परिवार का आभार जताया।

# दो वर्षों से फाइलों में ही कैद रहा हरियाली और सुंदरीकरण

## जनेश्वर मिश्र पार्क के सामने बनना है लॉन, झाड़ियां जंगली घास से सौंदर्य प्रभावित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के दो

- एलडीए के दो उद्यान अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस

उद्यान अधिकारियों की लापरवाही सामने आने के बाद एलडीए सचिव ने जांच बैठा दी है। शहरी सुंदरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही को लेकर वीसी ने नाराजगी जताते हुये कहा कि किसी भी सूरत में कार्य में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

जनेश्वर मिश्र पार्क के सामने रेलवे लाइन के किनारे हरियाली और सुंदरीकरण का सपना दो वर्षों तक फाइलों में ही कैद रहा। एलडीए के दो उद्यान अधिकारी न तो लॉन विकसित करा पाए और न ही पौधरोपण का कोई ठोस प्रस्ताव तैयार किया। नतीजा यह रहा कि इलाके में झाड़ियां, जंगली घास और अव्यवस्था जस की तस बनी रही, जिससे पूरे क्षेत्र का सौंदर्य प्रभावित हुआ। दो वर्ष पहले ही इस संबंध में वीसी ने आदेश दिये थे। योजना के तहत गेट नंबर 6 से रेलवे अंडरपास तक और गेट नंबर 2 से दयाल पैराडाइज तक सड़क के मीडियन में पौधरोपण और बंधा रोड पर लॉन विकसित किया जाना था। इसके अलावा गेट नंबर 4 से गेट नंबर 6 तक मीडियन में हेज लगाने का कार्य भी प्रस्तावित था। उद्यान विभाग की निष्क्रियता ने कराई फजीहत, उद्यान विभाग की निष्क्रियता के कारण न केवल सुंदरीकरण ठप रहा, बल्कि जंगली घास और अव्यवस्थित हरियाली ने इलाके की छवि भी बिगाड़ दी। इससे एलडीए की फजीहत हुई। स्थानीय लोगों और राहगीरों के बीच भी इसे लेकर नाराजगी देखी जा रही थी। मामला संज्ञान में आया तो सख्त हुए उपाध्यक्ष मामला जब एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के संज्ञान में दोबारा आया तो उन्होंने कड़ा रुख अपनाया। वीसी के निर्देश पर प्राधिकरण सचिव विवेक श्रीवास्तव ने पूरे प्रकरण की समीक्षा कराई, जिसमें साफ तौर पर दोनों उद्यान अधिकारियों की लापरवाही सामने आई। जांच में यह भी पाया गया कि दो वर्षों में लॉन विकसित करने को लेकर न तो कोई ठोस कार्ययोजना बनाई गई और न ही प्रस्ताव तैयार कर आगे बढ़ाया गया। इसके बाद प्राधिकरण सचिव ने उद्यान निरीक्षक विमलेश और सीताराम के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी। दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनकी जवाबदेही तय की जा रही है। सचिव ने स्पष्ट किया है कि शहरी सुंदरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे बनेगा स्टार्टअप विकास का प्रमुख इंजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ ।** कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे के निर्माण के बाद यह मार्ग स्टार्टअप विकास का प्रमुख इंजन बनने जा रहा है। एक्सप्रेसवे के चालू होने के बाद लखनऊ नवाचार और उद्यमिता के एक बड़े केंद्र के रूप में स्थापित होगा। बेहतर कनेक्टिविटी और तेज आवागमन से यह पूरा क्षेत्र स्टार्टअप गतिविधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के चेयरमैन दीपक मैनी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में जिस गति से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, उससे स्टार्टअप और नवाचार को नई दिशा मिलेगी। एक्सप्रेस-वे बनने के बाद कानपुर और लखनऊ के बीच यात्रा समय 2 घंटे से घटकर कुछ मिनटों तक सीमित हो जाएगा। इससे स्टार्टअप्स के लिए बिजनेस मीटिंग, सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पहले से कहीं अधिक सुगम होंगे। यह मार्ग एक संभावित आर्थिक कॉरिडोर के रूप में उभरेगा जो

- नवाचार,उद्यमिता के एक बड़े केंद्र के रूप में स्थापित होगा

उद्योग शिक्षा और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। एक्सप्रेस-वे के चालू होने के बाद आईआईटी कानपुर और लखनऊ के प्रमुख शैक्षणिक और प्रबंधन संस्थानों के बीच सहयोग और मजबूत होने की संभावना है। डीप टेक आईओटी और उन्नत तकनीक आधारित स्टार्टअप के लिए संयुक्त कार्यक्रमों को गति मिलेगी। इससे नए उद्यमियों को मॅटरशिप निवेश और तकनीकी संसाधनों तक बेहतर पहुंच मिलेगी। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर के आसपास मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स आधारित क्लस्टर्स विकसित किए जाने की योजना है। भविष्य में इस क्षेत्र में आईटी पार्क, विशेष आर्थिक क्षेत्र और औद्योगिक नोड्स स्थापित होंगे। इससे टेक मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में स्टार्टअप्स को तेजी से विस्तार का अवसर मिलेगा।

# पीजीआई ने लाखों मरीजों को दिया जीवनदान : ब्रजेश पाठक

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि संजय गांधी पीजीआई न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में उच्चस्तरीय चिकित्सा, अनुसंधान एवं चिकित्सा शिक्षा का एक उत्कृष्ट केंद्र बनकर उभरा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एसजीपीजीआई ने अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, नवाचार आधारित शोध तथा

- डिप्टी सीएम ने 42वें स्थापना दिवस पर संस्थान की उपलब्धियों पर गर्व जताया

गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से लाखों मरीजों को नया जीवन दिया है।

वह रविवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के 42वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान भविष्य में भी चिकित्सा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा और जनसेवा के अपने दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाता रहेगा।

इस अवसर पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. अभिजात चंद्रकांत सेठ, संजय गांधी पीजीआई के निदेशक प्रो. राधाकृष्ण धीमन, संकाय अध्यक्ष प्रो. शालीन कुमार, डॉ. राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. सी.एम. सिंह, विशेष सचिव कृतिका शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे।

# केजीएमयू में गैर-शैक्षणिक स्थायी पदों में भर्ती का सत्यापन 22 से

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** केजीएमयू में गैर-शैक्षणिक स्थायी पदों पर भर्ती के लिए दस्तावेजों का सत्यापन 22 दिसंबर से होगा। संस्थान में 207 पदों के लिए भर्ती परीक्षा 14 नवंबर को हुई थी। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि अभ्यर्थी केजीएमयू की वेबसाइट पर जारी परीक्षा का रिजल्ट देख सकते हैं।

रेडियोलॉजी, फार्मासिस्ट, कंप्यूटर प्रोग्रामर और लाइब्रेरियन समेत दूसरे पदों की 14 नवंबर को परीक्षा हुई थी। इसका परिणाम 29 नवंबर को जारी किया गया था। 22 दिसंबर को टेक्नीशियन रेडियोलॉजी, टेक्निकल ऑफिसर ऑप्थोमलॉजी, टेक्निकल ऑफिसर ईएनटी व लाइब्रेरियन का दस्तावेज सत्यापन होगा। जबकि 23 दिसंबर को टेक्नीशियन डायलेसिस, फार्मासिस्ट, ओटी असिस्टेंट व कंप्यूटर प्रोग्रामर का होगा। केजीएमयू में अल्ट्रासाउंड-गाइडेड रिजनल एनेस्थीसिया पर आधारित एडवांस कैडेवेरिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन सचिव डॉ. प्रेम राज सिंह ने कहा कि कैडेवेरिक कार्यशालाएं मौजूदा समय में अत्यंत जरूरी हैं। इससे रेजिडेंट डॉक्टरों को सुरक्षित वातावरण में रिजनल एनेस्थीसिया की प्रक्रियाएं सीखने का अवसर मिलता है। कैडैवर आधारित प्रशिक्षण से एनाटॉमी की स्पष्ट समझ विकसित होती है। जटिलताओं की संभावना कम होती है। रोगी-सुरक्षा एवं दर्द प्रबंधन की गुणवत्ता में सुधार होता है। विशेषज्ञों ने रेजिडेंट को कैडेवर पर प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया। इसमें रिजनल एनेस्थीसिया की विभिन्न प्रक्रियाओं, सुरक्षित तकनीकों तथा पेन मैनेजमेंट में इनके प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। केजीएमयू कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस मौके पर शरीर रचना विभाग के अध्यक्ष डॉ.. नवनीत चौहान एवं एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. मोनिका कोहली, डॉ. नील कमल एवं डॉ. आयुषी समेत देश भर से आए डॉक्टर शामिल हुए।

# महानिदेशक परिवार कल्याण ने सीएचसी व पीएचसी का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक परिवार कल्याण ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोजनीनगर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पोलियो बूथ, न्यूबोर्न स्टेबिलाइजिंग यूनिट (एनबीएसयू), आईपीडी, लेबर रूम सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात महानिदेशक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) चंद्रावल में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से बात की और मेले में आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह भी उपस्थित रहे।

सीएचसी पर महानिदेशक ने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया 7 इसके साथ ही सभी उपकरणों को क्रियाशील रखने, जरूरी सूचनाओं को सीएचसी अपर चस्पा करने, एनबीएसयू में एडमिशन बढ़ाने, प्रसव के अलावा अन्य मरीजों और पीडियाट्रिक मरीजों की भर्ती करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य योजनाओं सम्बन्धी प्रचार प्रसार सामग्री, फ्लेक्स आदि को सीएचसी पर चस्पा किया जाये। एआरवी एवं एंटी वेनम वैक्सीन की 24 घंटे प्रचुर मात्रा में उपलब्धता, इसेंशियल ड्रग लिस्ट को अपडेट करने और जन औषधि केंद्र के सफल सञ्चालन के भी निर्देश दिए। महानिदेशक ने कहा कि प्रदेश सरकार मातृ स्वास्थ्य, शिशु एवं बाल स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और उन्हें आमजन तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है, जिससे कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी समय से और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से आह्वान किया कि वे स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे अधिक से अधिक लोग इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य केन्द्रों पर आने वाले लोगों के साथ संतुलित व्यवहार करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने बताया कि जनपद की सभी पीएचसी पर आयोजित मुख्यमंत्री जनआरोग्य स्वास्थ्य मेलों में कुल 4747 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जिनमें 1812 पुरुष, 2176 महिलाएं एवं 759 बच्चे शामिल थे।

# कफ सिरप मामले में मास्टरमाइंड कौन?

### नजरिया

कोडीन युक्त कफ सिरप को इन दिनों सड़क से सदन तक खूब चर्चा हो रही है। हो भी क्यों न, राजस्थान और मध्य प्रदेश में इस जहरीली सिरप को पीने से मौत हो गई। जब इसकी जांच पड़ताल शुरू हुई तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। इसी सिरप को लेकर अब तक केवल यूपी के 52 जिलों में 332 ठिकानों पर छापेमारी हुई। जिसे लेकर 132 मुकदमे भी दर्ज हुए, कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई। साथ ही इस सिरप की लाखों शीशी कई जिलों में बरामद हुई। इन दवाओं का कारोबार यूपी सहित कई राज्यों के साथ ही नेपाल एवं बांग्लादेश तक पहुंच गया था। सवाल यह है कि अरबों के इस सिंडिकेट का मास्टर माइंड कौन है। जांच एजेंसियां वाराणसी के जिसे मुख्य आरोपी बता रही है उसने ही विदेश से वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया है।

इस मामले एक और आरोपी के संबंध पूर्वांचल के दबंग नेता से बताए जा रहे हैं। उन्होंने भी मीडिया के समक्ष खुद को बेगुनाह बताते हुए एक पूर्व मुख्य मंत्री पर हमला बोला। इस मामले को लेकर सियासी आरोप प्रत्यारोप तेज हो गए है। इस सिरप को लेकर केजीएमयू के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जेडी रावत का कहना है कि मानक के विपरीत हानिकारक केमिकलों का प्रयोग किया गया, जिससे बच्चों की किडनी गुर्दा खराब होने से मौत हो गई। यह सब अधिक मुनाफा कमाने के लिए किया गया। कोई भी दावा ब्रांडेड कंपनी की ही डॉक्टर को लिखना और रोगी को खरीदना चाहिए। इस तरह के मौत के सौदागरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार जांच के आधार पर कर भी रही है। वहीं बीजेपी विधायक ओम प्रकाश सिंह का कहना है कि इस सिंडिकेट में अधिकारी भी कम दोषी नहीं है, इसलिए इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करा के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस घटना लोग इतना डर गए है कि वो खासी की दवा तक जल्दी नहीं खरीद रहे है। घरेलू नुस्खे से खासी ठीक करने की कोशिश कर रहे है। बहरहाल इस सिंडिकेट के मास्टर माइंड तक जांच एजेंसियां पहुंच पाती है या नहीं ये भविष्य के गर्भ में है।

**– राजेश सिंह**

# भाजपा की राष्ट्रीय परिषद में पीएम मोदी व सीएम योगी शामिल

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की सूची भी जारी कर दी गई। इस परिषद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,

- 120 सदस्यों की जारी की गई सूची

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य सहित 120 सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा उन्नाव चौधरी भूपेंद्र सिंह, मुरादाबाद स्मृति ईरानी, सुल्तानपुर डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, वाराणसी सूर्य प्रताप शाही, देवरिया स्वतंत्र देव सिंह, बांदा डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, गोरखपुर सुरेश कुमार खन्ना, शाहजहांपुर दारा सिंह चौहान, आजमगढ़ साध्वी निरंजन ज्योति, फतेहपुर विनोद सोनकर, कौशांबी रामशंकर कठेरिया, इटावा डॉ. महेंद्र सिंह, प्रतापगढ़ हरीश द्विवेदी, बस्ती कौशल किशोर, लखनऊ प्रियंका रावत, बाराबंकी रमापति शास्त्री, गोंडा ब्रजबहादुर, अलीगढ़ राघव लखनपाल, सहारनपुर मृगांका सिंह, शामली डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, मुजफ्फरनगर महेंद्र धनौरिया, बिजनौर डॉ. यशवंत सिंह, बिजनौर राकेश सिंह, मुरादाबाद सुभाष भटनागर, रामपुर परमेश्वर लाल सैनी, संभल ऋषि पाल नागर, अमरोहा अरुण वशिष्ठ, मेरठ सुदेश चौहान, बागपत लज्जा रानी गर्ग, हापुड़ हरीश चंद्र भाटी, गौतमबुद्धनगर सतीश बाल्मीकि, बुलंदशहर आशुतोष वार्ष्णेय, अलीगढ डीपी गोयल, मथुरा प्रभुदयाल कठेरिया, आगरा अशोक राणा, आगरा नानक चंद्र अग्रवाल, फिरोजाबाद प्रेम सिंह शाक्य आदि को शामिल किया है।

# बिल होल्ड होने से ओटीएस में रजिस्ट्रेशन नहीं करा पा रहे उपभोक्ता

## तकनीकी सिस्टम ने इन उपभोक्ताओं के बिजली के बिल को ऑटोमैटिक किया होल्ड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ ।** मध्यांचल विद्युत निगम के 28 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को इन दिनों ऑनलाइन समस्या का सामना करना पड़ रहा है। निगम के तकनीकी सिस्टम ने इन

- 28 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ता ऑनलाइन समस्या से परेशान

उपभोक्ताओं के बिजली के बिल को ऑटोमैटिक होल्ड कर दिया है। यह होल्ड इसलिए किया गया है क्योंकि सिस्टम ने पाया कि इन उपभोक्ताओं के बिल की राशि अचानक काफी अधिक आ गई है। इस तकनीकी बाधा के कारण उपभोक्ता न तो ऑनलाइन पोर्टल पर अपना बिल खोल पा रहे हैं और नहीं ही मोबाइल ऐप के जरिए भुगतान कर पा रहे हैं। यह, समस्या लखनऊ सेंट्रल, अमौसी, जानकीपुरम, गोमती नगर समेत मध्यांचल के सभी जोन के उपभोक्ताओं को प्रभावित कर रही है। भुगतान और ओटीएस रजिस्ट्रेशन में बाधा ऑनलाइन बिल नहीं खुल पाने के कारण उपभोक्ताओं पर बकाया जमा होने का खतरा मंडरा रहा है। यह समस्या उन उपभोक्ताओं के लिए और भी बड़ी परेशानी बन गई है जो ओटीएस का लाभ उठाना चाहते हैं। डालीबाग निवासी जफर नवी दो किलोवाट (खाता सं 6800170000) और जैतीखेड़ा निवासी नन्हा (खाता से. 7184838000) का भी बिल होल्ड कर दिया गया। उन्होंने उपकेंद्र पर कर्मचारियों से पूछताछ की तो पता चला कि बिल ऑटोमैटिक होल्ड हो गया। इस तकनीकी समस्या ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। उत्तर प्रदेश अपना व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी अजय यादव ने बताया कि बिल होल्ड होने के कारण उपभोक्ता ओटीएस में रजिस्ट्रेशन नहीं करा पा रहे हैं। परेशान उपभोक्ता कर रहे लगातार शिकायतें बिल होल्ड होने से परेशान उपभोक्ता लगातार प्रभावी समाधान नहीं हो पाया है। वहीं विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिलों को होल्ड करने का कारण यह है कि सिस्टम ने पाया कि पिछले बिलों की तुलना में इन उपभोक्ताओं के वर्तमान बिलों में अचानक बड़ी वृद्धि हुई है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के करीब 28 हजार उपभोक्ताओं के बिल ऑटोमैटिक लॉक हो गया है। योगेश कुमार निदेशक (वाणिज्य) मध्यांचल निगम ने निर्देश दिए गये हैं कि जल्द से जल्द बिल को दुरुस्त कर उपभोक्ताओं को मैसेज भेजें, जिससे बिल जमा कर सकें।

**इन लोगों की आई समस्या–**

राजधानी के पारा निवासी अब्दुल स्चीद के परिसर पर दो किलोवाट (खाता सं.8776215546) घरेलू कनेक्शन है। उन्होंने वेबसाइट पर बिल भुगतान की कोशिश की तो बिल नहीं खुला। विभागीय सिस्टम द्वारा ऑटोमैटिक बिल होल्ड कर दिया गया। इसी क्रम में मोहिनीपुरवा निवासी कनौसी लाल के यहां भी दो किलोवाट घरेलू कनेक्शन (खाता सं 6064960000) है। बिल भुगतान के लिए वेबसाइट पर गये तो बिल नहीं खुला। कर्मचारियों ने बताया कि बिल होल्ड हो गया है। वहीं सीजी सिटी निवासी सुरेंद्र कुमार का तीन किलोवाट (खाता सं.8713684708) घरेलू कनेक्शन है। उन्होंने बिल जमा करने के लिए मोबाइल ऐप खोला तो बिल नहीं दिखाई दिया। 1912 पर पूछताछ पर पता चला कि बिल होल्ड हो गया है।



# स्मार्ट मीटर के नाम पर उत्तर प्रदेश की जनता से खुली लूट

## आम आदमी पार्टी सड़क से संसद और जरूरत पड़ी तो न्यायालय तक लड़ेगी लड़ाई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार पर स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से खुली लूट करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार का यह फैसला पूरी तरह जनविरोधी है और इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 की धारा 55 का खुला उल्लंघन है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उपभोक्ता की सहमति के बिना किसी भी घर में मीटर नहीं लगाया जा सकता। इसके बावजूद सरकार जबरन स्मार्ट मीटर थोप रही है, जिसे आम आदमी पार्टी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगी।संजय सिंह ने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर लाखों उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2018 में जब 2G स्मार्ट मीटर लगाए गए थे, तब भी जनता ने इसका विरोध किया था क्योंकि ये मीटर 15 से 20 प्रतिशत तक तेज चलते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पहले किसी उपभोक्ता का बिजली बिल 2000 रुपये आता था, तो स्मार्ट मीटर लगने के बाद वही बिल 2400 से 2500 रुपये तक पहुंच गया। इस कारण जनता में भारी आक्रोश, नाराजगी और गुस्सा है, जिसे सरकार नजरअंदाज कर रही है।आप सांसद ने बताया कि वर्ष 2018 में 2G स्मार्ट मीटर लगाने के लिए आठ साल का कॉन्ट्रैक्ट किया गया था, जिसके तहत करीब 12 लाख घरों में मीटर लगाए गए और 40 लाख घरों में मीटर लगाने का लक्ष्य तय किया गया था। अब अचानक बिजली विभाग ने तुगलकी फरमान जारी कर दिया है कि 2G मीटर हटाकर 4G मीटर लगाए जाएंगे।




संजय सिंह ने सवाल उठाया कि जब 4G मीटर ही लगाने थे, तो 2018 में 2 प्रति. मीटर क्यों लगाए गए। उन्होंने कहा कि इस पूरे खेल में जनता की गाढ़ी कमाई के 959 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जिसका हिसाब सरकार को देना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने स्मार्ट मीटर का टेंडर 8415 रुपये प्रति मीटर के हिसाब से किया, जबकि वास्तविक रूप से मीटर 6016 रुपये में लगाए जा रहे हैं। संजय सिंह ने कहा कि यह सीधा-सीधा घोटाला है और इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी मनमर्जी से जनता को लूटने का काम कर रही है और 959 करोड़ रुपये का हिसाब उत्तर प्रदेश की जनता मांग रही है।संजय सिंह ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर प्रणाली को आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ा संकट बताया। उन्होंने कहा कि जैसे ही मीटर में रिचार्ज की राशि खत्म होगी, बिजली तुरंत काट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में जब बच्चे परेशान होंगे, बुजुर्ग बीमार होंगे, तब भी बिजली बंद कर दी जाएगी क्योंकि सरकार ने प्रीपेड सिस्टम थोप दिया है, जो पूरी तरह अमानवीय है।उन्होंने सरकार की नई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए, जिसमें समय के हिसाब से बिजली दर तय करने की बात कही जा रही है। संजय सिंह ने कहा कि अब सरकार पीक आवर में महंगी और नॉन-पीक आवर में सस्ती बिजली देने की बात कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि पहले बिजली की दर यूनिट के हिसाब से तय होती थी, अब सरकार घड़ी के हिसाब से दरें क्यों तय कर रही है। उन्होंने इसे गरीब और मध्यम वर्ग को गर्मी के महीनों में तबाह करने की साजिश बताया।आप सांसद ने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा साफ है कि जनता से अधिक से अधिक पैसा वसूला जाए और निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जून-जुलाई के महीनों में बिजली की दरें 40 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच गईं, तो जनता के पैसे बिना जानकारी के कटते रहेंगे और लोग मजबूर होकर यह लूट सहते रहेंगे।संजय सिंह ने दोहराया कि स्मार्ट मीटर योजना इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 की धारा 55 के खिलाफ है और उपभोक्ता की सहमति के बिना मीटर लगाना असंवैधानिक और गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ सड़क से लेकर संसद और जरूरत पड़ी तो न्यायालय तक लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि 959 करोड़ रुपये के इस कथित घोटाले की तत्काल जांच कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो।प्रेस वार्ता के अंत में संजय सिंह ने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते इस फैसले को वापस नहीं लिया और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, तो आम आदमी पार्टी पूरे उत्तर प्रदेश में व्यापक आंदोलन करेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश की जनता से बिजली के नाम पर हो रही इस लूट को किसी भी कीमत पर होने नहीं देगी।

## महर्षि वाल्मीकि सुदर्शन धर्मशाला का शिलान्यास, सामाजिक और शैक्षिक विकास का बनेगा केंद्र : ए.के. शर्मा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कानपुर नगर के रायपुरवा क्षेत्र में निर्माणाधीन महर्षि वाल्मीकि सुदर्शन धर्मशाला भवन का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। यह भवन हरिजन सहायक समिति द्वारा निर्मित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों सहित समस्त समाज के शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को सशक्त आधार प्रदान करना है।शिलान्यास अवसर पर मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक भवन समाज में एकता, समरसता और सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जैसे महान ऋषि और समाज सुधारक के नाम पर बनने वाला यह भवन सामाजिक नवनिर्माण का सशक्त माध्यम बनेगा और समाज को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि भवन के पूर्ण होने के बाद यहां विवाह एवं अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे, वहीं विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग, मार्गदर्शन कक्षाएं और शैक्षिक गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। इससे समाज के प्रतिभावान युवक-युवतियों को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिलेंगे और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।मंत्री ने कहा कि शिक्षा और संस्कार किसी भी समाज की प्रगति की मजबूत नींव होते हैं। इस भवन के माध्यम से संचालित होने वाली शैक्षिक गतिविधियां समाज के होनहार बालक-बालिकाओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगी और वे प्रदेश व देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे। उन्होंने विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई द्वारा भवन निर्माण के लिए प्रदान की गई 25 लाख रुपये की सहयोग राशि की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का ऐसा योगदान समाज सेवा की भावना को और सुदृढ़ करता है।ए.के. शर्मा ने हरिजन सहायक समिति के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के लिए इस तरह की पहल प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सर्वसमावेशी विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और समाज के प्रत्येक वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस प्रकार के सामाजिक भवन सामाजिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामूहिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।मंत्री ने भवन निर्माण से जुड़े सभी पदाधिकारियों, समाजसेवियों और कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि यह भवन आने वाले समय में समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा और सामाजिक सद्भाव को और अधिक मजबूत करेगा। इस अवसर पर कानपुर नगर की मेयर प्रमिला पांडेय और महिला कल्याण एवं बाल विकास, पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला भी उपस्थित रहीं।

## लापता बालक का शव आलू के खेत में मिला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** फर्रुखाबाद जिले के थाना जहानगंज क्षेत्र से पिछले पांच दिन से लापता बालक का शव रविवार को आलू के खेत में पड़ा मिला। समझा जाता है कि बालक की हत्या कर उसका शव यहां फेंका गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक कोरीखेड़ा निवासी चन्द्रप्रकाश गुप्ता ने अपने पुत्र आशुतोष (10) की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों के अनुसार पिछले बुधवार 10 नवम्बर की शाम लगभग 5:30 बजे आशुतोष घर से बिना बताए बाहर निकला और फिर वापस नहीं लौटा। देर शाम तक उसकी कोई खबर न मिलने पर परिवार के लोग चिंतित हो गए। ग्रामीणों के साथ मिलकर सम्भावित स्थानों पर खोज की। बालक का कोई पता नहीं चल सका। पिछले दिन सीसी टीवी भी पुलिस ने खंगाले। कन्नौज की डॉग स्क्वाड से भी कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस के मुताबिक रविवार को ग्राम कोरीखेड़ा निवासी रामस्वार्थ के खेत में गांव के कोटेदार पवन राजपूत पानी लगाने गये तो एक बालक का कोट पड़ा देखा, जिस पर पवन ने लापता बालक आशुतोष के चाचा आदेश को सूचना दी। सूचना पर लापता आशुतोष के परिजन पंहुचे। उन्होंने आशुतोष के कोट को पहचान लिया, जिसके बाद मौके पर भीड़ लग गयी। खोजबीन में आशुतोष का शव भरतामऊ झंसी मार्ग पर रंजीत शाक्य के आलू के खेत में पड़ा मिला। थाना प्रभारी राजेश राय पुलिस बल के साथ मौके पर आ गये । पुलिस ने जांच शुरू की। घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि घटना का खुलासा अतिशीघ्र कर दिया जाएगा।

## बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धि

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ

### सांस से डायबिटीज पहचानने वाला नया पेपर-आधारित सेंसर विकसित

के भौतिक विज्ञान विभाग में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि सामने आई है। विभाग की डॉ. मोनू गुप्ता ने प्रो. बी. सी. यादव के मार्गदर्शन में एक नवीन पेपर-आधारित सेंसर विकसित किया है, जो मानव श्वास में मौजूद एसीटोन का अत्यंत संवेदनशीलता के साथ पता लगाने में सक्षम है। एसीटोन को डायबिटीज और अन्य मेटाबॉलिक विकारों का एक मान्यता प्राप्त बायोमार्कर माना जाता है, ऐसे में यह शोधकार्य गैर-इनवेसिव तरीके से स्वास्थ्य निगरानी की दिशा में एक बड़ी प्रगति के रूप में देखा जा रहा है।इस अभिनव शोध को अमेरिकन केमिकल सोसाइटी द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल Applied Engineering Materials में प्रकाशन के लिए स्वीकार किया गया है, जिससे विश्वविद्यालय और शोध टीम की वैज्ञानिक क्षमता को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है।

यह उपलब्धि न केवल अकादमिक जगत के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी इसके व्यापक उपयोग की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं।शोध के तहत विकसित यह सेंसर मोलिब्डेनम ट्राइऑक्साइड (MoO3) और Nb2CT& MXene के विशिष्ट नैनोकॉम्पोज़िट संयोजन पर आधारित है। यह संयोजन कम सांद्रता पर भी एसीटोन के प्रति उच्च संवेदनशीलता और बेहतर चयनात्मकता प्रदर्शित करता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इसकी मदद से सांस के विश्लेषण द्वारा डायबिटिक स्थिति की निगरानी संभव हो सकती है, जिससे बार-बार रक्त जांच जैसी पारंपरिक और कष्टप्रद प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम हो सकती है।यह सेंसर कम लागत, पोर्टेबल और उपयोग में सरल होने के साथ-साथ पर्यावरणीय नमूनों तथा मानव श्वास दोनों में एसीटोन का पता लगाने में सक्षम हो सकता है।

कम पीपीएम स्तर पर एसीटोन की पहचान करने की इसकी क्षमता इसे नियमित ब्रीथ-बेस्ड मॉनिटरिंग के लिए विशेष रूप से उपयोगी बनाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में यह तकनीक डायबिटीज के साथ-साथ अन्य मेटाबॉलिक विकारों की प्रारंभिक पहचान और निरंतर निगरानी में अहम भूमिका निभा सकती है।इस उल्लेखनीय शोध उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने पूरी शोध टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और इसे विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अनुसंधान न केवल संस्थान की अकादमिक प्रतिष्ठा को बढ़ाते हैं, बल्कि समाज के लिए भी उपयोगी समाधान प्रस्तुत करते हैं। इस अवसर पर भौतिक विज्ञान विभाग के शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भी डॉ. मोनू गुप्ता एवं उनके मार्गदर्शक को उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ललित कला अकादमी में हिमालय विषयक आमंत्रित कला प्रदर्शनी का शुभारम्भ आज से

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, उत्तर प्रदेश जयवीर सिंह के नेतृत्व और सतत मार्गदर्शन में प्रदेश में ललित कलाओं के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी प्रयास के तहत राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश (संस्कृति विभाग) द्वारा 15 दिसम्बर, 2025 से तीन दिवसीय आमंत्रित कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का शुभारम्भ अपराह्न 3:00 बजे अकादमी के लाल बारादरी भवन, लखनऊ में होगा।इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में स्वांत रंजन तथा राष्ट्रीय पालक अधिकारी, संस्कार भारती की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रदर्शनी में आमंत्रित कलाकार के रूप में वाराणसी के श्री हरि दर्शन सांख्य अपनी चयनित कलाकृतियाँ प्रस्तुत करेंगे। प्रदर्शित कलाकृतियाँ 'हिमालय- आध्यात्मिकता का पावन मौन' विषय पर आधारित होंगी, जिनमें हिमालय की दिव्यता, साधना, नीरवता और आध्यात्मिक चेतना को सशक्त कलात्मक अभिव्यक्ति प्रदान की गई है।संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की स्पष्ट दृष्टि रही है कि प्रदेश की समृद्ध कला परंपरा को समकालीन संवेदनाओं के साथ जोड़ते हुए कलाकारों को सशक्त और सम्मानजनक मंच उपलब्ध कराया जाए। राज्य ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित इस प्रकार की आमंत्रित कला प्रदर्शनियाँ न केवल कलाकारों को पहचान देती हैं, बल्कि कला-संवाद और सांस्कृतिक संवाद को भी प्रोत्साहित करती हैं।राज्य ललित कला अकादमी के निदेशक अमित कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदर्शनी में 15 से 17 दिसम्बर तक प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक कला-प्रेमियों और आम नागरिकों के अवलोकनार्थ खुले रहेंगे। अकादमी ने कला-प्रेमियों, कलाकारों, शोधार्थियों एवं आम नागरिकों से प्रदर्शनी में सक्रिय भागीदारी कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। यह प्रदर्शनी प्रदेश के युवा कलाकारों को सृजन और नवाचार के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ कला और समाज के बीच सार्थक संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगी।

## असलहा फैक्ट्री चलाने वाले मुठभेड़ में गिरफ्तार, 25 असलहे बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** अलीगढ़ जिले में अवैध असलहा फैक्ट्री चलाने वाले दो तस्करों को मुठभेड़ में शनिवार की रात बकेवर थाना क्षेत्र में पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपितो के पास पिस्टल, रिवाल्वर समेत 25 निर्मित व अर्धनिर्मित असलहे बरामद किए गए हैं दोनों के खिलाफ पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार रात थाना बकेवर पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम को सूचना मिली कि ग्राम इकनौर तिराहे के पास स्थित जंगल में कुछ अपराधी एकत्र होकर असलहे बना रहे हैं। सूचना को सही मानते हुए टीम ने जंगल में आरोपियों की घेराबंदी कर सरेंडर करने की बात कही उसी दौरान पुलिस टीम पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में आरोपी सज्जन सिंह (46) निवासी सराय चोरी थाना भरथना के बाएं पैर में व आरोपी अभिषेक (21) निवासी निवाड़ी कला थाना बकेवर के दाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गये। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि फरार आरोपी का नाम मुकेश कुमार निवासी नगला मोढादेव थाना भरथना बताया है। आरोपियों के कब्जे से 14 तमंचे 315 बोर, तीन तमंचे अधबने, एक तमंचा 12 बोर, एक अधिया 315 बोर, एक बंदूक 12 बोर, एक देसी रिवाल्वर, एक रिवाल्वर 32 बोर (अर्धनिर्मित), तीन अवैध पिस्टल 32 बोर, दो कारतूस 315 बोर, तीन कारतूस 5.56 एमएम बोर, तीन खोखे 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस 315 बोर, तीन खोखा कारतूस 315 बोर, दो अवैध कारतूस 9 एमएम, दो एंड्राइड मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल, एक बाइक चोरी की व शस्त्र बनाने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। आरोपी सज्जन सिंह के खिलाफ भरथना में दो, कासगंज के थाना पटियाली थाने में एक, थाना सेन पश्चिम जनपद कमिश्नरेट कानपुर में एक प्राथमिकी पहले से दर्ज है। अभिषेक के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज हैं।

## अवध प्रान्त संगोष्ठी में वक्ताओं ने रखे विचार




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, अवध प्रांत द्वारा ''संघ साहित्य समग्र चिन्तन प्रवाह'' विषयक चार सत्रीय संगोष्ठी एवं अभिनन्दन समारोह बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि डॉ. पवनपुत्र बादल ने संघ साहित्य पर विमर्श और भ्रांतियों को दूर करने पर जोर दिया। संगोष्ठी में डॉ. कुमार तरल, राजीव वर्मा वत्सल, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, विजय त्रिपाठी, डॉ. बलजीत कुमार श्रीवास्तव, आदर्श सिंह, प्रो. रीता तिवारी, डॉ. सुनील शुक्ला, प्रो. नीतू शर्मा, पद्मनाभ पाण्डेय, प्रो. एल.के. सिंह, रमेश तिवारी, डॉ. सत्यप्रकाश तिवारी, डॉ. महेन्द्र सिंह, आदर्श द्विवेदी, सर्वेश पाण्डेय, शिवमंगल सिंह मंगल, मनमोहन बाराकोटी, डॉ. एस.के. गोपाल, डॉ. कुमुद पाण्डेय, सुशील वर्मा, ममता पंकज, डॉ. रश्मि शील, ज्योति किरन रतन, निर्भय नारायण गुप्ता, राधाकृष्ण पाठक, गुलाब जायसवाल, विनय दीक्षित, सतीश कुमार, कृष्णा सिंह सहित विद्वान और शोधार्थी उपस्थित रहे।

## निर्धन परिवारों को बांटे कंबल



**स्वतंत्र भारत निलमथा।** शीतकाल के आगमन पर मिर्जापुर ग्राम में निर्धन परिवारों को 100 कंबल वितरित किए वी हेल्थ ग्रुप ने। इस दौरान समाजसेवी राजीव कपूर, के.के. गुप्ता, निरंकार नाथ रस्तोगी और अनुपम वैष्णव ने लाभार्थियों को कंबल देते हुए ठंड से सुरक्षा सुनिश्चित की। समूह की यह पहल सामाजिक कल्याण और मानवीय सेवा में उनकी सक्रिय भूमिका को दर्शाती है।

## मां ने बेटे को फटकारा, घर से भागा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में रहने वाली एक मां ने

### -लखनऊ से १२०० किमी दूर अहमदाबाद में मिला, सीसीटीवी फुटेज में साइकिल से जाते दिखा

कभी सोंचा भी नहीं होगा कि उसकी आंखों का तारा 11 वर्षीय बेटा उसकी डांट से नाराज होकर घर से भाग गया। वह घर से साइकिल से निकला, लेकिन 3 दिन बाद पुलिस ने गुजरात के अहमदाबाद से उसे सकुशल बरामद कर लिया है। लखनऊ कमिश्नरेट की पुलिस टीम परिजनों को साथ लेकर अहमदाबाद गई है। पुलिस के मुताबिक इंदिरानगर के पटेल नगर निवासी बृजेश कुमार सुमन अध्यापक हैं। उनका बेटा रानी लक्ष्मी बाई स्कूल सेक्टर-8 में छठवीं में पढ़ता है।10 दिसंबर को स्कूल से आने के बाद मां ने उसे किसी बात पर डांट दिया। इससे नाराज होकर वह साइकिल लेकर बाहर चला गया। घरवालों को नहीं पता था कि वह घर से भागने जा रहा है वह देर शाम तक घर नहीं आया तो घरवालों ने उसे ढूंढना शुरू किया। उसके बाद गाजीपुर थाने में जाकर पुलिस को सूचना दी कि उनका लड़का कहीं चला गया है। उसे ढूंढवाने में मदद की जाए। पिता बृजेश सुमन ने पुलिस को दी सूचना में बच्चे का हुलिया, कपड़े आदि बताए। उसी के आधार पर लखनऊ पुलिस ने शहर और आसपास ढूंढना शुरू किया। पुलिस ने आसपास के थानों और जिलों में लड़के का विवरण भेजा नेशनल पोर्टल ऑफ इंडिया पुलिस और उससे जुड़े ट्रैक चाइल्ड पोर्टल पर सूचना शेयर की। लड़का अहमदाबाद पहुंच गया था अहमदाबाद पुलिस ने उसे बरामद किया और नेशनल पोर्टल ऑफ इंडिया पुलिस से उसका विवरण लेकर लखनऊ पुलिस से संपर्क किया। 13 दिसंबर की सुबह करीब 9 बजे अहमदाबाद पुलिस ने लखनऊ पुलिस को बच्चे के मिलने की सूचना दी। लखनऊ पुलिस की एक टीम लड़के के घरवालों को लेकर अहमदाबाद निकल गई है। लड़का 10 तारीख को दोपहर 3 बजे घर से निकला था। गाजीपुर इंस्पेक्टर राजेश मौर्य ने बताया कि बच्चा सकुशल मिल गया है। पुलिस टीम उसे लेने गई है पूछताछ में पता चलेगा कि वह लखनऊ से अहमदाबाद कैसे पहुंच गया?

## यूपीएसटीडीसी ने दुधवा नेशनल पार्क के लिए पेश किए विशेष बजट टूर पैकेज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** दुधवा नेशनल पार्क की हरियाली, रोमांचक जंगल सफारी

### पर्यटक अब सस्ते और आसान तरीके से जंगल सफारी का अनुभव ले सकेंगे

और दुर्लभ वन्य जीवों की झलक अब पर्यटकों के लिए पहले से अधिक किफायती और सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध होगी। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने इसके लिए सैलानियों, परिवारों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक रात और दो दिन के पांच विशेष बजट पैकेज तैयार किए हैं।यह जानकारी उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। मंत्री जयवीर सिंह ने



बताया कि यूपीएसटीडीसी के ये टूर पैकेज पर्यटकों को दुधवा नेशनल पार्क की जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य का करीब से अनुभव करने का अवसर प्रदान करेंगे। ये पैकेज इको टूरिज्म, जंगल सफारी और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देंगे। राजधानी लखनऊ के होटल गोमती से 15 दिसंबर 2025 से शुरू होने वाले ये पैकेज यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट से बुक किए जा सकेंगे। यूपीएसटीडीसी द्वारा तैयार दुधवा बजट पैकेज में अधिकतम आठ पर्यटकों को ध्यान में रखकर टेम्पो ट्रैवलर से यात्रा कराई जाएगी। प्रति व्यक्ति किराया 6,175 रुपए (5 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त) है। पैकेज के तहत पहले दिन सुबह 08 बजे लखनऊ से दुधवा के लिए रवाना होंगे, दोपहर में होटल पहुंचकर लंच और रात में रात्रि भोजन के बाद आराम करेंगे। दूसरे दिन सुबह 06:00 से 10:00 बजे तक जंगल सफारी का आनंद लिया जाएगा और तत्पश्चात लखनऊ के लिए प्रस्थान किया जाएगा।इसके अलावा स्टैंडर्ड जंगल सफारी पैकेज, प्रीमियम वाइल्ड लाइफ एक्सपीरियंस पैकेज, छात्र समूहों के लिए विशेष पैकेज और अन्य बजट पैकेज भी तैयार किए गए हैं। प्रत्येक पैकेज में भोजन, अनुभवी गाइड, अलाव (बोनफायर), जंगल सफारी और पेयजल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यात्रा के दौरान पर्यटक होटल से केवल डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल के करीब ठहरेंगे, जिससे प्रकृति का अनुभव और भी करीब से लिया जा सकेगा। दुधवा नेशनल पार्क के ये पैकेज राज्य में इको टूरिज्म और वन्य जीवन पर्यटन को नई दिशा देंगे और स्थानीय रोजगार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सतत पर्यटन को भी मजबूती प्रदान करेंगे।

स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

**NOTICE**

I, No.15791681X NK Mukesh Kumar resident of Chakkanhau Puwayan Shahjahanpur (UP), I want to change my father's name from RAM BHAROSEY LAL to RAM BHAROSE in my service record.

सी.आर.-1995/ **D-25**

## द्वितीय विशाल किसान मेला सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत, सरोजिनी नगर।** इंडिया लिटरेसी बोर्ड, लखनऊ एवं इफको के संयुक्त तत्वावधान में किसान विद्यापीठ बिजनौर फार्म हाउस में द्वितीय विशाल किसान मेला आयोजित किया गया।

मेले का उद्घाटन रविन्द्र (आईएएस), प्रमुख सचिव कृषि, उत्तर प्रदेश एवं संजय आर. भूसरेड्डी (आईएएस सेनि.), अध्यक्ष इंडिया लिटरेसी बोर्ड व ने किया। संध्या तिवारी आईएएस सेनि., निदेशक इंडिया लिटरेसी बोर्ड ने स्वागत उद्बोधन दिया। संचालन प्रवीण टंडन ने किया। मेले में 22 से अधिक विभागों के स्टाल लगे, ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन हुआ और पांच उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया गया। सौरभ कुमार खरे ने कौशल विकास योजनाओं की जानकारी दी। मेले में 500 से अधिक किसानों ने सहभागिता की।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**स्वतंत्र भारत, सरोजिनी नगर।** एसआरएम कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्वाती सिंह ने कहा कि बच्चों में संस्कार डालना अभिभावकों की जिम्मेदारी है, शिक्षक उन्हें आगे तराशते हैं। उन्होंने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देने और उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के अवसर देने की अपील की। क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार ने गुरु की महत्ता बताते हुए संस्कारयुक्त शिक्षा की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक राज कुमार राय, प्रधानाचार्या रेनू सिंह एवं स्टाफ की उपस्थिति में बच्चों ने नृत्य व संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## प्रतिभागियों ने दिखाया आत्मविश्वास

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश 2025 का ऑडिशन पहली बार राजधानी में आयोजित हुआ। आयोजन कैटवॉक अकादमी द्वारा किया गया, जिसमें 300 से अधिक रजिस्ट्रेशन और करीब 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ऑडिशन में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग की युवतियों का चयन उनकी पर्सनैलिटी, आत्मविश्वास, संप्रेषण कौशल और मंच प्रस्तुति के आधार पर किया गया। प्रमुख अमित सैमसन नानू ने आयोजन को ऐतिहासिक बताया।

# तनिष्क शोरूम में चोरी करने वाले 4 गिरफ्तार

## महाराष्ट्र से आकर लखनऊ के होटल में रुके, अयोध्या से लौटकर की चोरी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी के निर्देशन में गोमतीनगर पुलिस ने एक ऐसे चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग के 4 सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गये आरोपियों ने गोमती नगर में स्थित तनिष्क शोरूम में ग्राहक आरोपी ग्राहक बनकर शोरूम में पहुंचे और वहां से 6.61 लाख की हीरे जड़ित चूड़ियां चुराकर फरार हो गये थे। जब शाम को स्टॉक मिलाने के दौरान चोरी का पता चलते ही इसकी शिकायत थाने पर तहरीर देकर चोरी का मामला दर्ज कराया गया था।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12:19 बजे 4 चोर तनिष्क शोरूम में पहुंचे और इन लोगों वहां डयूटी कर रहे स्टाफ से ज्वेलरी दिखाने की बात करते हुए ज्वैलरी देखने लगे उस दौरान स्टाफ अलग-अलग ग्राहकों में उलझे रहे इसी बीच दो आरोपी एक काउंटर पर बैठे रहे जैसे ही मौका मिला एक ने झटके से डिस्प्ले काउंटर का दरवाजा खोला और देखते ही देखते हीरे की 4 चूडीयां चुरा ली। स्टोर टीम के मुताबिक, यही गिरोह एक दिन पहले भी दुकान में घूमता दिखाई दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की। शनिवार रात 8 बजे मुखबिर से चोरों की सूचना मिली। इस पर रेलवे लाइन के किनारे ग्वारी पुल के पास से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में आरोपियों की पहचान ठाणे महाराष्ट्र निवासी बदर कुमार (71), बड़वानी मध्यप्रदेश निवासी शालुम चिंचोंकर (45), रायगढ़ महाराष्ट्र निवासी पांडुरंग गणपत पवार (75) और मंगेश भाऊ सुर्वे (33) के रूप में हुई। उनके पास से चार कंगन मिले।

### अयोध्या में रामलला के दर्शन भी किये

पुलिस उपायुक्त पूर्वी शसांक सिंह ने बताया कि टीम की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह लोग महाराष्ट्र से ट्रेन द्वारा लखनऊ पहुंचे और चारबाग के होटल में ठहरे थे। उसके बाद बीते सोमवार को तनिष्क का शोरूम को चिह्नित करते हुए वहां पहुंचकर रेकी किया और अयोध्या निकल गए। वहां मंगलवार सुबह रामलला के दर्शन करने के बाद लखनऊ वापस पहुंचे और शोरुम पहुंचे। इसके बाद घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। सभी आरोपी ज्वैलर्स की दुकान को चिह्नित कर एक-एक करके या जोड़े में थोड़े समय के अंतर पर एक ही ज्वेलर्स की दुकान में ग्राहक बन कर जाते थे। किसी को संदेह न हो इसलिए सूट बूट पहनकर दुकान में जाते थे। जब दुकान का स्टाफ हमारे ही लोगों को सामान दिखाने में व्यस्त हो जाते थे, उनका ध्यान इधर-उधर भटकाकर कोई एक व्यक्ति जिसे सही मौका मिलता है, वह चोरी कर लेता और मौका देखकर वहां से फरार हो जाते थे।

# महिला क्रिकेट खिलाड़ी व डीएसपी दीप्ति शर्मा पॉड कास्ट में

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी पुलिस के पॉडकास्ट के 17वें एपीसोड़ की होस्ट कर रही आईपीएस प्राची सिंह ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की धुरी बनी

- **होस्ट कर रही आईपीएस प्राची सिंह पुलिस पॉडकास्ट में**



दीप्ति शर्मा ने पहचान की मोहताज नहीं उन्हें तो देश के प्रधानमंत्री ने भी सम्मानित किया है। उनसे बातचीत के दिलचस्प खुलासे के दौरान पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि डीएसपी वाली छवि से टीम की खिलाड़ी लड़कियां भी घबराती हैं। 32वी वाहिनी पीएसी की कमांडेंट प्राची सिंह से बातचीत के दौरान दीप्ति ने माना कि पुलिस का प्रशिक्षण और जिम्मेदारी ने उनके व्यक्तित्व को संवारने में बड़ी भूमिका निभाई है। यही अनुशासन उन्हें मैदान पर भी मजबूती प्रदान करता है।

वहीं उनके साथ आये उनके भाई सुमित शर्मा के मुताबिक उनका परिवार अनुशासन और संस्कारों की जड़ों पर एक वृक्ष की तरह खड़ा है। दीप्ति बचपन से ही अलग व्यक्तित्व के साथ ही वह जिम्मेदारी को गंभीरता से लेकर काम के प्रति समर्पित रहती है। उन्होंने बताया कि डीएसपी बनने के बाद उसका आत्मविश्वास तो सांतवें स्थान पर बढ़ा है। यूपी पुलिस ने हाल ही में अपने पॉडकास्ट सीरीज की घोषणा की है। इसमें विभाग के उन अधिकारियों को शामिल किया जा रहा है जो अपनी पहचान किसी और क्षेत्र में भी बना चुके हैं।

इसी कड़ी में दीप्ति शर्मा का एपिसोड में दीप्ति खुलकर बात करती नजर आने के साथ ही टीम की साथी खिलाड़ियों के बीच दीप्ति की कड़क छवि है। यूपी पुलिस ने पॉडकास्ट का टीजर जारी करने की तैयारी कर ली है, जिसके कुछ हिस्सों में दीप्ति के मजेदार और प्रेरणादायी किस्से शामिल होंगे।

## खबर एक नजर

### आशियाना में डायवर्जन के चलते रेंगत रहे वाहन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में यूपी भाजपा अध्यक्ष के के चयन के लिए मेगा इवेंट का आयोजन किया गया। इस संगठन पर्व कार्यक्रम के चलते आशियाना पावर हाउस चौराहे पर डायवर्जन डीसीपी ट्रैफिक ने डायवर्जन तो किया गया इसका कोई असर नहीं होने से लोगों के वाहन जाम में रेंगते नजर आये।

### ट्रकों की टक्कर में दौ की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कोहरे में सड़क हादसों का सिलसिला जारी है अकराबाद में जहां आठ वाहन एक के बाद एक भिड़ गए, वहीं अलीगढ़-पलवल हाईवे पर टप्पल के पीपली गांव में खड़े ट्रक को पीछे से दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर से एक ट्रक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार टप्पल के पीपली गांव में एक ट्रक खड़ा था। 13 व 14 दिसंबर की मध्यरात्रि को घना कोहरा था। एक अन्य ट्रक में चार लोग सवार होकर अलीगढ़-पलवल हाईवे पर से गुजर रहे थे। पीछे से ट्रक खड़े हुए ट्रक में जा घुसा। क्षतिग्रस्त वाहनों के मलबे में दबकर दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 24 वर्षीय आशीष जिला कासगंज और 28 वर्षीय राघवेंद्र जिला एटा के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक अन्य का पैर टूट गया, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### बाइक सवार महिला के झाले नोचकर लुटेरा फरार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सीतापुर जिले में थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र में शनिवार देर शाम बाइक सवार लुटेरों ने महिला के कान से झाले नोच लिए और फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी श्यामू कनौजिया ने रविवार को बताया कि पीड़ित महिला की पहचान लखीमपुर के मझिगवां निवासी कौशल की पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई हैं। महिला शनिवार देरशाम को अपने पति और बच्चों के साथ बाइक से लखीमपुर खीरी जा रही थी। बंजरिया भट्टे के पास पीछे से एक बाइक पर सवार बदमाश ने तेजी से झपट्टा मारकर महिला के कान से झाले नोचकर फरार हो गया। इस घटना के दौरान महिला सड़क पर गिरते-गिरते बची है। कान फटने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि काजी कमालपुर चौकी प्रभारी ने महिला की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश में जुट गई। पुलिस पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही हैं।

### गैस गीजर से किशोरी की गई जान, जहरीली गैस बनी काल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के बुलंदशहर कोतवाली नगर क्षेत्र के देवीपुरा प्रथम में गैस गीजर के कारण एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। घर के बाथरूम में नहाते समय 15 वर्षीय किशोरी गरिमा गैस गीजर से निकलने वाली जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गई। जब काफी देर तक बाहर नहीं आई तो परिजनों ने दरवाजा खोलकर देखा, जहां वह अचेत अवस्था में पड़ी मिली। परिजन आनन-फानन में गरिमा को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है और इलाके में भी शोक का माहौल है। यह हादसा एक बार फिर गैस गीजर के इस्तेमाल में लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी से होने वाले खतरों की गंभीर चेतावनी देता है।

### युवक को बदमाशों ने मारी गोली, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बलिया के उभांव थाना के बेल्थरारोड कस्बे के बंशी पैलेस नगर निवासी युवक आयुष यादव को मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने शनिवार की रात गोली मार दी जिसकी वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आयुष यादव पुत्र बच्चा यादव निवासी बंसी पैलेस नगर पंचायत बेल्थरारोड की कस्बे के ही कुछ युवकों से पुरानी रंजिश थी। जिसका बदला लेने के लिए अपाचे मोटरसाइकिल से आए चार युवकों ने उस वक्त गोली मारी, जब वह किसी काम से अपने घर के पास वाली गली से होकर गुजर रहा था। क्षेत्राधिकारी रसड़ा आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि घायल आयुष यादव को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर लाया गया। जहां से डॉक्टरों द्वारा आयुष यादव को जिला चिकित्सालय मऊ रेफर कर दिया गया। वहां से वाराणसी ले जाया गया। जहां ट्रामा सेंटर में शनिवार रात को ही उसकी मौत हो गई। रविवार को मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं, उभाँव थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर रोबिन सिंह, पवन सिंह, रोहित और राज नाम के युवकों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है।

# मंदिर से अष्टधातु की करोड़ों की मूर्तियां चोरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** रायबरेली के डलमऊ के रामपुर बरारा गांव स्थित रामजानकी मंदिर से शनिवार रात चोरों ने राम, लक्ष्मण और सीता की करीब 12 करोड़ कीमत की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी की गई। मंदिर से मूर्तियां चोरी होने की घटना से भक्तों में आक्रोश व्याप्त हो गया। भक्तों का कहना है कि वर्षों पुराने मंदिर में कभी ऐसी घटना नहीं हुई थी। यह घटना पुलिस की सुरक्षा लापरवाही से हुई है। सीओ डलमऊ ने गांव पहुंचकर घटना की जांचपड़ताल कर टीमें गठित कर जल्द खुलासे के निर्देश दिये।

- **राम-लक्ष्मण-सीता की अष्टधातु की थी मूर्तियां**

पुलिस के मुताबिक डलमऊ निवासी राजाराम वाजपेयी ने बताया कि वह रामजानकी मंदिर का प्रबंधन करते हैं। 1890 में उनके पूर्वजों ने मंदिर की स्थापना की थी। मंदिर में राम-लक्ष्मण और सीता की लगभग एक क्विंटल की अष्टधातु की मूर्तियां स्थापित की गई थीं। रोज की तरह सुबह करीब छह बजे मंदिर पहुंचा तो देखा कि तीनों मूर्तियां गायब हैं। मंदिर के बाहर का ताला तो बंद था, लेकिन अंदर का ताला टूटा था। आशंका है कि चहारदीवारी फांदकर चोर मंदिर के अंदर घुसे।मूर्तियों की कीमत करोड़ से ज्यादा की है। इस पर घटना की सूचना पुलिस को दी। उधर, मंदिर में चोरी की घटना की जानकारी होते ही आसपास रहने वाले भक्तों का मजमा जुट गया। घटना से भक्तों में आक्रोश रहा। सभी का कहना था कि डलमऊ कोतवाली प्रभारी और उनके मातहतों की रात्रिगश्त में ढिलाई के चलते यह घटना हुई है।

सभी ने घटना का खुलासा किए जाने की मांग की। सीओ डलमऊ गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि मंदिर वर्षों पुराना है। मंदिर में स्थापित की गई राम-लक्ष्मण व सीता की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी हुई हैं। मंदिर प्रबंधक की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के जरिए चोरों का सुराग जुटाया जा रहा है।

# मेटा के अलर्ट से बची युवक की जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस और मेटा कंपनी के बीच वर्ष 2022 से लागू सोशल मीडिया मॉनिटरिंग व्यवस्था एक बार फिर जीवन रक्षक साबित हुई। मेटा के अलर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इटावा पुलिस ने मात्र 15 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर एक युवक की जान बचा ली। यह कार्रवाई न केवल तकनीक के प्रभावी उपयोग का उदाहरण है, बल्कि पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता को भी दर्शाती है। डीजीपी की सोशल मीडिया टीम प्रभारी के मुताबिक इटावा जिले के थाना जसवंतनगर क्षेत्र के निवासी एक 20 वर्षीय बीएससी छात्र ने इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो के साथ रस्सी दिखाते हुए स्टोरी पोस्ट की, जिस पर लिखा था-'माफ करना आप सब लोग '।

इस पोस्ट को आत्महत्या से संबंधित मानते हुए मेटा कंपनी ने उसी रात 10:16 बजे पुलिस महानिदेशक मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर को ई-मेल के माध्यम से अलर्ट भेजा। उत्तर प्रदेश पुलिस और मेटा कंपनी के बीच चली आ रही इस व्यवस्था के तहत 1 जनवरी 2023 से 10 दिसंबर 2025 के बीच सोशल मीडिया पर आत्महत्या से जुड़े पोस्ट के आधार पर 1720 लोगों के प्राणों की रक्षा की जा चुकी है। अलर्ट मिलते ही मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई।

- **पुलिस की तत्परता से 15 मिनट में टली आत्महत्या की घटना**
- **1720 लोगों की जान बचा चुकी है यूपी पुलिस**
- **डीजीपी के निर्देश पर हरकत में आई पुलिस, ब्रेकअप बना आत्मघाती कदम की वजह**

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, श्री राजीव कृष्ण के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया सेंटर ने पोस्ट में उपलब्ध मोबाइल नंबर के आधार पर युवक की लोकेशन ट्रेस की और पूरी जानकारी जनपद इटावा पुलिस को भेजी।

मुख्यालय से मिली सूचना पर थाना जसवंतनगर के थानाध्यक्ष श्री कमल भाटी अपनी टीम के साथ मात्र 15 मिनट के भीतर युवक के घर पहुंचे। परिजनों से पता चला कि युवक घर से बाहर निकल चुका है। इसके बाद पुलिस ने परिजनों के साथ मिलकर तत्काल तलाश शुरू की।तलाश के दौरान युवक जंगल की ओर जाता हुआ दिखाई दिया, जिसके हाथ में रस्सी थी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए पुलिस ने तुरंत उसे रोका और सुरक्षित अपने कब्जे में लिया।पुलिस द्वारा बातचीत और पूछताछ में युवक ने बताया कि गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप के कारण वह गहरे मानसिक अवसाद में था और भावनात्मक रूप से टूटकर आत्महत्या करने की नीयत से जंगल की ओर जा रहा था।पुलिस ने न केवल युवक को आत्मघाती कदम उठाने से रोका, बल्कि उसे समझा-बुझाकर काउंसलिंग भी दी। काउंसलिंग के बाद युवक ने भविष्य में ऐसा कोई कदम न उठाने का आश्वासन दिया। युवक के परिजनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस की तत्परता, मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया है।यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि तकनीक और संवेदनशील पुलिसिंग के समन्वय से न केवल अपराध, बल्कि जीवन भी बचाए जा सकते हैं।

# प्रेमिका को गोली मारने वाला साथी संग गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में प्रेमिका को गोली मारने वाला सिरफिरा प्रेमी गिरफ्तार हो गया है। पुलिस ने आज उसे साथी के साथ किसान पथ के पास से गिरफ्तार किया उसके पास से स्कॉर्पियो, पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ है। घटना पारा थाना क्षेत्र की है। 11-12 दिसंबर की रात यहां रहने वाली 21 साल की युवती को सरोजनी नगर के आकाश कश्यप ने घर में घुसकर गोली मार दी थी। उसके बाद अपने साथी के साथ फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि आकाश और उसके साथी शिवम कश्यप को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आकाश से पूछताछ की गई। उसने बताया कि युवती से करीब 1 साल से उसका प्रेम-संबंध चल रहा था। कुछ माह से युवती ने दूरी बना ली थी। इससे गुस्से में आकर 11-12 दिसंबर की रात उसके घर में घुसकर गोली मार दी। उसके साथ साथी शिवम कश्यप भी था, लेकिन वह घर के बाहर गली में खड़ा था। गोली मारने के बाद दोनों स्कॉर्पियो से फरार हो गए थे। आरोपियों की गिरफ्तारी में हंसखेड़ा चौकी प्रभारी मुन्ना लाल, एसआई हर्ष यादव, अमित कुमार और सूबे चंद यादव की पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।21 साल की एक युवती पारा इलाके में बड़ी बहन, 7 साल की भांजी और 3 साल के भांजे के साथ किराए के मकान में रहती है। दोनों बहनें ऑर्केस्ट्रा में काम करती हैं। बड़ी बहन ने बताया कि बीते 1 साल से सरोजनी नगर के गौरी बाजार निवासी आकाश कश्यप के साथ छोटी बहन का प्रेम-प्रसंग चल रहा था। 11-12 दिसंबर की रात करीब 2 बज रहे थे तभी आकाश शराब के नशे में घर आया। मैंने दरवाजा खोला तो मुझे धक्का देकर सीधे छोटी बहन के कमरे में घुस गया। विरोध करने कर गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। घर का सामान तोड़ दिया। हम लोग डर के मारे पड़ोसियों को बुलाने लगे। तभी आकाश ने असलहा निकालकर बहन को गोली मार दी।

# थार पर चढ़कर युवक ने बनाई रील, गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे स्टंटबाज लगातार पुलिस को दे रहे चुनौती। 1090 चौराहे के पास हाल ही में थार सवार एक युवक ने अपनी थार गाड़ी पर चढ़कर रील बनाई उस दौरान उसने डायलॉग गया जिसमें रौबदार तरीके से बोला जा रहा है। वीडियो के बैकग्राउंड में बज रहा है- बेटा, पैसा तो हम भी बनाएंगे लेकिन तुम्हारी तरह जी सर, यस सर नहीं करेंगे। ये हमसे नहीं हो पाएगा। हमारा रास्ता अलग है। रिस्क पर चलते हैं। पुलिस के मुताबिक मामला 1090 चौराहे के पास रहीमाबाद के नत्थूखेड़ा निवासी दिलीप रावत ने कार की छत पर चढ़कर रील बनाई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। वीडियो सामने आते ही एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने मामले का संज्ञान लिया और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। वीडियो के आधार पर पुलिस ने उसकी थार को पकड़ पुलिस से उलझ गया। पुलिस उसके कार नंबर को लगातार ट्रेस कर रही थी। पुलिस ने युवक को नीचे उतारकर पूछताछ की तो उसने अपने बारे में सब कुछ बताया पुलिस के अनुसार, उसके बाद वायरल वीडियो के बारे में पूछे जाने और वाहन के कागजात मांगे जाने पर आरोपी ने दस्तावेज दिखाने से इनकार कर दिया। इसके बाद वह अपने अधिकारों का हवाला देते हुए पुलिस से तेज आवाज में बहस करने लगा और माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की। पुलिस ने मौके पर लोक शांति भंग होने और संज्ञेय अपराध घटित होने की आशंका जताई। आरोपी को कारण बताते हुए रात करीब 1:10 बजे बीएनएस की धारा के तहत पुलिस हिरासत में लिया गया। पुलिस ने महिंद्रा थार संख्या यूपी 32 बीआर 4048 को सीज कर दिया। आरोपी दिलीप रावत के खिलाफ चालान कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

- **डायलॉग लगाया-जी सर, यस सर हम नहीं करेंगे, हमारा रास्ता अलग है, रिस्क पर चलते हैं...**

# सड़क हादसे में दो भाइयों समेत चार की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के मौदहा क्षेत्र स्थित इचौली गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर रविवार को कार और टूरिस्ट बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में दो सगे भाईयों समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक महोबा जिले के खन्ना थाना क्षेत्र के ग्योड़ी गांव निवासी घनश्याम की मां का निधन हो गया था। अंतिम संस्कार के बाद रविवार को सिद्धगोपाल (65), रामसहोदर (40), घनश्याम (55) और सोनू (35) समेत तीन अन्य परिवार के लोग अस्थियां विसर्जन के लिए बोलेरो गाड़ी में सवार होकर प्रयागराज जा रहे थे। हमीरपुर जिले के मौदहा क्षेत्र के इचौली गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बोलेरो में पीछे से बांदा जा रही तेज रफ्तार टूरिस्ट बस ने टक्कर मार दी। हादसे में सिद्धगोपाल, रामसहोदर और घनश्याम की मौके पर मौत हो गई। सोनू, राधेश्याम और आशाराम को गंभीर हालत में बांदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां सोनू की भी मौत हो गई। मृतकों में रामसहोदर और धनश्याम दोनों सगे भाई हैं।

- **पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की**

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों में राधेश्याम की हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर किया गया। हादसे की सूचना पाते ही एडीएम फाइनेंस विजय शंकर तिवारी, सीओ मौदहा मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है।

# तस्करी के आरोप में वेब सीरीज में काम करने वाले मुंबई से गिरफ्तार

## फैमिली मैन व अन्य फिल्मों में काम करते-करते बन गया एमडीएमए का बड़ा तस्कर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** एएनटीफ यूनिट आगरा की टीम ने एक ऐसे तस्कर को मुंबई से गिरफ्तार किया है जो फैमिली मैन व अन्य फिल्मों और वेब सीरीज में सहायक सलाहकार के रूप में काम करने की आड़ में मादक पदार्थ (एमडीएमए) की तस्करी में लिप्त हो गया। एंटीनारकोटिक्स टास्क फोर्स के अधिसूचना संकलन में सामने आया कि मूल रूप से देश की राजधानी दिल्ली के राजौरी गार्डन निवासी मानसिंह पुत्र बाबूलाल मादक पदार्थ एमडीएमए की तस्करी करने के आरोप में फरार चल रहा है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि एएनटीफ के मुताबिक फरार चल रहे तस्कर मानसिंह की तलाश में एएनटीफ यूनिट आगरा खोज में जुटी थी कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि करीब एक साल से फरार चल रहा तस्कर मानसिंह मुंबई के मरीना इनक्लेव बिल्डिंग मालवानी में रहकर फैमिली मैन व अन्य फिल्मों और वेब सीरीज में सहायक सलाहकार के रूप में काम कर रहा है। सूचना पर एएनटीफ के उपनिरीक्षक विनोद कुमार टीम के साथ मुंबई पहुंचे और हीरो बनकर तस्करी करने वाले तस्कर मानसिंह को गिरफ्तार कर लिया। एएनटीफ के अफसरों के मुताबिक गिरफ्तार तस्कर मानसिंह ने पूछताछ में बताया कि वह मूल रूप से दिल्ली का रहने वाला है और वर्ष 2008 में मुंबई आकर फिल्मी दुनिया में कदम रखने का ख्वाब देखा और कुछ फिल्मों में काम भी किया, लेकिन इसी दौरान उसकी एक शख्स से मुलाकात हुई और फिल्म छोड़ जरायम के दलदल में कूदकर मादक पदार्थ एमडीएमए का बड़ा तस्कर बन गया। एएनटीफ यूनिट आगरा के मुताबिक इस गिरोह में कितने लोग और शामिल हैं इसके बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।

- **बीते कुछ सालों से आरोपी चला रहा था फरार, एएनटीफ टीम ने दबोचा**

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अवसाद और जोखिम

तेजी के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा के मौजूदा दौर में कामयाब लोगों की संख्या भी कम नहीं है। ऐसे कई लोगों को समाज में उदाहरण के तौर पर लिया जाता है कि उनसे प्रेरणा और सीख ली जाए। लेकिन सफलता हासिल करने में नाकाम या पीछे रह जाने वालों की भी कमी नहीं है। इसकी वजहें तो कई हो सकती हैं लेकिन कुल नतीजा असफल लोगों की दिमागी परेशानियां बढ़ने के रूप में आता है। चिकित्सा शास्त्र की भाषा में इसे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं कहा जाता है। अवसाद यानी डिप्रेशन इसका मुख्य रूप बनकर उभर रहा है। एक अध्ययन के अनुसार देश भर में इस समय करीब बीस करोड लोग मानसिक बीमारियों से ग्रस्त हैं जिनमें पांच करोड़ से ज्यादा तो अवसाद के शिकार हो चुके हैं। डब्ल्यूएचओ का आकलन है कि देश में हर बीस में से एक व्यक्ति अवसाद से पीड़ित है। वहीं राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े कहते हैं कि भारत में आत्महत्या के बढ़ते मामलों के पीछे एक अहम वजह अवसाद भी है। अब इन घटनाओं में महिलाओं और किशोरों-युवाओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। यानी अमूमन सभी आयु वर्ग के लोग अत्यंत गंभीर रूप से इसके शिकार बन रहे हैं। खराब मानसिक स्वास्थ्य का अवसाद के कारण शारीरिक स्वास्थ्य, संबंधों में तनाव, आर्थिक उत्पादकता, युवाओं में असुरक्षा का भाव आदि के रूप में भी असर पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि स्वास्थ्य सेवाओं में मानसिक बीमारियों, विशेष रूप से अवसाद की चिकित्सा को और व्यापक स्तर तक बढ़ाया जाए जिससे समस्याग्रस्त आधिकाधिक लोगों को लाभ मिल सके। सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के तहत मानसिक विकारों की प्रारंभ में ही जांच से स्वास्थ्य खर्च को काफी कम भी किया जा सकता है। इस मामले में शोधकर्ताओं का निष्कर्ष है कि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में अवसाद के लिए सार्वभौमिक जांच को शामिल करने से पर्याप्त सार्वजनिक स्वास्थ्य और आर्थिक बचत हो सकती है। आयुष्मान योजना में ऐसी चिकित्सा के लिए कई व्यवस्थाएं हैं लेकिन समस्या की व्यापकता को देखते हुए इन्हें और विस्तार दिए जाने की जरूरत है। इसके अलावा नागरिकों को भी अपनी सोच सही दिशा में ले जानी चाहिए ताकि किसी काम में असफलता का सामना न करना पड़े क्योंकि अवसाद के ज्यादातर मामलों का मुख्य कारण यही होता है।

## सफलता के लिए

जीवन का कोई उद्देश्य न होने पर जीने का कोई खास मतलब नहीं रह जाता। इसके लिए जरूरी है कि सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच चुके महान व्यक्तियों के कार्यों से सीख ली जाए। यह तभी हो सकता है जब उनके बारे में गहन अध्ययन हो और काम जीवन के शुरुआती स्तर से चरणबद्ध ढंग से आरंभ कर दिया जाए। इस संबंध में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बहुत उचित निर्देश दिया है कि विद्यालय में बच्चे प्रार्थना के समय महान व्यक्तित्वको की जीवनी और प्रेरणादाई साहित्य पढ़ें जिससे उनमें सकारात्मक सोच और ज्ञान के प्रति रुचि विस्तार ले सके। उनका यह भी कहना है कि शिक्षक स्वयं नियमित रूप से पुस्तकों का अध्ययन करें ताकि छात्र भी इसके लिए प्रेरित हों। इसका कारण स्पष्ट करते हुए उनका कहना है कि केवल उपदेश देने मात्र से परिवर्तन संभव नहीं हो सकता बल्कि खुद उदाहरण प्रस्तुत करना भी जरूरी है। वास्तव में सफल व्यक्तित्व का निर्माण एकाएक नहीं होता। बुनियादी स्तर से ही इसके लिए प्रयास होनी चाहिए। किसी सूत्र-नियम-सिद्धांत का जीवन में प्रयोग करने के लिए मिला अनुभव इंसान को उसकी वास्तविकता के अधिक नजदीक लाता है। यह तभी हो सकता है जब आरंभ से उपयुक्त वातावरण बनाते हुए आज के समय की तकनीकी सुविधाओं, प्राथमिक स्तर के शोध कार्यों एवं अन्य संबंधित आवश्यक सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया जाए। गहन अध्ययन से प्राप्त ज्ञान और समझ पर व्यावहारिक रूप से अमल करना सबसे अच्छा सार्थक परिणाम देता है तथा उद्देश्यों की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। छोटा रास्ता अपनाने पर विषय की गहराई तक नहीं पहुंचा जा सकता। बल्कि ऐसी स्थिति में तमाम उपयोगी तथ्यों की जानकारी से वंचित रह जाना पड़ता है। आजकल इसी 'शॉर्टकट' की धूम है जिसे ही ज्यादातर मामलों में अपनाया जाता है। लेकिन कोई यह नहीं समझ पाता कि ऐसा करके वह कितनी हकीकतों से दूर हो रहा है। जबकि ये हकीकतें हमारा वह समृद्ध अतीत हैं जिससे सीख लेकर अपने भविष्य को भी गौरवपूर्ण बनाने में कहीं अधिक मदद मिल सकती है।



## काँव-काँव



◆◆◆

**भारत की नागरिकता छोड़ रहे हैं लाखों भारतीय**
ऐसा दमघोंटू रामराज्य उन्हें बाहर कहां मिलेगा?
**संसद हमले की चौबीसवीं बरसी पर श्रद्धांजलि**
आतंकवादियों का साथी देवेंदर सिंह सुरक्षित?
**दिल्ली में लगातार जहरीली होती जा रही है हवा**
ट्रिपल इंजन की सरकार में और क्या चाहिये?
**पाकिस्तान में बच्चे अब पढ़ेंगे गीता और संस्कृत**
भारत के बच्चे भी अरबी और कुरान पढ़ लें!
**हिट एंड रन पर सबक सिखाने की जरूरत-कोर्ट**
सबक़ भुलाने के लिये सरकारी मधुशालाएं है!
**युद्धों में विजय एक्शन से मिलती है-सीडीएस**
और शहीदों की चिताओं पर रोटी नेता सेंकते हैं!

◆◆◆

# कटौती का लाभ ग्राहकों को मिले


**रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने हाल ही में अपनी बैठक में रेपो दर में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की घोषणा की, जिसके बाद रेपो दर 5.25 प्रतिशत रह गयी है. रेपो दर में कटौती का फैसला लेते हुए केंद्रीय बैंक ने न्यूट्रल स्टांस- यानी निरपेक्ष रुख अपनाया. रिजर्व बैंक द्वारा निरपेक्ष रुख अपनाने का मतलब यह है कि वह फिलहाल न तो अर्थव्यवस्था को गति देना चाहता है, न ही तरलता- यानी नकदी की आपूर्ति पर अंकुश लगाने का इच्छुक है. रिजर्व बैंक के इस फैसले को आर्थिक वृद्धि में मददगार, लेकिन चौकन्ना कदम माना जा रहा है, जिसके पीछे कर्ज की लागत कम करने, निवेश व उपभोग को मदद देने और निकट भविष्य में मुद्रास्फीति और रुपये पर असर डाले बगैर कर्ज में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाने का लक्ष्य है।**

**अभिजीत मुखोपाध्याय**

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने हाल ही में अपनी बैठक में रेपो दर में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की घोषणा की, जिसके बाद रेपो दर 5.25 प्रतिशत रह गयी है. रेपो दर में कटौती का फैसला लेते हुए केंद्रीय बैंक ने न्यूट्रल स्टांस- यानी निरपेक्ष रुख अपनाया। रिजर्व बैंक द्वारा निरपेक्ष रुख अपनाने का मतलब यह है कि वह फिलहाल न तो अर्थव्यवस्था को गति देना चाहता है, न ही तरलता- यानी नकदी की आपूर्ति पर अंकुश लगाने का इच्छुक है. रिजर्व बैंक के इस फैसले को आर्थिक वृद्धि में मददगार, लेकिन चौकन्ना कदम माना जा रहा है, जिसके पीछे कर्ज की लागत कम करने, निवेश व उपभोग को मदद देने और निकट भविष्य में मुद्रास्फीति और रुपये पर असर डाले बगैर कर्ज में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाने का लक्ष्य है. विनिर्माण, सेवा, कारोबार तथा रुपये पर इसका असर सकारात्मक होने की संभावना है. लेकिन यह न केवल धीरे-धीरे होगा, बल्कि इस पर भी निर्भर करेगा कि व्यावसायिक बैंक कितनी जल्दी उपभोक्ताओं को इस रेट कट का लाभ देते हैं, और वैश्विक परिदृश्य कितना अनुकूल होता है. रेपो दरअसल वह दर है, जिस पर रिजर्व बैंक व्यावसायिक बैंकों को कर्ज देता है. इसमें कटौती का मतलब यह है कि कर्ज की लागत कम हुई है. चूंकि एसडीएफ (स्टैंडिंग डिपोजिट फैसिलिटी) 5.0 प्रतिशत पर, और बैंक रेट 5.5 फीसदी पर हैं, ऐसे में, सारी नीतिगत दरें अब ढलान की ओर हैं. एक अवधि के बाद रेटों में कटौती बैंकों को कर्ज देने की दर में कटौती करने के लिए दबाव डालती है, जिससे परिवारों और कंपनियों द्वारा कर्ज लेने में वृद्धि होती है. रिजर्व बैंक का निरपेक्ष रवैया अर्थव्यवस्था के प्रति उम्मीदें बढ़ाता है तथा मुद्रास्फीति व वित्तीय असुरक्षा में होने वाली मामूली वृद्धि के जोखिम को कम करता है. चूंकि मुद्रास्फीति निचले स्तर पर है और आर्थिक वृद्धि दर मजबूत है, ऐसे में, रिजर्व बैंक के गवर्नर ने बेहतर आर्थिक विकास और मूल्य स्थिरता के लक्ष्य के लिए रेपो दर में कटौती का कदम उठाया है. उद्योग क्षेत्र, खासकर मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए रेपो दर में कटौती सस्ती कार्यशील पूंजी और टर्म लोन्स के जरिये सकारात्मक बदलाव ला सकती है. हालांकि 25 बेसिस पॉइंट में कटौती का असर नाटकीय नहीं, बल्कि धीरे-धीरे ही होगा. उम्मीद यही है कि बैंक ब्याज दरों में कटौती धीरे-धीरे ही करेंगे, जिससे क्षमता विस्तार, टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन और अल्पावधि कर्ज के ब्याज की लागत में कमी आयेगी. इससे ऑटोमोबाइल्स, सीमेंट और स्टील जैसे रियल एस्टेट से जुड़े विनिर्माण क्षेत्र तथा पूंजीगत वस्तुओं के क्षेत्र में नयी संभावनाएं पैदा होंगी. कर्ज लेने की बेहतर स्थिति और उपभोक्ताओं पर इएमआइ के कम बोझ से विनिर्माण उत्पादों, ड्यूरेबल्स, वाहन, भवन निर्माण से जुड़ी वस्तुओं की मांग बढ़ेगी. जहां तक सेवा क्षेत्र की बात है, तो यह जीडीपी में सबसे अधिक योगदान करता है और ब्याज दरों के मामले में संवेदनशील होता है. कर्ज की दर घटने से हाउसिंग तथा कॉमर्शियल रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग बढ़ने की संभावना है. इससे खुदरा कर्ज चूंकि सस्ता होगा, ऐसे में, घूमने-फिरने, पर्यटन, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवा आदि के क्षेत्रों में कर्ज के जरिये वित्तपोषण संभव हो सकता है. ब्याज दरों में कटौती कारोबार को तीन तरीके से प्रभावित कर सकता है- पूंजी की घरेलू लागत, सकल मांग तथा विनिमय दर इससे प्रभावित हो सकती है. सस्ता कर्ज निर्यातकों की लागत घटायेगा तथा खासकर एमएसएमइ निर्यातकों के लागत ढांचे और नकदी प्रवाह में थोड़ा सुधार लायेगा. विनिमय दर के मोर्चे पर कम रेपो दर से दूसरे देशों के मुकाबले ब्याज दरों में कमी आयेगी, इससे रुपये पर थोड़ा दबाव बनेगा. हालांकि कमजोर रुपया सिद्धांतत~ निर्यात के प्रतिस्पर्धात्मक समर्थन मूल्य को मदद देगा, हालांकि रिजर्व बैंक ने संकेत दिया है कि वह किसी तरह के उथल-पुथल को रोकने के लिए विनिमय बाजार में हस्तक्षेप करेगा. यानी, विनिमय दर के मोर्चे पर बड़ी गिरावट की आशंका नहीं है. कारोबार के मोर्चे पर स्थिति बेहतर होगी, निर्यातकों का मुनाफा थोड़ा बढ़ेगा, लिहाजा उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि होगी. चूंकि मुद्रास्फीति की दर चार फीसदी के लक्षित लक्ष्य से नीचे रहने वाली है तथा जीडीपी की वृद्धि दर भी शानदार रहने वाली है, ऐसे में, रेपो दर में कटौती को आर्थिक विकास को गति देने वाला माना जा रहा है. हालांकि दीर्घावधि में मांग बढ़ने पर मुद्रास्फीति बढ़ेगी. इस तरह, भविष्य की नीति आने वाले वृहद आर्थिक आंकड़े पर निर्भर करेगी. रिजर्व बैंक का निरपेक्ष रुख भविष्य में रेपो दर में एक और छोटी कटौती को संभव बना सकता है, तो मुद्रास्फीति बढ़ने पर चौकन्ना रुख अपना सकता है. अलबत्ता, भारत जैसे देश में रेपो दर को पांच प्रतिशत के नीचे रखना हमेशा मुश्किल होता है. देश की आर्थिक स्थिति आने वाले दिनों में इसी तरह अनुकूल रह सकती है, जिससे कर्ज का उठाव बढ़ेगा और निवेश भी. दूसरी तरफ, रिजर्व बैंक मौद्रिक स्थिति को स्थिर बनाये रखने के लिए हस्तक्षेप करता रहेगा. कारोबार, उद्योग और सेवा क्षेत्र के लिए रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति मददगार तो है, पर बहुत अनुकूल नहीं है. यह उन्हें उत्पादक निवेश में तो मदद करेगी, लेकिन सट्टेबाजी की गुंजाइश इसमें नहीं होगी.?



## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### तृतीय अध्याय

(गतांक से आगे)

कौन-सी बुद्धि ? यही कि हार-जीत दोनों दृष्टियों में लाभ ही है, ऐसा समझकर युद्ध कर। फिर अध्याय चार में कहा कि योग में स्थित रहकर हृदय में स्थित अपने इस संशय को ज्ञानरूपी तलवार द्वारा काट। वह तलवार योग में है। अध्याय पाँच से दस तक युद्ध की चर्चा तक नहीं है। ग्यारहवें अध्याय में केवल इतना कहा कि ये शत्रु मेरे द्वारा पहले से ही मारे गये हैं, तू निमित्त मात्र होकर खड़ा भर हो जा। यश को प्राप्त कर। ये तुम्हारे बिना भी मारे हुए हैं, प्रेरक करा लेगा। तू इन मुर्दों को ही मार।
अध्याय पन्द्रह में संसार सुविरूढ़ मूलवाला पीपल वृक्ष-जैसा कहा गया, जिसे असंगतारूपी शस्त्र द्वारा काटकर उस परमपद को खोजने का निर्देश मिला। आगे के अध्यायों में युद्ध का उल्लेख नहीं है। हाँ, अध्याय सोलह में असुरों का चित्रण अवश्य है, जो नरकगामी हैं। अध्याय तीन में ही युद्ध का विशद चित्रण है। श्लोक 30 से श्लोक 43 तक युद्ध का स्वरूप, उसकी अनिवार्यता, युद्ध न करने वालों का विनाश, युद्ध में मारे जानेवाले शत्रुओं के नाम, उन्हें मारने के लिये अपनी शक्ति का आह्वान और निश्चय ही उन्हें काटकर फेंकने पर बल दिया। इस अध्याय में शत्रु और शत्रु का आन्तरिक स्वरूप स्पष्ट है, जिनके विनाश की प्रेरणा दी गयी है। अतः-
तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे 'शत्रुविनाशप्रेरणा' नाम तृतीयोऽध्यायः।।3
इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् एवं ब्रह्मविद्या तथा योगशास्त्र विषयक श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद में 'शत्रुविनाश-प्रेरणा' नामक तीसरा अध्याय पूर्ण होता है।
इति श्रीमत्परमहंसपरमानन्दस्य शिष्य स्वामीअड़गड़ानन्दकृते श्रीमद्भगवद्गीतायाः 'यथार्थगीता' भाष्ये 'शत्रुविनाशप्रेरणा' नाम तृतीयोऽध्यायः ।।3।। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।


◆◆◆

**इन्द्रियाणि च संयम्य वकवत् पण्डितो नरः।**
**देशकालबलं ज्ञात्वा सर्वकार्याणि साधयेत्।।**

मनुष्य को बगुले से यह सीखना चाहिए कि अपनी समस्त इन्द्रियों पर नियन्त्रण करके तथा स्थान, समय और अपनी शक्ति का अनुमान लगाकर उस कार्य को सिद्ध करने में जुट जाये।

◆◆◆

# हवा हवाई हुये हवाई चप्पल वालों के हवाई यात्रा के 'जुमले'



**-तनवीर जाफ़री**

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के अकुशल संचालन के चलते पिछले दिनों देशभर में भारी उड़ान संकट पैदा हो गया। हालांकि यह संकट मुख्य रूप से 2 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ और 5 दिसंबर को अपने चरम पर जा पहुंचा था जब इंडिगो ने देश भर की अपनी लगभग एक हज़ार से अधिक उड़ानें रद्द कर दी थीं । जिससे देश भर में हज़ारों यात्री विभिन्न शहरों में अकारण ही फंस गए थे । इस घटना ने केवल यात्रियों को ही परेशान नहीं किया, बल्कि एविएशन सेक्टर की कार्यकुशलता पर भी कई सवाल खड़े कर दिए। अभी तक पूरे देश में उड़ानों की स्थिति सामान्य नहीं हो सकी है। मुंबई,इंदौर,दिल्ली हैदराबाद व बेंगलुरु जैसे कुछ महत्वपूर्ण नगरों की इंडिगो उड़ान सेवाएं अभी भी प्रभावित होने के समाचार हैं। हवाई अड्डों पर जहां सामान्य दिनों में पहले ही भारी भीड़ इकट्ठा हो रही थी पिछले दिनों की अफ़रा तफ़री के दौरान इन्हीं उड़ान प्रभावित हवाई अड्डों पर तो भीड़ का कुछ ऐसा दृश्य दिखाई दिया जैसा कि छठ-दिवाली व दशहरा जैसे त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशन पर नज़र आता है। हवाई संचालन में आये इस तरह के असामान्य व्यवधान के कई कारण बताये जा रहे हैं। इनमें नए पायलट और क्रू रेस्ट नियमों का प्रभाव, तकनीकी ख़राबी और ऑपरेशनल लापरवाही, मौसम, भीड़भाड़ और उड़ान शेड्यूल में बदलाव जैसी वजहें मुख्य रूप से शामिल हैं। इस अव्यवस्था के चलते देश भर में विमान यात्रियों को जिस शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना को सहन करना पड़ा वह तो अपनी जगह पर परन्तु दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि इस कई एयरलाइंस कंपनियों ने इसी अव्यवस्था का फ़ायदा उठाकर देश के कई प्रमुख हवाई रूट्स पर किराए 2 से 10 गुना तक मंहगे कर दिए। उदाहरण स्वरूप दिल्ली-बेंगलुरु का सामान्य किराया जो 10,000 से 15,000 के मध्य होता था वह बढ़कर 70,000 तक और कुछ मामलों में तो 1 लाख से ज़्यादा और एयर इंडिया पर नॉन स्टॉप फ़्लाइट का 1.02 लाख तक पहुँच गया था। इसी तरह दिल्ली-मुंबई का किराया 25,000से 60,000 तक और कुछ विमानों में 93,000 से भी अधिक हो गया था। जबकि एयरलाइंस कंपनियों द्वारा दिल्ली-चेन्नई के 40,000 से लेकर 80,000+ तक वसूल किये गये। दिल्ली-पुणे, गोवा, लखनऊ पर भी 20,000 से 50,000 से भी अधिक की टिकट बेची गयी। डिमांड-सप्लाई गैप के कारण ख़ासकर इंडिगो की 60प्रति.+ मार्केट शेयर वाली फ़्लाइट्स कैंसिल होने के कारण यात्रियों को दूसरी एयरलाइंस में शिफ़्ट होना ही था। इसी का लाभ एयर इण्डिया ,एयर इण्डिया एक्सप्रैस, इस्पाईस जेट व अकासा एयर जैसी कई विमानन कंपनियों ने उठाया। हालांकि बाद में सरकार ने किराए की इस बेतहाशा बढ़ोतरी पर अस्थायी कैप लगाई ताकि अनुचित किराया बढ़ोतरी रोकी जा सके। अब विमानन क्षेत्र में मची इसी अफ़रातफ़री के सन्दर्भ में ज़रा नरेंद्र मोदी का वह कथन याद कीजिये जब मार्च 2014 में सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा था कि ÷मैं चाहता हूँ कि हमारे गाँव के ग़रीब, जो हवाई चप्पल पहनते हैं, वो हवाई जहाज़ में बैठें। मैं ये सपना देखता हूँ कि जिस ग़रीब की झोली में कभी दो जून की रोटी भी मुश्किल से आती थी, वो हवाई जहाज़ में सफ़र करे। क्या ये सपना देखना गुनाह है?÷ मोदी ने यह 'भावनात्मक जुमले' कई रैलियों में अलग-अलग शब्दों में दोहराये। यह भी सच है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत में हवाई अड्डों के विकास और संचालन में काफ़ी प्रगति हुई है। मुख्य रूप से क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान) के तहत कई नए हवाई अड्डे शुरू किए गए हैं, साथ ही पुराने बंद पड़े या कम उपयोग वाले हवाई अड्डों को पुनर्जीवित भी किया गया है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में जहाँ इसी वर्ष मुंबई का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शुरू किया गया है वहीँ महर्षि बाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम से अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दोनी पोलो एयरपोर्ट, ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), मोपाह एयरपोर्ट, गोवा (गोवा का दूसरा एयरपोर्ट), देवघर एयरपोर्ट, झारखंड, कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, उत्तर प्रदेश, पाक्योंग एयरपोर्ट, सिक्किम (सिक्किम का पहला एयरपोर्ट), पसीघाट, जीरो, होलोंगी, तेजू (अरुणाचल प्रदेश); आगत्ती (लक्षद्वीप),रीवा (मध्य प्रदेश), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), सतना और दतिया (मध्य प्रदेश),अलीगढ़, आज़मगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) आदि अनेक नये एयर पोर्ट विकसित किये गए हैं तो दिल्ली, लखनऊ, पुणे, ग्वालियर, जबलपुर जैसे कई हवाई अड्डों पर नये टर्मिनल का भी निर्माण किया गया है।



अब सवाल यह है कि विमानन क्षेत्र में होने वाले इस विकास से ग़रीबों को फ़ायदा हुआ या विमानन कंपनियों को ? क्या आज इस बात की कल्पना की जा सकती है कि पैरों में हवाई चप्पल धारण करने वाली यानी देश की ग़रीब जनता या दूसरे शब्दों में वे 80 करोड़ लोग जिन्हें सरकार ने 5 किलो मुफ़्त राशन पर आश्रित बना दिया है ऐसे लोग जो दस हज़ार रूपये की हवाई यात्रा की टिकट भी नहीं ख़रीद सकते वे लोग वही टिकट विमानन संचालन संकट के समय भला सत्तर हज़ार की कैसे ख़रीद सकते हैं ? यदि नहीं तो मोदी के उन 'जुमलों' की क्या हक़ीक़त जिसमें वे दो जून की रोटी भी मुश्किल से खाने वाले ग़रीब की हवाई यात्रा की 'जुमलेबाज़ी' करते हैं ? हाँ विमानन क्षेत्र में हो रहे विस्तार से स्पष्ट रूप से विमानन कंपनियों को फ़ायदे ज़रूर हुये हैं। इंडिगो जैसी कंपनियां ही 66 प्रति. से अधिक बाज़ार पर क़ब्ज़ा कर चुकी हैं। इंडिगो ने तो अपनी स्थापना के तीन वर्षों में ही लाभ कमाना शुरू कर दिया, और लागत नियंत्रण (जैसे ईंधन दक्षता) से सालाना 850 करोड़ रुपये की बचत की। देश के अनेक छोटे बड़े हवाई अड्डों का संचालन व रखरखाव अडानी की कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। जिसका फ़ायदा अडानी को पहुँच रहा है। इस बीच में हवाई चप्पलों वाला या 2 वक़्त की रोटी भी न खाने पाने वाले किसी व्यक्ति की हवाई यात्रा की गुंजाईश ही कहाँ नज़र आती है ? इस तरह की 'जुमलेबाज़ियाँ' आकर्षक, लोक लुभावन व भावनाओं को छूने वाली तो ज़रूर हो सकती हैं परन्तु इनका वास्तविकता से कोई वास्ता नहीं। सच्चाई तो यह है कि गत दिनों आये विमान संकट ने हवाई चप्पल वालों के हवाई यात्रा जैसे 'जुमले' ही हवा हवाई कर दिये।

## प्रेरक प्रसंग — ईमानदारी महान गुण है

नाव गंगा के इस पार खड़ी है। यात्रियों से लगभग भर चुकी है। रामनगर के लिए खुलने ही वाली है, बस एक-दो सवारी चाहिए। उसी की बगल में एक नवयुवक खड़ा है। नाविक उसे पहचानता है। बोलता है - आ जाओ, खड़े क्यों हो, क्या रामनगर नहीं जाना है? नवयुवक ने कहा, जाना है, लेकिन आज मैं तुम्हारी नाव से नहीं जा सकता।? क्यों भैया, रोज तो इसी नाव से आते-जाते हो, आज क्या बात हो गयी? आज मेरे पास उतराई देने के लिए पैसे नहीं हैं।
तुम जाओ। अरे! यह भी कोई बात हुई। आज नहीं, तो कल दे देना। नवयुवक ने सोचा, बड़ी मुश्किल से तो माँ मेरी पढ़ाई का खर्च जुटाती हैं। कल भी यदि पैसे का प्रबन्ध नहीं हुआ, तो कहाँ से दूँगा? उसने नाविक से कहा, तुम ले जाओ नौका, मैं नहीं जाने वाला। वह अपनी किताब कापियाँ एक हाथ में ऊपर उठा लेता है और छपाक नदी में कूद जाता है। नाविक देखता ही रह गया। मुख से निकला- अजीब मनमौजी लड़का है। छप-छप करते नवयुवक गंगा नदी पार कर जाता है। रामनगर के तट पर अपनी किताबें रखकर कपड़े निचोड़ता है। भींगे कपड़े पहनकर वह घर पहुँचता है। माँ रामदुलारी इस हालत में अपने बेटे को देखकर चिंतित हो उठी।
अरे! तुम्हारे कपड़े तो भीगें हैं? जल्दी उतारो।
नवयुवक ने सारी बात बतलाते हुए कहा, तुम्ही बोलो माँ, अपनी मजबूरी मल्लाह को क्यों बतलाता? फिर वह बेचारा तो खुद गरीब आदमी है। उसकी नाव पर बिना उतराई दिए बैठना कहाँ तक उचित था? यही सोचकर मैं नाव पर नहीं चढ़ा। गंगा पार करके आया हूँ। माँ रामदुलारी ने अपने पुत्र को सीने से लगाते हुए कहा, बेटा, तू जरूर एक दिन बड़ा आदमी बनेगा। वह नवयुवक अन्य कोई नहीं लाल बहादुर शास्त्री थे, जो देश के प्रधानमंत्री बने और 18 महीनों में ही राष्ट्र को प्रगति की राह दिखायी।

### आपका पत्र मिला

## गद्दारों को मिले सजा-ए-मौत

खबरों के मुताबिक असम के तेजपुर से वायु सेना के एक रिटायर्ड अफसर को गिरफ्तार किया गया है जो सोशल मीडिया के जरिए देश की रक्षा से जुड़ी संवेदनशील व गोपनीय जानकारियां पाकिस्तानी एजेंटों तक पहुंचाने का काम कर रहे थे। पिछले कई महीनो में सेना के अफसर, जवान तथा नागरिक (चाहे महिला हो या पुरुष) पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़े गए हैं, जो महत्वपूर्ण सैन्य व सुरक्षा संबंधी जानकारी पाकिस्तान को देते रहे हैं। यह बहुत ही दुखद है, जो खाते देश का है, बजाते पाकिस्तान का। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भारतीय सेना के अफसरों, जवानों तथा अन्य नागरिकों को भारी भरकम पैसों का लालच देकर तथा हनी ट्रैप में फंसा कर, उनसे जासूसी करवाती रहती है। हमारे देश के ये लोग लालच के चलते आसानी से जाल में फंस जाते हैं, फिर उनके इशारों पर कठपुतली की तरह नाचते हैं। इन लोगों को तनिक भी देश व जनता का ख्याल नहीं आता है। देश को आजाद करने के लिए अनगिनत कुर्बानियां दी गई है, मगर ऐसे देश के गद्दार लोग चंद पैसों के लालच में देश के साथ गद्दारी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इन लोगों को जाल में फंसने से पहले सोचना चाहिए कि पैसे से भी बड़ा देश है, देश हमें सब कुछ देता है। उन्हें तनिक भी विचार नहीं आता है कि जब वे ऐसी महत्वपूर्ण जानकारियां पाकिस्तान को देते हैं तो पाकिस्तान अपने ही देश में अशांति फैलाने से बाज नहीं आता है। देश के साथ इस तरह की गद्दारी करने वालों गद्दारों की एक ही सजा है, सजा-ए-मौत! जो देश की स्वतंत्रता व शांति को खतरे में डालने का काम करते हैं।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# ब्लड शुगर का स्तर नहीं बढ़ाते हैं ये फल, डाइट में करें शामिल



फल शरीर को पोषण देने वाले कई विटामिन और खनिजों से भरपूर होते हैं और इनका सेवन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकता है। हालांकि, मधुमेह रोगियों के लिए फल खाना मुश्किल हो जाता है क्योंकि उनमें प्राकृतिक रूप से शक्कर होती है, जो ब्लड शुगर का स्तर बढ़ा सकती है। ऐसे लोग फल खाने से डरते हैं, लेकिन कुछ फल ऐसे भी होते हैं, जो ब्लड शुगर का स्तर नहीं बढ़ाते हैं। आइए ऐसे ही फल जानते हैं।



**संतरा-** संतरे में मौजूद एंथोसायनिन नामक एंटी-ऑक्सीडेंट मधुमेह के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है। एंथोसायनिन शरीर में इंसुलिन हार्मोन के उत्पादन को नियंत्रित कर मधुमेह के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है। ट संतरे में सूजन कम करने वाले गुण भी होते हैं, जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें फाइबर भी होता है, जो पाचन क्रिया को सुधारने में सहायक हो सकता है।

**नींबू-**नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड और विटामिन-सी एंटी-ऑक्सीडेंट की तरह काम करके मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद हो सकता है। नींबू में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर में इंसुलिन हार्मोन के उत्पादन को नियंत्रित कर मधुमेह के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा नींबू में सूजन कम करने वाले गुण भी होते हैं। लाभ के लिए रोजाना एक गिलास पानी में आधा नींबू निचोड़े और पीएं।

**एवोकाडो-** एवोकाडो एक ऐसा फल है, जो फाइबर का अच्छा स्त्रोत होने के साथ ही कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला होता है। यह फल अच्छे वसा से भरपूर होता है, जो ब्लड शुगर के स्तर को बढ़ने से रोक सकता है। इसके अतिरिक्त इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड, मैग्नीशियम, पोटैशियम और फोलेट जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। लाभ के लिए रोजाना इसका सेवन करें। एवोकाडो से कई तरह के व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं।

**जामुन-**जामुन भी कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला फल है, जिस वजह से यह ब्लड शुगर के स्तर को प्रभावित किए बिना पाचन क्रिया में धीरे-धीरे अवशोषित होता है। इसके अतिरिक्त जामुन में एंथोसायनिन नामक एंटी-ऑक्सीडेंट होता है, जो एंटी-डायबिटिक गुण की तरह काम करके ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। यह फल खाने में भी बहुत स्वादिष्ट होता है।

# क्या आपके पास सूती स्कर्ट है? इसे स्टाइल करने के तरीके



सूती कपड़े सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि ये आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी होते हैं। सूती स्कर्ट एक ऐसा ही विकल्प है, जो आपको ठंडक और आराम दोनों देता है। इस लेख में हम आपको सूती स्कर्ट को अलग-अलग तरीकों से पहनने के बारे में बताएंगे ताकि आप हर मौके पर सबसे अलग और खूबसूरत दिखें। इन उपायों को अपनाकर आप अपनी सूती स्कर्ट को कई तरीके से पहन सकती हैं।

**सफेद टी-शर्ट के साथ करें मेल**

सफेद टी-शर्ट के साथ सूती स्कर्ट का मेल बहुत ही सुंदर लगता है। यह मेल आपको एक साफ और ताजगी भरा लुक देता है। आप चाहें तो सफेद टी-शर्ट को अंदर टक करके पहन सकती हैं या फिर इसे ढीला छोड़ सकती हैं। इसके साथ स्नीकर्स पहनकर आप एक रोजमर्रा के उपयोग के लिए लुक पा सकती हैं। यह पहनावा न केवल आरामदायक है बल्कि आपको आकर्षक भी बनाता है, जिससे आप हर मौके पर सबसे अलग दिखें।

**रंग-बिरंगी क्रॉप टॉप के साथ मिलेगा स्टाइलिश लुक**

अगर आपकी सूती स्कर्ट सफेद या हल्के रंग की है तो आप इसे रंग-बिरंगे क्रॉप टॉप के साथ पहन सकती हैं। लाल, हरे या नीले रंग का क्रॉप टॉप आपके लुक को खास बना सकता है। इसके साथ ही आप हल्की एक्सेसरीज पहनकर अपने लुक को पूरा कर सकती हैं। यह पहनावा न केवल आपको आकर्षक दिखाएगा बल्कि हर मौके पर आपको सबसे अलग भी बनाएगा। इसके साथ ही आप अपने स्टाइल में एक नया बदलाव जोड़ सकती हैं।

**डेनिम जैकेट के साथ दिखें कूल**

अगर आप अपने लुक में थोड़ा बदलाव चाहती हैं तो डेनिम जैकेट सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। इसे अपनी सूती स्कर्ट के ऊपर पहनें और साथ में स्पोर्ट्स जूते पहनें। यह मेल आपको एक कूल और मजेदार लुक देगा, जो हर उम्र की महिलाओं पर फबता है। इसके साथ हल्की एक्सेसरीज पहनकर आप अपने स्टाइल को और भी खास बना सकती हैं। यह लुक न केवल आकर्षक है बल्कि आरामदायक भी है।

**पारंपरिक टच के लिए कुर्ती के साथ आजमाएं**

अगर आप पारंपरिक पहनावे को पसंद करती हैं तो कुर्ती के साथ सूती स्कर्ट एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आप किसी भी रंग की कुर्ती चुन सकती हैं, लेकिन अगर वह कढ़ाई वाली हो तो उसका लुक और भी खास लगेगा। इसके साथ झुमके या चूड़ियां पहनकर आप अपने पारंपरिक लुक को पूरा कर सकती हैं। यह पहनावा न केवल पारंपरिक है बल्कि आपको आकर्षक भी बनाएगा, जिससे आप हर मौके पर सबसे अलग दिखेंगी।

कॉलर्ड टॉप के साथ लॉन्ग स्कर्ट

सर्दियों के मौसम में फुल स्लीव्स के टॉप रेलिवेंट होते हैं। और आपको बता दूं, अगले 2 से 3 महीनों के लिए यह सबसे कंफर्टेबल और फस फ्री लुक हो सकता है। लाइट मेकअप के साथ इस स्कर्ट और शर्ट वाले टॉप को ऑफिस से लेकर ईवनिंग आउटिंग तक हर जगह बिना दूसरी बार सोचे पहना जा सकता है। हेयर स्टाइल के लिए भी बिना सोचे आप बन भी ट्राई कर सकती हैं और बालों को खुला भी छोड़ सकती हैं। बस, इस स्कर्ट लुक पर हील्स मिस न करें।

**शर्ट के साथ लॉन्ग स्कर्ट**

कॉलर वाली फिटेड शर्ट के साथ लॉन्ग स्कर्ट काफी अचछी दिखती हैं! यह सबसे ईजी और कंफर्टेबल तरीका है लॉन्ग स्कर्ट को फटाफट स्टाइल करने का। लेकिन आप इसे मिक्स-मैच करके और करेक्ट जूलरी के साथ गेट-टुगेदर और पार्टियों में भी पहन सकती हैं। इस खूबसूरत ब्लैक एंड व्हाइट कॉम्बिनेशन के साथ बहुत सारे कलर मैच किए जा सकते हैं।

# पालक बनाम केल- इनमें से किसका सेवन सेहत के लिए है ज्यादा फायदेमंद?



सब्जियों को सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है क्योंकि इनमें कई पोषक तत्व होते हैं। हालांकि, पालक और केल जैसी कुछ पत्तेदार सब्जियां ऐसे पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, जो सेहत के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती हैं। इन दोनों पत्तेदार सब्जियों में पोषक तत्वों की मात्रा अधिक होती है, लेकिन इनमें से एक का सेवन सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद है। आइए जानते हैं कि इन दोनों में से किसका सेवन ज्यादा लाभकारी है। **पालक के फायदे-** पालक विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-के और आयरन से भरपूर होता है। यह दिल की सेहत को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है क्योंकि इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर में होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। पालक का सेवन ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने, सूजन को कम करने और आंखों की रोशनी को तेज करने में भी मदद कर सकता है। **केल के सेवन से मिलने वाले फायदे-** केल को सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है और यह विटामिन-के, विटामिन-सी, विटामिन-ए और कैल्शियम का एक अच्छा स्रोत है। केल का सेवन दिल की बीमारी के खतरे को कम करने, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। केल में एंटी-ऑक्सीडेंट भी होते हैं, जो कैंसर के खतरे को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा यह पाचन को भी स्वस्थ रख सकता है।

**दोनों में से किसका सेवन है ज्यादा फायदेमंद?**

पालक और केल दोनों ही सेहत के लिए फायदेमंद पत्तेदार सब्जियां हैं, लेकिन इनमें से पालक का सेवन ज्यादा फायदेमंद है। इसमें मौजूद आयरन और फोलेट गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत जरूरी होते हैं, वहीं इसमें मौजूद विटामिन-सी आयरन के अवशोषण को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा पालक में केल की तुलना में अधिक फाइबर और कम कैलोरी होती हैं, जो पाचन को बेहतर रखने में सहायक हैं।

## सर्दियों में हाई नेक ड्रेस पहनती हैं? इन बातों का रखें खास ध्यान



सर्दियों में महिलाएं हाई नेक ड्रेस पहनना पसंद करती हैं क्योंकि ये न केवल ठंड से बचाती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती हैं। हालांकि, इनकी देखभाल करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। सही तरीके से देखभाल करने पर इनकी उम्र बढ़ सकती है और ये हमेशा नई जैसी दिखती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी हाई नेक ड्रेस की देखभाल कर सकती हैं।

**ड्रेस को धोने का सही तरीका अपनाएं-** हाई नेक ड्रेस को धोने का सही तरीका अपनाना बहुत जरूरी है। हमेशा लेबल पर लिखी धुलाई की दिशा निर्देशों का पालन करें। अगर ड्रेस पर हाथ से धोएं लिखा हो तो उसे हाथ से ही धोएं। गर्म पानी का उपयोग न करें क्योंकि इससे कपड़ा सिकुड़ सकता है और रंग उड़ सकता है। ठंडे पानी और हल्के साबुन का उपयोग करें। इसके अलावा ड्रेस को उल्टा करके धोएं ताकि रंग फीका न हो।

**सुखाने का तरीका भी है अहम-** ड्रेस को सुखाने का तरीका भी अहम है। कभी भी ड्रेस को सीधे धूप में न सुखाएं क्योंकि इससे रंग फीका पड़ सकता है और कपड़ा खराब हो सकता है। बेहतर होगा कि आप ड्रेस को हवा में सुखाने के लिए किसी हुक या रॉड पर लटका दें। अगर संभव हो तो इसे छायादार जगह पर रखें ताकि प्राकृतिक हवा से यह सूख जाए। इससे आपकी ड्रेस की गुणवत्ता बनी रहेगी और वह जल्दी सूख जाएगी।

## ठंड का मौसम हृदय रोगियों के लिए दोगुनी चुनौती



अक्सर यह देखने को मिलता है कि सर्दियों में हॉर्ट संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। यह मौसम हृदय और रक्त वाहिकाओं से जुड़ी समस्याओं वाले लोगों के लिए चुनौती भरा होता है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों ने यूके, आयरलैंड और नीदरलैंड में किए गए एक स्टडी में पाया कि ठंड के दौरान दिल का दौरा और स्ट्रोक होने की आशंका दोगुनी से भी अधिक हो जाती है। हमारा हृदय और रक्त वाहिकाएं, रक्त के प्रवाह को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार पर्यावरण के अनुरूप ढलती रहती हैं। ठंड के दिनों में हमारा तंत्रिका तंत्र शरीर के तापमान को गिरने से रोकने के लिए कई अंगों को अति सक्रिय कर देता है, जिससे हृदय पर दबाव बढ़ता है। शरीर की यह प्राकृतिक प्रतिक्रिया ही हृदय के लिए जोखिम बढ़ा देती है। इसलिए सर्दियों में अपनी जीवनशैली और आहार में सावधानी बरतना और आवश्यक बचाव के उपाय करना हर किसी के लिए, विशेष रूप से वृद्ध लोगों और हृदय रोगियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। **ब्लड प्रेशर में वृद्धि-** ठंड के संपर्क में आने पर शरीर अपनी गर्मी बचाने के लिए रक्त वाहिकाओं को सिकोड़ देता है, इस प्रक्रिया को वासोकोन्स्ट्रिक्शन कहते हैं। इस संकुचन के कारण हृदय को ब्लड पंप करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ जाता है। बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर दिल के दौरे और स्ट्रोक के जोखिम को सीधे बढ़ाता है।

# बेहतरीन बेली डांसर बनना चाहती हैं तो इन बातों का रखें ध्यान



बेली डांस एक मध्य पूर्वी डांस शैली है, जिसे रक्स शर्की भी कहा जाता है। यह शरीर की लचक और तालमेल को बढ़ावा देता है। इसमें कमर, हाथों और ऊपरी शरीर को लचीले तरीके से हिलाया जाता है। अगर आप एक बेहतरीन बेली डांसर बनना चाहते हैं तो आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। आज हम आपको बेली डांस के दौरान ध्यान रखने वाली अहम बातें बताएंगे, जिससे आपकी प्रतिभा निखरेगी और आप बेहतरीन डांसर बन सकेंगे।

**सही कपड़े चुनें-** बेली डांस के लिए सही कपड़े चुनना बहुत जरूरी होता है। बेली डांस वाले पारंपरिक कपड़ों में चोली और स्कर्ट शामिल होती हैं, जिसमें पेट दिखता रहता है। स्कर्ट के अलावा आप प्लाजो पैंट भी चुन सकते हैं। इसके अलावा महिलाएं बेल्ट और कमर वाली चेन भी पहनती हैं, जो डांस मूव्स को और भी आकर्षक बना सकते हैं। ध्यान रखें कि आपके कपड़े ऐसे हों, जिनमें आप आसानी से मूवमेंट कर सकें और रुकावट महसूस न हो।

**वार्म अप करना न भूलें-** बेली डांस शुरू करने से पहले वार्म अप करना नहीं भूलना चाहिए। इससे आपके शरीर की मांसपेशियां तैयार होती हैं और चोट लगने का खतरा कम हो जाता है। तैयारी के लिए आप हल्की-फुल्की स्ट्रेचिंग कर सकते हैं, जिससे आपका शरीर लचीला बनेगा और आप आसानी से डांस मूव्स कर सकेंगे। इसके अलावा वार्म अप से आपका रक्त संचार भी बढ़ जाएगा है, जिससे ऊर्जा स्तर में सुधार होता है और सांस नहीं फूलती है।

**तालमेल बनाना सीखें-** बेली डांस में तालमेल बहुत अहम होता है। संगीत के साथ अपने मूवमेंट का मेल करना सीखें, ताकि आपका डांस और संगीत एक साथ चलें। इसके लिए आप पहले धीमे संगीत पर अभ्यास करें और धीरे-धीरे तेज संगीत पर जाएं। ध्यान रखें कि हर कदम और हर घुमाव संगीत की लय के साथ मेल खाता हो। इससे आपका डांस पेशेवर लगेगा और आप बेहतर तरीके से प्रदर्शन कर सकेंगे।

**हाथों और कूल्हों की स्थिति पर ध्यान दें**

बेली डांस करते समय हाथों और कूल्हों की स्थिति भी महत्वपूर्ण होती है। अपने हाथों को सही तरीके से उठाएं और उन्हें घुमाते हुए चलाएं। इसके अलावा कूल्हों को सही तरीके से घुमाना भी जरूरी है, ताकि सही लचक हासिल की जा सके। इसके लिए आप पहले धीमी गति से अभ्यास करें और धीरे-धीरे तेज गति पर जाएं। ध्यान रखें कि हर मूवमेंट सही तरीके से हो, ताकि आपका प्रदर्शन पेशेवर लगे और आप बेहतर तरीके से नाच सकें।

**नियमित अभ्यास करें-**बेली डांस सीखने के लिए नियमित अभ्यास करना बहुत जरूरी है। जितना ज्यादा आप अभ्यास करेंगे, उतना ही बेहतर आपका प्रदर्शन होगा। रोजाना कुछ मिनट निकालकर अलग-अलग स्टेप्स का अभ्यास करें और उन्हें सुधारते रहें। इसके अलावा वीडियो देखकर नई तकनीकों को सीखने की कोशिश करें। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप एक पेशेवर की तरह डांस कर सकेंगे। नियमित अभ्यास से आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी और आप अधिक लचीले बनेंगे, जिससे आपका प्रदर्शन और भी आकर्षक लगेगा।

# कोजिक एसिड को करें अपनी त्वचा की देखभाल में शामिल



कोजिक एसिड एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो जापान से आया है। यह जापान की पारंपरिक शराब साके बनाते समय निकलता है, जो जे-ब्यूटी का अहम हिस्सा है। कोजिक एसिड सौम्यता से एक साथ त्वचा की कई परेशानियों को ठीक करने में मदद करता है। आपको यह पदार्थ कई तरह के स्किनकेयर उत्पादों में मिल जाएगा और इससे बनी क्रीम सबसे फायदेमंद मानी जाती है। आइए जानते हैं इससे त्वचा की देखभाल करने के क्या फायदे होते हैं।

**रंजकता का करता है इलाज-**ज्यादातर भारतीय महिलाएं असमान रंगत की समस्या से जूझती हैं। इसे ठीक करने में कोजिक एसिड बहुत लाभदायक साबित हो सकता है। यह त्वचा की अंदरूनी परतों में गहराई तक प्रवेश करता है और मेलानिन के समूह को तोड़ने का काम करता है, जो काले धब्बे पैदा करते हैं। यह न केवल रंगकता को ठीक करके समान रंगत देता है, बल्कि अपने प्रतिबंधक गुणों के कारण दोबारा काले धब्बे होने भी नहीं देता है। **देता है**

**प्राकृतिक निखार-**कोजिक एसिड का सबसे प्रमुख फायदा है कि यह त्वचा को निखार देता है। यह त्वचा में मेलेनिन बनने से रोकता है, जिससे नए काले धब्बे नहीं होते और पुराने धब्बों का भी सफाया होता है। इसके बाद जो त्वचा सामने आती है, वह बेदाग और निखरी होती है। साथ ही यह मृत त्वचा को साफ करने का भी काम करता है, जिससे नई त्वचा नजर आती है। यह त्वचा प्राकृतिक रूप से निखरी होती है। **मुंहासों का करता है सफाया-**कोजिक एसिड का इस्तेमाल करके आप अपने चेहरे पर होने वाले मुंहासों को भी ठीक कर सकते हैं। इस एसिड में प्राकृतिक एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा की सतह से मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया का सफाया कर देते हैं। यह त्वचा के पीएच संतुलन को बनाए रखते हुए धीरे-धीरे मुंहासों को ठीक करता है और उनके जिद्दी धब्बों को भी पूरी तरह गायब कर देता है। इसके नियमित इस्तेमाल से मुंहासे निकलना भी कम हो जाएगा। **बुढ़ापे के लक्षण हो जाते हैं कम-** कोजिक एसिड निखार देने के साथ-साथ बढ़ती उम्र के लक्षणों को भी कम करता है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है, जो बुढ़ापे का कारण बनने वाले मुक्त कणों की क्षति से त्वचा को बचाता है। कोजिक एसिड प्रदूषण, यूवी किरणों और धूल-मिट्टी से त्वचा का बचाव करने में सक्षम होता है। इसके नियमित इस्तेमाल से महीन रेखाएं, झुर्रियां और झाइयां आसानी से ठीक हो जाती हैं। **त्वचा हो जाती है मुलायम-** कोजिक एसिड को रोजाना लगाने से आपकी त्वचा की बनावट में सुधार हो सकता है। यह कोमल एक्सफोलीएटिंग गुण प्रदान करता है, जो त्वचा को मुलायम बनाने में सहायता करते हैं। इसे लगाने से मृत त्वचा सौम्य तरीके से साफ होती है, जिससे स्वस्थ और मुलायम त्वचा मिल जाती है।

# कंथलूर को 'केरल का कश्मीर' क्यों कहते हैं?



**नीलकुरिंजी-** कंथलूर में हर 12 साल में नीले रंग के फूल नीलकुरिंजी खिलते हैं। ऐसा नजारा देखने योग्य होता है जब पहाड़ अचानक नीले कालीन से ढक जाते हैं। दूर-दूर से वैज्ञानिक और यात्री इसे देखने आते हैं। कंथलूर नीलगिरी बायो-रिजर्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। नीलकुरिंजी का खिलना प्रकृति की एक दुर्लभ घटना है और कंथलूर इसका घर है।

**बार्टर सिस्टम-** यहां कई गांवों में आज भी लोग सामान के बदले सामान लेते हैं, सब्ज़ी के बदले फल, दूध के बदले अनाज। यह परंपरा बताती है कि कंथलूर सिर्फ खूबसूरत नहीं, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध है।

**ऑर्गेनिक खेती का केंद्र-** कई लोग इसे ÷साउथ इंडिया की सब्जी की टोकरी÷ भी कहते हैं। यहां ऑर्गेनिक गाजर, स्ट्रॉबेरी, शहद, चाय और मसाले, संतरे और प्लम, राजमा और स्थानीय दालें उगाई जाती हैं। यहां की ताजी फल-सब्जियां किसी भी शहर के स्वाद को फीका कर देती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**सोमवार, 15 दिसंबर, 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते हेमंत ऋतौ पौष मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, एकादशी तिथौ सोम वासरे 21/21/ चित्रा नक्षत्रे 26/53/ शोभन योग 12/30/ बव करणे 08/06/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार -** सफल एकादशी। सूर्य मूल नक्षत्र में एवं सूर्य की धनु संक्रांति घं.28मि.20 पर।

**मेष :** परिश्रम से ही महान कार्यों की सिद्धि होगी। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। शुभ कार्यों का परिणाम उत्साहवर्धक होगा। दुविधाएं समाप्त होंगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनों का सहयोग रहेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा।

**मिथुन :** स्वास्थ्य नरम रहेगा। आकस्मिक व्यय होगा। कार्य बंधन से मन में खिन्नाता रहेगी। वाद-विवाद व आरोप का भय होगा।

**कर्क :** रुके धन की प्राप्ति होगी। कारोबारी प्रगति होगी। स्वजन हित पीडा देंगे। निजी कार्यों में प्रगति होगी। प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह :** रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ेगी। अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। वाणिज्यिक कार्यों पर व्यय बढ़ेगा। आस्था बढ़ेगी।

**कन्या :** संदेह और संकोच नष्ट हो जाएंगे। नवीन योजनाओं के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होंगे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** भविष्य की योजनाएं पूरी होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।

**धनु :** आय व्यय समानता रहेगी। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मनोकूल कार्य की सिद्धि होगी। सश्रम सफलता मिलेगी।

**मकर :** जनसंपर्क बढ़ेगा। संचित धन व्यय होगा। पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। वृद्ध परिजन को स्वास्थ्य हानि मिलेगी।

**कुंभ :** मित्रों से उपहार मिलेंगे। धार्मिक कृत्यों में आस्था होगी। पत्नी का सुख उत्तम रहेगा।

**मीन :** धार्मिक कार्यों में आस्था रहेगी। पराक्रमों में वृद्धि होगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। विशेष प्रयास सार्थक होंगे।

## खबर एक नजर

### युवक ने बालिका को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया

**सलोन, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 15 वर्षीय नाबालिक बालिका को बहला .फुसलाकर कर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है पुलिस ने पांच आरोपीयों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बीते गुरुवार को नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक बालिका घर पर अकेली थी। परिजन किसी काम से बाहर गये थे। इसी का फायदा उठाकर पडोसी गांव के एक युवक ने बालिका को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। जब परिजन घर वापस आए तो देखा कि उनकी बेटी घर पर नहीं मौजूद है तब परिजन खोज बीन करना चालू किया। जब बालिका का कहीं अताए पता न चल सका तो बालिका के मां ने पडोसी गांव के एक युवक और चार अन्य लोगो पर नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए नसीराबाद थाने में तहरीर दे दी। थाने में दी गयी तहरीर में मां ने आरोप लगाया है कि पडोसी गांव के एक युवक व चार अन्य लोगो ने मेरी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़ित मां की तहरीर के आधार पर सुक्कड व रोहित पुत्रगण रामबरन व मन्जू पुत्री रामबरन व राम बरन की पत्नी व राम बरन पुत्र अज्ञात निवासी पूरे मुक्तियार मजरे कुढ़ा के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 240/2025 धारा 137 (2) व 87 बी एन एस के तहत मामला दर्ज कर लिया। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक राजीव कुमार को सौंपी गई है।

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 142 मरीजों का इलाज

**लालगंज (रायबरेली)।** ब्लॉक के चारों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन हुआ। इस दौरान 142 मरीजों को जांच कर उन्हें दवाई वितरित की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंबारा पश्चिम में 42 मरीज देखे गए। जबकि जगतपुर भिचकौरा में 37, पूरे भैरोमिश्र में 22 और बेहटा कला में 41 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाई दी गई। सीएचसी अधीक्षक डा0 अमल पटेल ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में 142 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिला।

विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों की ठगी, पीड़ितों ने एसपी से लगाई गुहार लालगंज (रायबरेली)। विदेश भेजने के नाम पर बड़े स्तर की ठगी का मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र डलमऊ रोड पर संचालित एक फर्जी कंपनी ने अजरबैजान में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक सौ से अधिक युवाओं से एक करोड़ रुपये से ज्यादा वसूल लिए। पीड़ितों ने बताया कि कंपनी के संचालकों ने इलेक्ट्रिशियन, शटरिंग और फूड पैकेजिंग के नाम पर भर्ती की प्रक्रिया चलाई। किसी से 90 हजार तो किसी से एक से डेढ़ लाख रुपये तक वसूले गए। कंपनी ने युवाओं को पासपोर्ट, वीजा और फर्जी हवाई टिकट भी उपलब्ध कराए। करीब 40 युवकों को दिल्ली एयरपोर्ट तक भेज दिया गया। वहां दस्तावेजों की जांच में ठगी का खुलासा हो गया। आरोपियों की ओर से उपलब्ध कराए गए सभी कागजात फर्जी निकले। विदेश जाने के नाम पर पहले ही मोटी रकम वसूल की जा चुकी थी। मुख्य आरोपी गोरखपुर निवासी बताया जा रहा है, जबकि गिरोह में शामिल अन्य सदस्य रायबरेली और फतेहपुर के रहने वाले हैं। ठगी के शिकार कई युवकों पहले कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। कोई कार्यवाही नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार, महिला की मौत

**रायबरेली।** ऊंचाहार सीमा पर शनिवार की रात ट्रैक्टर.ट्रॉली से टकराकर कार सवार महिला की मौत हो गईए जबकि पति घायल हो गया। प्रतापग? जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां गांव निवासी मो कामरान 52 शनिवार की शाम कार से अपनी पत्नी सायरा बानो 45 व बेटे माज 15 के साथ रायबरेली शहर स्थित अपने आवास जा रहे थे। लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर नवाबगंज थाना क्षेत्र के ब्रह्मौली तिराहे के पास ट्रैक्टर ट्राली ने कार टकरा गई। ट्राली में लदी लकड़ी कार का शीशा तोड़ते हुए सायरा बानो के सीने में घुस गई, इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनके पति कामरान को चोटें आई। कार में पीछे बैठा बेटा माज बच गया।

### आरेडिका में यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर सेमिनार का आयोजन

**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में कार्मिक विभाग की ओर से कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम-2013 के विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा, गरिमा तथा नैतिक आचरण के संबंध में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यस्थल को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं उत्पीड़न-मुक्त बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया और अधिनियम 2013 के प्रावधानों एवं शिकायत निवारण की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य व्याख्यान सेवानिवृत्त डीआईजी रतन कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिया गया, जिनके अनुभव एवं मार्गदर्शन ने प्रतिभागियों को विषय की गहन समझ प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र रहे। साथ ही आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन और प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम में रही। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके माध्यम से कर्मचारियों के लिए एक संवेदनशील, सुरक्षित और गरिमामय कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

### आरएसएस का शताब्दी वर्ष अभियान: घर घर संपर्क कर स्वयंसेवकों ने दिया पंच परिवर्तन का संदेश

**लालगंज (रायबरेली)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने सोमवार को नगर में घर घर संपर्क किया। लोगों को भारत माता का चित्र और संघ का साहित्य भेंट किया गया। साथ ही उन्हें पांच सामाजिक परिवर्तनों का संदेश दिया। अभियान में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की जिला इकाई की 20 टोलियों के करीब एक हजार कार्यकर्ता शामिल हैं। ये टीमें दस बस्तियों में संपर्क कार्य कर रहीं हैं। अभियान 21 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा। शुक्रवार को सह प्रांत प्रचारक संजय की अगुवाई में स्वयंसेवकों ने साकेत नगर, बरदाही, बाईपास सहित अन्य बस्तियों में अभियान चलाया। जिला प्रचारक अजीत ने बताया कि शताब्दी वर्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें पथ संचलन, सामाजिक सद्भाव बैठक और हिंदू सम्मेलन शामिल हैं। कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग से संपर्क कर रहे हैं। पंच परिवर्तन के रूप में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन और नागरिक कर्तव्य बोध की जानकारी दी जा रही है।

### कैंसर के शीघ्र निदान पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

**रायबरेली।** आरजीसीआईआरसी-(राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर) और प्राइवेट डॉक्टर्स एसोसिएशन, मुरादाबाद के सहयोग से आयोजित सीएमई में डॉ. कपिल गोयल (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) और डॉ. गरिमा डागा (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) ने कैंसर जेनेटिक्स व स्तन कैंसर के शीघ्र निदान पर महत्वपूर्ण सत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में क्षेत्र के चिकित्सकों ने सक्रिय सहभागिता कर प्रारंभिक पहचान, जोखिम आकलन और समय पर रेफरल की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया।

**विनी की किताब**-हंगामा ओटीटी ने स्ट्रीम हो रही नई ओरिजिनल सीरीज 'विनी की किताब' की घोषणा की, जिसमें आलिया पंवार, अभिषेक कपूर, संजय गगनानी, मानसी जैन और अफरीन अल्वी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कानपुर,हंगामा डिजिटल मीडिया के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर संजीव लांबा के अनुसार, यह सीरीज महिलाओं की अनकही भावनाओं और उनके भीतर लिए गए फैसलों को सशक्त आवाज़ देती है।

## मंदिर से चोरी हुई 200 साल पुरानी करोड़ों की मूर्ति, पुलिस के गिरफ्त में कब होंगे चोर

### रामपुर बरारा गांव में राम, लक्ष्मण, सीता तीनों अष्टधातु की थी मूर्ति, पुजारी ने देखा सुबह खुला पड़ा था गेट

### एक कुंटल 5 किलो के करीब की वजन की थी तीनों मूर्ति, प्रभारी ने कहा जल्द होगा अनावरण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, डलमऊ रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बरारा गांव में चोरों के आतंक से आस्था के केंद्र बिंदु पर सेंध मारी की घटना से श्रद्धालुओं के आस्था को ठेस पहुंची और साथ ही साथ करोड़ों की चोरी से पुलिस की सक्रियता पर प्रश्न चिन्ह पैदा हो गए। बीते दिन रामपुर बरारा गांव में स्थित राम जानकी मंदिर से पुजारी के अनुसार करोड़ों रुपए की 200 साल पुरानी मूर्ति चोरी की गई। घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह मंदिर के पुजारी राजाराम बाजपेई साफ-सफाई के लिए मंदिर पहुंचे तो देखा कि मंदिर का गेट खुला मिला और ताला टूटा, अंदर से मूर्तियां गायब तत्काल उपस्थित लोगों ने वारदात की सूचना पुजारी सहित ग्रामीणों ने पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पीआरबी और कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा मंदिर प्रबंधन के द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने चोरों के फिराक में घर पकड़ शुरू कर दी है। मंदिर प्रबंधन के अनुसार राम जानकी और लक्ष्मण की मूर्तियां 35-35 किलो की थी चोरी की घटना का पता सुबह तकरीबन 6.00 चला जैसे ही गांव सहित क्षेत्र में चोरी की जानकारी पहुंची पूरे गांव में सनसनी का माहौल फैल गया। चोरी की इस घटना घटित होने के बाद पुलिस की सक्रियता और रात्रि ग्रस्त पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए नजर आ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल डायल 112 की रात्रि ग्रस्त पर खड़ा होता है क्या उपरोक्त क्षेत्र में पुलिस के द्वारा रात्रि ग्रस्त पर शिथिलता बरती जा रही है। आखिर चोरों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो पा रहे है। घटना के बाद से कई श्रद्धालुओं में रोष है क्योंकि सवाल उनकी आस्था का है। हालांकि कोतवाली प्रभारी डलमऊ ने बताया प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई बहुत ही जल्द उपरोक्त घटना से पर्दा उठा दिया जाएगा और कानून के शिकंजे में चोर होंगे। तीनों मूर्तियां का वजन लगभग एक कुंटल 5 किलो के करीब है। जिनकी कीमत करोड़ों रुपए में बताई जा रही है। हालांकि स्वतंत्र भारत इन बातों की पुष्टि नहीं करता। मंदिर प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चोरी यह घटना सामान्य नहीं है बल्कि करोड़ों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

> रामपुर बरारा गांव में हुई चोरी की घटना संज्ञान में लेते हुए तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करके जांच की जा रही है। घटना का अनावरण जल्द किया जाएगा।
> **श्याम कुमार पाल**
> **कोतवाली प्रभारी डलमऊ**

### दहेज उत्पीड़न रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के त्रिवेदीपुर गांव निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। गांव निवासिनी पीड़िता अंजना भास्कर ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि उसका विवाह 20 मई 2025 को चमनगंज मोहल्ला निवासी आकाशदीप से हुआ था। पति आकाशदीप, सास सरोजिनी देवी, ननद संगीता व किरन और रिश्तेदार रवि कुमार उसे लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। परिजनों की ओर से बार बार 10 लाख रुपये नगद और सोने के कंगन की मांग की जा रही थी। विवाहिता ने आरोप लगाया कि इसी बात को लेकर उसके साथ कई बार मारपीट की गई। इसी साल 10 जुलाई को आरोपी उसके मायके पहुंचे और गाली गलौज करते हुए उसे मारा। आरोपियों ने उसके भाई से मारपीट भी की।

## नोडल अधिकारी ने करनपुर में आयोजित ग्राम चौपाल में सुनीं लोगों की समस्याएं

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** नोडल अधिकारी जनपद, प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उ0प्र0 शासन सुभाष चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में वि0खण्ड बछरावां की ग्राम पंचायत करनपुर में विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में नोडल अधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से समस्या के समाधान के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने अब तक की गई कार्यवाहियों की भी समीक्षा की। उन्होंने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित कराया जाये कि सभी पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ मिलें कोई भी पात्र लाभार्थी लाभ से वंचित न रहे। चौपाल में ग्रामीण विद्युतीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छ पेयजल कार्यक्रम, राशन वितरण प्रणाली, पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन योजना ग्रामीण, राज्य-केन्द्रीय वित्त योजना, मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित आदि योजनाओं पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव द्वारा 03 बच्चों को अन्नप्रासन व 03 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, उप जिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सतीश प्रसाद मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी बछरावां एसबी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व ग्राम प्रधान रहमत अली एवं क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे।



## सद्भावना स्पोर्टिंग क्लब गोरखपुर और डीएफए कानपुर ने जीता सेमी फाइनल मैच

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बैसवारा इण्टर कालेज के मैदान में खेले जा रहे सूबेदार एवं लाल साहब स्मारक राज्य स्तरीय फ ुटबॉल प्रतियोगिता दिन पांचवें दिन दो सेमी फ ाइनल मुकाबले खेले गए। पहला सेमी फाइनल मैच सद्भावना स्पोर्टिंग क्लब गोरखपुर, जबकि दूसरा सेमी फ ाइनल मैच डीएफ ए कानपुर की टीम जियी रही। इन्ही दोनो टीमों के बीच सोमवार को फाइनल मैच खेला जायेगा। पहला सेमीफ ाइनल मैच टाउन क्लब लालगंज और सद्भावना स्पोर्टिंग क्लब गोरखपुर के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर उद्योग अनजनीश प्रताप सिंह व सपा के शिक्षक विधायक प्रत्याशी उमाशंकर चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके खेल की शुरुआत की। मध्यांतर के पहले के खेल में दोनों टीमों ने अनेक प्रयास किये किंतु असफ ल रहे। मध्यांतर के बाद के खेल में भी कोई टीम गोल करने में सफल नहीं हुई। इस प्रकार मैच का निर्णय टाई बेकर से किया गया। जिसमें गोरखपुर दो के मुकाबले चार गोलों से विजई रही। गोरखपुर के खिलाड़ी भीष्म यादव, सरफुद्दीन अनस शेख व आलम ने गोल किया, जबकि लालगंज के खिलाड़ी आकाश और गौरव गेंद को बाहर मार गए, जिससे उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा। दूसरा सेमीफ इनल मैच डीएफ ए कानपुर और स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि हरचंदपुर के विधायक राहुल लोधी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके खेल प्रारंभ कराया। मैच के शुरू के पांचवें मिनट में कानपुर के अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी द्वारा डी रेखा के अंदर बाएं छोर से फेंकी गई गेंद को कानपुर से दाहिने छोर से आए खिलाड़ी प्रथम सिंह ने गेंद को जाल में डालकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। मध्यांतर के बाद खेल में डी रेखा के अंदर मिली गेंद को कानपुर के खिलाड़ी धीरज यादव ने गोल करके टीम की बढ़त दो गोलों से कर दी। खेल के 59वें मिनट में गोलकीपर से टकराकर लौटी गेंद को लखनऊ के खिलाड़ी मिसाल खान ने गोल करके अपनी टीम का खाता खोला। खेल के 72वें मिनट में कानपुर के खिलाड़ी ऋतुराज ने गोल करके कानपुर की बढ़त तीन गोलों की कर दी। यही मैच का निर्णय गोल साबित हुआ। डीएफए कानपुर टीम तीन एक से विजयी रही। निर्णायक की भूमिका में हाजी मुनव्वर, रमेश जैसल, विनय कुमार, अजय यादव, मोहम्मद राशिद, मैच कमिश्नर महेंद्र त्रिवेदी रहे। इस प्रकार सोमवार को फ इनल मैच सद्भावना क्लब गोरखपुर और डीएफए कानपुर के मध्य होगा। मैच 12:30 बजे से होगा।



## स्व संजय गांधी के जन्मदिवस पर दी गई श्रद्धांजलि




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद एवं पार्टी के कद्दावर व युवाओं के नेता स्व संजय गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि स्व. संजय गांधी को एक दूरदर्शी, क्रांतिकारी और युवाओं के नेता रुप में याद किया जाता है, आम आदमी के पास अपनी कार हो का सपना संजय गांधी जी ने देखा और उसे मारूती मोटर्स लिमिटेड नामक कम्पनी का गठन कर पूरा किया और देश को मारुती 800 के रूप में अपनी कार मिली। जिला उपाध्यक्ष विजयशंकर अग्निहोत्री ने स्व0 संजय गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें आधुनिक सोच का नेता बताया। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि अगर संजय गांधी कुछ दिन और जीवित रह जाते तो निश्चित रुप से देश की तस्वीर कुछ और होती। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सईदुल हसन, अजीत सिंह, आशीष द्विवेदी, कल्याण श्रीवास्तव, सूर्य कुमार बाजपेयी, शशिकांत पांडेय, हाजी उस्मान, पोलू खान, मोहम्मद असलम, नितिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बिना डाक्टर चल रहा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऐहार

### रेल कोच फैक्ट्री और हाइवे पर स्थित होने के बावजूद बदहाली का शिकार नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** उत्तर प्रदेश सरकार भले ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा करती हो, लेकिन वीवीआईपी जिले रायबरेली की जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट दिखाई देती है। रेल कोच फैक्ट्री के निकट स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऐहार वर्षों से बदहाली का शिकार है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां एक भी डाक्टर तैनात नहीं है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित इस अस्पताल के आसपास आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। हादसे में घायल लोगों को जब नजदीकी सरकारी अस्पताल लाया जाता है, तो डॉक्टर न होने पर उन्हें फि र निजी अस्पतालों या जिला अस्पताल भेजना पड़ता है। इससे इलाज में कीमती समय बर्बाद हो जाता है और मरीज की जान पर बन आती है। सरकार ने अस्पताल भवन और स्टाफ क्वार्टर के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए, परंतु तैनाती न होने के कारण पूरा परिसर अब जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। भवन के चारों ओर घास-फूस उग आई है, जिससे जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा हमेशा बना रहता है। अस्पताल में चार कर्मचारियों का नाम मात्र का स्टाफहै, जिनमें किसी का अवकाश पर रहना और किसी का इमरजेंसी में जाना आम बात है। स्टाफकी भारी कमी के कारण यहां स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भी मरीजों की संख्या नगण्य रहती है, क्योंकि लोगों को पहले से ही यहां उचित उपचार की उम्मीद नहीं होती है। क्षेत्रवासियों विनय कुमार, बबलू यादव, जितेंद्र कुमार, भोला यादव, राजेश फौजी, पुनीत सैनी विरेंद्र कुमार, राजकिशोर, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद अफरोज, रामकुमार शोभित, विनोद गौड़, केडी तिवारी, राजबहादुर यादव आदि ने शासन-प्रशासन से यहां तत्काल नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐहार में डॉक्टर की तैनाती की मांग की है। लोगों का कहना है कि डॉक्टर उपलब्ध होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी और सड़क हादसों में घायल मरीजों की समय पर जान बचाई जा सकेगी।



> **क्या बोले सीएचसी अधीक्षक डलमऊ**
> सीएचसी अधीक्षक डलमऊ डा0 नवीन कुमार ने कहा कि डॉक्टर की कमी चल रही है। तैनात डाक्टर ट्रेनिंग पर है। जल्द ही पीएचसी में डॉक्टर तैनात होंगे।

## नगर में विकास की नई इबारत लिख रहीं हैं चेयरमैन सरिता गुप्ता

### चेयरमैन सरिता गुप्ता ने महेशखेड़ा में नवनिर्मित मार्ग जनता को किया समर्पित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** चेयरमैन सरिता गुप्ता नगर में विकास की नई इबारत लिख रहीं हैं। नित नये विकास के आयाम कायम कर रही है। इसी विकास के कारवें को आगे बढ़ाते हुए चेयरमैन सरिता गुप्ता ने शुक्रवार को महेशखेड़ा वार्ड नंबर 4 के निवासियों को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने नवनिर्मित मार्ग का औपचारिक उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। इस नए मार्ग के निर्माण से वार्ड के निवासियों को आवागमन में हो रही असुविधा से मुक्ति मिलेगी और क्षेत्र में विकास की गति तेज होगी। वहीं वार्ड निवासियों ने इस कार्य के लिए चेयरमैन का आभार जताया। इस मौके पर चेयरमैन सरिता गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत का हर वार्ड हमारा परिवार है। महेशखेड़ा वार्ड नंबर 4 का यह मार्ग यहां के निवासियों के लिए सुविधा लाएगा। हमारा लक्ष्य लालगंज को एक आदर्श और विकसित नगर पंचायत बनाना है, और यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेस्डर दीपेंद्र कुमार गुप्ता, सभासद राकेश कुमार, पूर्व सभासद मंजूरुल हसन, रामबाबू, नगर पंचायत के कर्मचारी और बड़ी संख्या में वार्ड के निवासी मौजूद रहे।



**योजनाओं की हकीकत जानने फील्ड पर उतरे अधिशासी अधिकारी-लालगंज।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला ने ग्राउंड जीरो पर उतरकर विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। नगर में विकास कार्यों की नब्ज टटोलने और उसकी गति को तेज़ करने के उद्देश्य से अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला ने शुक्रवार सुबह विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माणाधीन स्थलों का औचक और गहन निरीक्षण किया। ईओ ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही पूरे होने चाहिए। बताते चलें कि निरीक्षण की शुरुआत नगर के गौरव, निर्माणाधीन वीरपासी स्मारक स्थल से हुई। ईओ श्री शुक्ला ने निर्माण सामग्री और प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने ठेकेदार को दो टूक निर्देश दिए कि स्मारक हमारी ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है, इसलिए कार्य में सर्वोत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और इसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। इसके बाद ईओ ने बरदाही क्षेत्र के सीसी मार्ग का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने मज़बूती और टिकाऊपन की जांच की। इसी क्रम में ईओ ने वार्ड नंबर 6, सर्वोदय नगर में बन रहे नाले का निरीक्षण किया गया। जल निकासी की समस्या से त्रस्त निवासियों को राहत देने के उद्देश्य से श्री शुक्ला ने नाला निर्माण टीम को कार्य की गति तत्काल बढ़ाने और अतिशीघ्र परियोजना को अंतिम रूप देने का सख्त निर्देश दिये। दौरान निरीक्षण सभासद बबलू तिवारी और नगर पंचायत कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### 100 किशोर अपचारी बनेंगे हुनरमंद और अच्छे नागरिक-जिलाधिकारी

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि सदर के जैतूपुर में नव.निर्मित राजकीय संप्रेक्षण गृह शुरू हो गया है, जो जुनैल कोर्ट संप्रेषण गृह के रूप में कार्य करेगा। 6.60 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित यह भवन किशोर अपचारियों के जीवन को नई दिशा देने का केंद्र बनेगा। वर्तमान में यहाँ 24 बच्चे आए हैं, जबकि इसकी कुल क्षमता 100 किशोरों को आश्रय देने की है। उन्होंने बताया कि इस विशेष आश्रय का मुख्य उद्देश्य किशोर अपचारियों को आपराधिक कृत्यों से बचाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर एक अच्छा नागरिक बनाना है। किशोर न्याय अधिनियम के तहत यहाँ बच्चों के रहनेए खाने और विशेष प्रशिक्षण की सुविधा होगी। बाकायदा कक्षाएं संचालित की जाएंगी और किशोरों को हुनरमंद बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे बाहर जाने के बाद स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नियमित काउंसिलिंग की जाएगी। उन्हें शिक्षा के अलावा, उन्हें डांस, गायन और अन्य कला क्षेत्रों में भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

### जमीन दोबारा बेचने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** जिले की शहर कोतवाली के निराला नगर मोहल्ला निवासी देवेंद्र कुमार अवस्थी ने छह लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही है। तथाकथित देवेंद्र अवस्थी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2000 में सेमरपहा निवासी प्रेम शंकर अवस्थी से जमीन का पंजीकृत बैनामा कराया था। जमीन की पूरी कीमत उसी समय अदा कर दी गई थी। आरोप है कि जुलाई माह में प्रेम शंकर ने यही जमीन गांव के ही चंद्रेश कुमार के हाथ बेंच दी। कुछ ही दिनों बाद चंद्रेश ने जमीन को पूरे नवरंग का पुरवा गांव निवासी शिव प्रकाश गुप्ता के नाम पंजीकृत रजिस्ट्री के जरिए फि र बेंच दिया। जमीन दोबारा बिकने की जानकारी होने पर उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। कोई कार्यवाही न होने पर पीड़ित देवेंद्र अवस्थी ने विक्रेता व खरीदार चंद्रेश, राम प्रकाश, अमन और राकेश सहित छः लोगों के खिलाफ एसपी से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देश पर छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दो सदस्यीय टीम ने सीएचसी व पीएचसी का किया निरीक्षण

## मरीजों का जाना हाल,परखी स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत

**स्वतंत्र भारत, रामनगर, बाराबंकी।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की दो सदस्यीय जांच टीम ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी रामनगर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी त्रिलोकपुर का गहन निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का भौतिक सत्यापन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह करीब 11 बजे डीपीएम उमानाथ व डीआईसी उमाशंकर सीएचसी रामनगर पहुंचे। टीम ने ओपीडी, इमरजेंसी, एनबीएसयू, ऑपरेशन थिएटर, स्टेरिलाइजेशन यूनिट, अल्ट्रासाउंड कक्ष, पीएनसी वार्ड, कोल्ड चैन रूम व टीकाकरण कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर विभिन्न रजिस्टरों का सत्यापन भी किया गया।जांच टीम ने इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से उपचार की



स्थिति के बारे में जानकारी ली। टीकाकरण कक्ष में स्टाफ नर्स से टीकाकरण प्रक्रिया व उपलब्ध वैक्सीन का अवलोकन किया। प्रसव कक्ष में तीसरी बार प्रसव के लिए आई मरौचा निवासी पुष्पा से प्रसव के दौरान किसी प्रकार का शुल्क लिए जाने के बारे में पूछा गया, जिस पर पुष्पा ने किसी भी शुल्क से इंकार करते हुए अस्पताल स्टाफ की सराहना की। टीम ने मातृ वंदना योजना के अंतर्गत मिलने वाली धनराशि के बारे में भी जानकारी ली।एक्स-रे कक्ष में टेक्नीशियन पुष्पलता वर्मा से जानकारी लेकर मशीन की जांच की गई। पैथोलॉजी लैब में सभी मशीनों का अवलोकन कर उनके सुचारु संचालन की पुष्टि की गई तथा जांच रजिस्टर देखे गए। एंबुलेंस के ईएमटी से लॉग बुक लेकर उसका भी परीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रणव श्रीवास्तव, डॉ. स्वप्निल, डॉ. सुशील चंद्रा सहित समस्त स्टाफ को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश दिए। अधीक्षक ने जर्जर आवासों की मरम्मत व सड़क मार्ग केदुरुस्तीकरण की मांग रखी। जांच टीम ने अस्पताल की साफ-सफाई व व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।इसके बाद टीम ने पीएचसी त्रिलोकपुर का निरीक्षण कर वहां तैनात डॉ. सुनील से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और गर्भवती महिलाओं को और बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। पीएचसी परिसर के बीच नाले की समस्या को लेकर टीम ने अपने रजिस्टर में इंट्री भी की।इस मौके पर एचईओ नीरज वर्मा, फार्मासिस्ट मोहम्मद खालिद, विजय वर्मा, समीर रामानुज, स्टाफ नर्स नीलम वर्मा, अन्नपूर्णा, संजय मिश्रा, दिलीप गुप्ता, अर्चना, पूनम सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## एक साथ रहने को हुए राजी

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिला थाना प्रभारी/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप 01 दम्पति को एक साथ रहने को राजी किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्षों के लोग उपस्थित आये। महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा 15 दिन बाद दम्पति की कुशल क्षेम पूछने हेतु पुनः बुलाया गया है।

## वांछितों पर हुई कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा आज 10 वांछित अभियुक्तों, 52 वारण्टियों को गिरफ्तार किया गया तथा 33 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0-364/2025 धारा 80/85/352 बीएनएस व 3/4 डी0पी0 एक्ट में वांछित अभियुक्तगण रंजीत कुमार पुत्र मंशाराम रावत, मंशाराम रावत पुत्र स्व0 राजाराम व राधा देवी पत्नी मंशाराम रावत निवासीगण मोहिद्दीनपुर थाना कोठी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में थाना देवा पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0-604/2025 धारा 75/352/351(2) बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त मो0 रफीक पुत्र कल्लन निवासी मुरादाबाद थाना देवा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा कल अभियुक्ता जयन्ती पत्नी स्व0 श्रीचन्द्र निवासी ग्राम इरशादनगर थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना टिकैतनगर पर मु0अ0सं0 448/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।इसी क्रम में थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0-269/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को बरामद कर वांछित अभियुक्ता शान्ति उर्फ गुडिया पत्नी पंकज निवासी सोनीपुर थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में थाना मो0पुर खाला-08, बदोसराय-07, सतरिख-07, हैदरगढ़-06, रामनगर-06, सुबेहा-04, कोतवाली नगर, बड्डूपुर, घुंघटेर से 03-03, जैदपुर-02 मसौली, कुर्सी, लोनीकटरा, से 01-01 वारण्टी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## खबर एक नज़र

### एक साथ रहने को हुए राजी

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा पति-पत्नी की काउंसलिंग कर आपसी सहमति से समझौता कराया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु थानों द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में-महिला/पीड़िता द्वारा अपने पति के विरुद्ध पारिवारिक कलह करने एवं पुत्री को लेकर कहीं चले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया, जिस पर थाना मिशन शक्ति केन्द्र थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पति को बच्ची सहित सकुशल खोज कर मिशन शक्ति केन्द्र कोतवाली नगर पर लाकर दोनों (पति-पत्नी) की काउंसलिंग की गई, जिसके परिणाम स्वरूप दोनों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता किया गया।

### जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज- 05 के दृष्टिगत जनपद बाराबंकी पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूक किया गया।प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-05 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्टीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

### वर्षा को मिली बीएचएमएस की डिग्री, खुशी की लहर

**स्वतंत्र भारत,सिद्धौर बाराबंकी।**क्षेत्र के असंद्रा बाजार निवासी वरिष्ठ समाजसेवी डॉ पंकज गुप्ता की पुत्री वर्षा गुप्ता ने बीएचएमएस की डिग्री हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया।रविवार को पैतृक आवास पहुंचने पर वर्षा का स्वागत किया गया।डॉ पंकज गुप्ता की दो संतानों में पुत्र मानस गुप्ता ने अभी हाल ही में एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। इस उपलब्धि से परिवार के साथ पूरा क्षेत्र आह्लादित था।इसी बीच उनकी पुत्री वर्षा गुप्ता ने बीएचएमएस की डिग्री हासिल कर इस खुशी को दोगुना कर दिया। वर्षा ने जयपुर राजस्थान स्थित जयोति विद्यापीठ विमेंस यूनिवर्सिटी से यह उपाधि हासिल की।रविवार को जयपुर से अपने आवास पहुंची वर्षा का स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। डॉ वर्षा गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और अपने चाचा संजय गुप्ता को देते हुए कहा कि इनकी प्रेरणा से ही सफलता हासिल हुई है।पुत्र के बाद बेटी की इस उपलब्धि से पूरा परिवार आह्लादित है।

### मोतिकपुर पीएचसी में स्वास्थ्य आरोग्य मेला आयोजित

**स्वतंत्र भारत,असंद्रा बाराबंकी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिकपुर में स्वास्थ्य आरोग्य मेला आयोजित किया गया जिसमें स्वास्थ्य आरोग्य मेला में गर्भवती महिलाओं को उनके पौष्टिक आहार पर विशेष सलाह दी गई जिसमें उनको नियमित पौष्टिक आहार लेने से उनकी होने वाली संतान की वृद्धि बढ़ सके जिसमें पीएचसी चिकित्साधिकारी डॉ सुमित बेंजामिन फार्मासिस्ट एसपी शुक्ला लैब टेक्नीशियन दीपक मौर्य वार्ड बॉय अंकित त्रिवेदी और अन्य स्थानों से भी अस्वस्थ मेला में चिकित्सक और स्टाफ नर्स उपस्थित रहे जिसमें एएनएम विनीता तिवारी डॉ हिमा पटेल चिकित्सा के स्टाफ नर्स नीतू यादव आशा संगिनी बालेश्वरी आशा बहू सरिता अर्चना सुमन सुन्दारा देवी रामवती सरिता जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में मीराबाई मीना जयसवाल शांता कमला देवी और आयुष्मान आरोग्य कार्ड बनाने वाले देश दीपक आज सभी उपस्थित रहे जिसमें मुख्य उद्देश्य से आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक का उद्देश्य पौष्टिक पौष्टिक आहार बच्चों को और उसकी मां को लेना अत्यंत आवश्यक है जिसमें उपस्थित आशा बहू को उनके कार्यक्षेत्र में गर्भधात्री महिलाओं को सजक बनाने के लिए संदेश दिया और कहा कि स्वास्थ्य से जुड़े हुए कोई भी कर्मचारी किसी प्रकार की छोटी से बड़ी बीमारी को लेकर किसी भी प्रकार के मरीज को अवस्था और सुविधा न हो सके जिसमें यहां पर उपस्थित सभी लोगों की और हम सभी की जिम्मेदारी यही बनती है।

### तीन तलाक देकर बच्चों संग पत्नी को घर से निकाला

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी।**दो लाख रुपये और बाइक की मांग पूरी न होने पर पति ने तीन तलाक दे दिया और दो बच्चों सहित उसको घर से निकाल दिया। पति अब दूसरा निकाह करने की धमकी दे रहा है।पीड़िता ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर पति व ससुरालीजन पर मुकदमा दर्ज कराया है।कोतवाली नगर के बेगमगंज सराय निवासी रुखसार का निकाह 26 अप्रैल 2019 को लखनऊ के दुबग्गा निवासी असलम से हुआ था।निकाह में दिए गए उपहार से रुखसार के पति असलम, देवर इमरान उर्फ इम्मू,मो.ससुर हारुन उर्फ वकील व सास रजिया उर्फ बेबी संतुष्ट नहीं थे और दहेज में बाइक व ढाई लाख रुपये नगद व जेवरात की मांग करते थे।असमर्थता व्यक्त करने पर ससुरालीजन उससे गाली गलौज व मारपीट करने लगे। कई दिनों तक भूखा कमरे में बंद करके प्रताड़ित किया गया।इसी सबके बीच रुखसार ने एक पुत्री आयशा व पुत्र अबुतालिब पैदा हुए।

## कक्षा 9 के विद्यार्थियों की ओएमआर आधारित परीक्षा आज

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** भारत सरकार और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा माध्यमिक अभियान के अंतर्गत जनपद बाराबंकी के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में मिडलाइन असेसमेंट 2025 का आयोजन सोमवार, दिनांक 15 दिसंबर 2025 को प्रातः 10 बजे से 11:30 तक किया जाएगा। इस असेसमेंट में जनपद के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 के 6319 विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। यह परीक्षा पूरी तरह से ओएमआर आधारित होगी, जिसमें पारदर्शिता और डेटा विश्लेषण की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए *परख एप्लीकेशन के माध्यम से ओएमआर शीट की स्कैनिंग की जाएगी। विद्यालय स्तर पर यह स्कैनिंग कार्य प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण स्वयं कर सकेंगे, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया तेज़ और तकनीकी रूप से सशक्त बनेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी ने बताया कि इस असेसमेंट का उद्देश्य विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करते हुए शिक्षण गुणवत्ता में सुधार लाना है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रधानाचार्यों को परीक्षा की सुनियोजित रूप से तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। जिला समन्वयक समग्र शिक्षा (माध्यमिक) अखिलेंद्र सिंह ने बताया कि ओएमआर आधारित इस मूल्यांकन से विद्यार्थियों की लर्निंग आउटकम का विश्लेषण राज्य और केंद्र स्तर पर किया जाएगा। इससे आगामी शिक्षण योजनाओं को अधिक सटीक और साक्ष्य-आधारित बनाया जा सकेगा। मिडलाइन असेसमेंट 2025 का आयोजन शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने और विद्यार्थियों की सीखने की दक्षताओं को मापने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## अन्तर्जनपदीय गिरोह के पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी।** दिन मे रेकी कर रात्रि को चोरी की घटनाओ को अंजाम देने वाले एक शातिर चोरो के गिरोह के 5 सदस्यों को जहांगीराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध तमंचा व घटना मे प्रयुक्त होने वाली बाईक 29 हजार की नगदी चोरी के जेवरात व बर्तन बरामद किये। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जहाँगीराबाद पुलिस ने मुनीमाबाद शराब ठेके के निकट से जहाँगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अटवा निवासी मनोज कुमार पुत्र स्व0 विद्याप्रसाद जनपद सीतापुर के महमूदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लखनापुर निवासी नीलू पुत्र विक्रम घुंघेटर थाना क्षेत्र के ग्राम अटहरा निवासी दयाराम पुत्र स्व0 पाटन व उमेश पुत्र प्यारेलाल महमूदाबाद जनपद सीतापुर के ग्राम जाफरपुर निवासी रविन्द्र पुत्र बदलू को



गिरफ्तार कर अभियुक्तों के कब्जे व निशांदेही से चोरी का एक पीतल का बटुआ, 05 जोड़ी चांदी की पायल 12 जोडी चांदी की बिछिया 05 अदद चांदी अंगूठी 02 अदद सोने की अंगूठी पीली धातु एक सोने का मांग टीका पीली 1 अदद सोने की नथुनी 1 अदद सोने के टप्स 2 अदद पीतल का लोटा 1अदद परात पीतल 1 अदद चैन चांदी की एक मोबाइल एंड्राएड पोको कम्पनी सहित.29 हजार की नगदी चोरी मे प्रयुक्त पल्सर व 02 अदद अवैध तमंचा .12 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर बरामद किया।थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद शुक्ला ने बताया कि चोरो का एक शातिर गिरोह है जो दिन मे बाईक से रेकी करते है और रात्रि में चिन्हित घर में चोरी की घटना का अंजाम देते है चोरो ने 29 अक्टूबर की रात्रि मे जहाँगीराबाद क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लागंज में एक घर का ताला तोड़कर चोरी करने एव 1 नवम्बर था जहाँगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बल्लापुरवा मजरे अजगना मे घर की दीवार तोड़कर चोरी करने एव् 21 नवम्बर को जहाँगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम इल्मासगंज से घर में सेंध लगाकर चोरी करने तथा थाना फतेहपुर व मो0पुर खाला क्षेत्रान्तर्गत भी चोरी करने की बात को कुबूल किया। पुलिस की गिरफ्त मे आये चोरो के विरुद्ध थाना जहागीराबाद सहित सीतापुर मे अपराधिक मुकदमे दर्ज है।

## शबरी पर कृपा कर श्रीराम ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश : अतुल कृष्ण

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** श्रीराम कथा में पूज्य श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने श्रोताओं से कहा कि शबरी की भक्ति से प्रभावित होकर श्रीराम ने उसके जूठे बेर खाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त सीता हरण, जटायु मोक्ष, शबरी भेंट एवं हनुमान मिलन के प्रसंगों को भाव-विभोर होकर सुनाया, जिससे सभी श्रोता भाव-विभोर हो गए।श्रीराम कथा में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे हैं। कथा के दौरान व्यास जी ने स्वर्ण मृग (सोने का हिरण) की घटना का बड़े ही रोचक ढंग से वर्णन करते हुए कहा कि जब भक्ति भगवान से विमुख होकर केवल भौतिक साधनों की ओर आकर्षित हो जाती है, तब जीव को भगवान-प्राप्ति के लिए भटकना ही पड़ता है। जैसे–माता सीता जानकी सोने का हिरण नहीं चाहती थीं, परंतु सोने के प्रति आकर्षण के



कारण वे प्रभु श्रीराम जैसे 'सोने' को भूल गईं।जटायु के प्रसंग की व्याख्या करते हुए व्यास जी ने कहा कि जो दूसरों की सेवा में लगा रहता है, उसकी चिंता स्वयं भगवान करते हैं। जैसे–जटायु ने माता सीता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, तब प्रभु श्रीराम ने उस गिद्ध जाति के पक्षी को उठाकर अपनी गोद में बैठाया और हृदय से लगाया। इसी कारण श्री तुलसीदास जी ने जटायु को 'मानस में परम बड़भागी' कहा है। जटायु को भगवान के हाथों मोक्ष प्राप्त हुआ और वह सीधे स्वर्गलोक को गया।इसी प्रकार शबरी भगवान की अनन्य भक्त थीं। श्रीराम यह जानते हुए भी कि वह भीलनी जाति की हैं, उनके जूठे बेर प्रेमपूर्वक खाए और सामाजिक समरसता का महान संदेश दिया। भगवान की साधना में जाति-पाति का कोई भेदभाव नहीं होता। भगवान श्रीराम ने शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश भी दिया।व्यास जी ने सुग्रीव मिलन और बालि वध के प्रसंग के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया कि अधर्म कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः उसका पतन निश्चित है और धर्म की विजय सदा होती है।

## जन शताब्दी पर हुआ विराट कवि सम्मेलन

**स्वतंत्र भारत सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।**मुस्काबाद गांव के रामलीला मेला स्थल पर भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी व वीरेंद्र स्वरूप पाण्डेय सेवा संस्थान के द्वारा एक विराट कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रविवार दोपहर दोपहर बजे शुरू हुआ जो देर शाम तक चला। अधिवक्ता कौशल किशोर त्रिपाठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि कवि रामकिशोर शुक्ला तिवारी ने मंच संचालन किया। सम्मेलन में लखनऊ से आए कवि लोकेश त्रिपाठी ने अपनी पंक्तियां सुनाई जन-जन की भावना के आधार है अंतराल, हर कविता हर एक गीत के उद्गार है अंतराल, ऐसे ही वीर्य जिनका कोई सत्र नहीं, हम मानवों के बीच में अवतार है अंतराल। नागेंद्र सिंह ने कहाकहीं सर झुकाने की जरूरत नहीं, कर सेवक आप मन की चारों धाम कर लीजिए। कवि राजकुमार सोनी ने अपनी रचना में देश प्रेम का आह्वान किया उठो देश के वीर सपूतों लिखना नई कहानी है, जो माटी के काम ना आए तो फिर दर्द जवानी है, मीर जफर जयचन्दों आज तुम्हें हरण होगा। लखनऊ से आईं कवित्री हेमा पाण्डेय ने प्रेम पर आधारित पंक्तियां प्रस्तुत कीं ष्मोहब्बत की यह डोरी है इसे कमजोर मत करना, मुझे चुपके से मिल लेना मगर शोर मत करना, तुम्हारे बिना मरना मेरा मरना मेरा जीना भी मुश्किल है, मुझे सल्फास दे देना मगर इग्नोर मत करना।अजय प्रधान ने सुनाया पूजा करो नमाज पढ़ो गुरुद्वारा चर्च में जो पर जब भी घर से निकले चुन मां के पास जरूरी है। रवि रुद्रांश ने अपनी कविता में राष्ट्रभक्ति का संदेश दियामैं पत्थर हूं मुझे करना नहीं अनदर आता, चलो जय मानता कुछ भी नहीं सुहाता, मगर यह गर्व है मुझको मैं जीनत ठोक के कहता हूं, मुझे बस राम आते हैं मुझे बस राष्ट भाता है।

## कृषि विवि के सुरक्षा अधिकारी द्वारा विद्युत कर्मी को पीटे जाने का मामला गरमाया

**स्वतंत्र भारत,मिल्कीपुर-अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के विद्युत विभाग में फिक्स मानदेय पर काम कर रहे विद्युत कर्मी को विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी एवं एनडीए चौकी प्रभारी द्वारा बर्बरता पूर्वक पीटे जाने का मामला पूरी तरह से गरमा गया है। पीड़ित विद्युत कर्मी की पत्नी ललिता यादव द्वारा प्रभारी सुरक्षा अधिकारी सहित एनडीए चौकी प्रभारी के खिलाफ की गई शिकायत की जांच अब क्षेत्राधिकार मिल्कीपुर के स्तर पर पहुंच गई है। जहां उन्होंने बीते शनिवार की देर शाम पीड़ित महिला के घर पहुंच कर महिला सहित उसके पति के बयान दर्ज किए। जांच में पहुंचे क्षेत्र अधिकारी अजय कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया है। बताते चलें कि कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरई पारा गांव निवासी बबलू यादव कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित बिजली विभाग में अस्थाई फिक्स मानदेय पर हेल्पर पद पर कार्यरत है। आरोप है कि बीते 9 दिसंबर को विश्वविद्यालय के कालिंदी एवं अमरावती छात्रावासों की लाइट खराब थी। जिसे बनाने के उपरांत वह अपनी बाइक से अपने घर के लिए निकले थे। बबलू यादव विश्वविद्यालय के ग्रेड नंबर 2 पर पहुंचे ही थे कि उन्हें विश्वविद्यालय के सुरक्षा प्रभारी डॉ विनोद सिंह ने रोक लिया था और उनकी जमकर पिटाई कर दी थी इसके बावजूद वे आपा खो बैठे थे। सुरक्षा प्रभारी विनोद सिंह ने बबलू यादव की बाइक के दोनों चक्कों की हवा निकाल दिया था। उन्होंने एनडीए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हरिशंकर राय को भी बुला लिया और उन्होंने भी महिला के पति बबलू यादव को डंडों तथा थप्पड़ों से जमकर पीटा था। पीड़ित बबलू यादव की पत्नी ललिता यादव ने दोनों बेअंदाज कर्मियों के खिलाफ मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दिया था। महिला ने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि घटना का साक्ष्य विश्वविद्यालय के गेट नंबर 2 पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से प्राप्त किया जा सकता है। पीड़ित महिला की शिकायत मिलने के बाद थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने घटना की जांच थाने के सीनियर उप निरीक्षक धनीराम वर्मा को सौंप दिया था। उधर समूचा घटनाक्रम इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया सहित सोशल साइट पर प्रमुखता से प्रकाशित एवं प्रसारित हो गया। उधर मामला एक उपनिरीक्षक से जुड़ा होने के चलते प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकार मिल्कीपुर में जांच शुरू कर दी और शनिवार की देर शाम थानाध्यक्ष कुमारगंज ओमप्रकाश के साथ पीड़ित महिला के घर पहुंचे और महिला के चोटिल पति सहित पारिवारिक जनों के बयान दर्ज किया।क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया किघटना की जांच की जा रही है। प्रभारी सुरक्षा अधिकारी अवकाश पर बताए गए हैं,फिलहाल जांच जारी है।

## रामलला पार्क में दिखेगा श्रीराम का जीवन चरित्र

**स्वतंत्रभारत अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक अनोखा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से प्रेरित रामलला पार्क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह पार्क भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को जीवंत रूप से प्रदर्शित करेगा। अमृत 2.0 योजना के तहत 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर साकेत सदन के पीछे स्थित लगभग 5 एक? भूमि पर फैले इस पार्क का निर्माण नगर विकास विभाग द्वारा कराया जा रहा है। कुल 17.22 करो? रुपये की लागत से बनने वाले इस पार्क से अयोध्या को एक नया आकर्षण मिलेगा, जो धार्मिक पर्यटकों के लिए विशेष महत्व रखेगा।रामलला पार्क न केवल एक मनोरंजन स्थल होगा, बल्कि यह श्रीराम की जीवन गाथा को चार जोनों में विभाजित कर दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेगा। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार के अनुसार, पार्क में प्रवेश द्वार से लेकर पार्किंग तक सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें वाच टावर, टिकट काउंटर, स्क्रीन वॉल और शौचालय जैसी व्यवस्थाएं भी शामिल हैं। पार्क को चार मुख्य जोनों में बांटा गया है। जोन प्रथम में भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य, जोन द्वितीय में उनकी बाल अवस्था के दृश्य, जोन तृतीय में गुरुकुल जीवन और जोन चतुर्थ में ता?का वध की कथा को मूर्त रूप दिया जाएगा। इन दृश्यों को स्टैच्यू और अन्य कलात्मक तरीकों से सजाया जाएगा, जो आगंतुकों को रामायण की इन महत्वपूर्ण घटनाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराएंगे। पार्क की अन्य सुविधाओं की बात करें तो यहां ओपन एयर थियेटर, म्यूजिकल फाउंटेन, भव्य स्टैच्यू, बच्चों के लिए प्ले एरिया और ओपन जिम की व्यवस्था होगी। इसके अलावा रोड, वाटर बॉडी और हरित क्षेत्र भी विकसित किए जाएंगे। ये सभी विशेषताएं पार्क को परिवारों, बच्चों और युवाओं के लिए आकर्षक बनाएंगी। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य चल रहा हैं।रामलला के भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। रोजाना करीब एक लाख दर्शनार्थी रामलला के दर्शन कर रहे हैं। ऐसे में रामलला पार्क जैसे नए केंद्र अयोध्या को विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राम मंदिर निर्माण के साथ-साथ शहर में नए पार्क, संग्रहालय और अन्य परियोजनाएं चल रही हैं। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि रामलला पार्क भी इसी क्रम की एक क?ी है, जो राम भक्तों को श्रीराम के जीवन से जु?ी यादें ताजा कराएगा। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही यह पार्क पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। यह पार्क न केवल धार्मिक भावनाओं को मजबूत करेगा, बल्कि अयोध्या की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा।रामनगरी अब विश्व पटल पर एक आदर्श तीर्थ स्थल के रूप में उभर रही है।

# भारत ने 7 विकेट से जीता तीसरा टी-20 मैच, साउथ अफ्रीका पर 2-1 बढ़त बनाई

**नई दिल्ली।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी20 मैच में सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की मदद से दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 117 रन पर ऑलआउट कर दी थी। भारत ने फिर 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 120 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत के लिए अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा रन बनाए। अभिषेक ने 18 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 35 रन बनाए।

**धर्मशाला में जीता लगातार तीसरा टी20**

भारत ने इसके साथ ही धर्मशाला में जीत की हैट्रिक लगा ली है। भारत ने धर्मशाला के इस मैदान पर लगातार तीसरा टी20 मुकाबला जीता है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह मुकाबला जीतने से पहले 2022 में श्रीलंका के खिलाफ दो टी20 मैच जीते थे।

**गिल-अभिषेक ने दिलाई शानदार शुरुआत**

लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक और शुभमन गिल ने भारत को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। इस साझेदारी को कॉर्बिन बॉश ने आउट किया। भारत ने एक बार फिर प्रयोग किया और तीसरे स्थान पर सूर्यकुमार की जगह तिलक वर्मा को उतारा। तिलक और गिल ने दूसरे विकेट के लिए 32 रनों की साझेदारी की, लेकिन मार्को यानसेन ने गिल को बोल्ड कर दिया। गिल 28 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान सूर्यकुमार यादव एक बार फिर असफल रहे और 12 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तिलक और शिवम दुबे ने भारत की जीत की औपचारिकता पूरी की। तिलक 34 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से नाबाद 25 रन और शिवम चार गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 10 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन और कॉर्बिन बॉश को एक-एक विकेट मिला।



एनगिडी को भले ही एक सफलता मिली, लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के लिए टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। एनगिडी ने अब तक राष्ट्रीय टीम के लिए 77 विकेट लिए हैं और उन्होंने कगिसो रबाडा की बराबरी कर ली है।

**तिलक तेजी से 4000 टी20 रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज**

भारतीय टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने इस दौरान टी20 में 4000 रन पूरे किए। तिलक सबसे तेजी से टी20 में 4000 रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। तिलक ने 125 पारियों में ऐसा किया है और उन्होंने इस मामले में शुभमन गिल और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। भारत के लिए सबसे तेजी से टी20 में 4000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड ऋतुराज गायकवाड़ के नाम है जिन्होंने 116 पारियों में ऐसा किया है। दूसरे स्थान पर केएल राहुल हैं जिन्होंने 117 पारियों में 4000 टी20 रन पूरे किए थे।

**भारत की पारी-** इससे पहले, भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी पहले ही ओवर से खराब रही और भारत ने शुरुआती झटका देकर उस पर दबाव बनाया। दक्षिण अफ्रीका की टीम अंत तक इससे नहीं उबर सकी और उसके नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। टीम के लिए कप्तान एडेन मार्करम ने अर्धशतक लगाया जिससे टीम 100 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल रही। दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्करम ने 46 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन बनाए, जबकि डोनोवान फेरेरा ने 20 रनों का योगदान दिया। एनरिच नॉर्त्जे 12 रन बनाकर आउट हुए। इन तीन बल्लेबाजों के अलावा दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई बल्लेबाज दहाई अंक का आंकड़ा पार नहीं कर सका। दिलचस्प बात यह रही कि इस मैच में भारत के सभी गेंदबाजों को सफलता मिली। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और कुलदीप यादव को दो-दो विकेट मिले।

**स्कोर बोर्ड**

**साउथ अफ्रीका**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डी कॉक एल्बीडब्ल्यू हर्षित | 1 | 3 | 0/0 |
| रीज़ा हेंड्रिक्स एल्बीडब्ल्यू अर्शदीप | 0 | 3 | 0/0 |
| एडन मारक्रम क. जितेश ब. अर्शदीप | 61 | 46 | 6/2 |
| डेवाल्ड ब्रेविस ब. हर्षित | 2 | 7 | 0/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स ष ञजितेश ब.हार्दिक | 9 | 13 | 0/0 |
| कॉर्बिन बॉश ब. शिवम | 4 | 9 | 0/0 |
| डॉनोवन फ़रेरा ब. चक्रवर्ती | 20 | 15 | 1/1 |
| मार्को यानसन ब. चक्रवर्ती | 2 | 7 | 0/0 |
| नॉर्खिये स्टम्प जितेश ब. कुलदीप | 12 | 12 | 0/1 |
| लुंगी एन्गिडी नाबाद | 2 | 3 | 0/0 |
| बार्टमैन क. सूर्यकुमार ब. कुलदीप | 1 | 2 | 0/0 |
| | 117/10 (20) ओवर | | |

अतिरिक्त : 3

विकेट पतन : 1-1, 2-1, 3-7, 4-30, 5-44, 6-69, 7-77, 8-113, 9-115, 10-117

| गेंदबाजी | |
|---|---|
| अर्शदीप सिंह | 4-0-13-2 |
| हर्षित राणा | 4-0-34-2 |
| हार्दिक पंड्या | 3-0-23-1 |
| वरुण चक्रवर्ती | 4-0-11-2 |
| शिवम दुबे | 3-0-21-1 |
| कुलदीप यादव | 2-0-12-2 |

**इंडिया**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक क. मारक्रम ब. कॉर्बिन बॉश | 35 | 18 | 3/3 |
| शुभमन गिल ब. यानसन | 28 | 28 | 5/0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 26 | 34 | 3/0 |
| सूर्यकुमार क. बार्टमैन ब. एन्गिडी | 12 | 11 | 2/0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 10 | 4 | 1/1 |
| | 120/3 (15.5) ओवर | | |

अतिरिक्त : 9

विकेट पतन : 1-60, 2-92, 3-109

| गेंदबाजी | |
|---|---|
| लुंगी एन्गिडी | 3-0-23-1 |
| मार्को यानसन | 3-0-24-1 |
| ऑटनील बार्टमैन | 3.5-0-34-0 |
| कॉर्बिन बॉश | 3-0-18-1 |
| अनरिख़ नॉर्खिये | 3-0-14-0 |

# भारतीय अंडर-19 टीम का विजयी अभियान जारी, पाकिस्तान को हराया

**नई दिल्ली।** दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने अंडर-19 एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान को 90 रनों से हराया। भारत की इस टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। मैच में बारिश ने भी खलल डाली जिससे टॉस में देरी हुई और फिर मैच को 49-49 ओवर का कराने का फैसला किया गया। पाकिस्तान ने इस मैच में टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था।

**हुजैफा एहसान की कोशिश गई बेकार-** भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आरोन जॉर्ज के 85 रन और कनिष्क चौहान के 46 रनों के दम पर 46.1 ओवर में 240 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 41.1 ओवर में 150 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान के लिए हुजैफा एहसान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 70 रन बनाए, लेकिन वह टीम को जीत दिलाने में असफल रहे।

**दीपेश-कनिष्क चमके-** लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय गेंदबाजों ने हर वक्त पाकिस्तान को दबाव में रखा। पाकिस्तान के नियमित रूप से विकेट गिरते रहे। हालांकि, एहसान ने एक छोर से पारी को संभाले रखा था और वह अर्धशतक लगाने में भी सफल रहे। एहसान को कनिष्क ने अपना शिकार बनाया जो आठवें बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। एहसान के आउट होते ही पाकिस्तान अंडर-19 टीम की पारी समेटने में देर नहीं लगी। भारत के लिए कनिष्क ने तीन और दीपेश ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि किशन कुमार सिंह को दो विकेट मिले। खिलान पटेल और वैभव सूर्यवंशी को एक-एक सफलता मिली।



**भारत की पारी-** इससे पहले, टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। वैभव सूर्यवंशी पांच रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आयुष म्हात्रे ने कुछ बड़े शॉट्स लगाए और 25 गेंद पर चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 38 रन की पारी खेली। हालांकि, वह कैच आउट हो गए। इसके बाद विहान मल्होत्रा और वेदांत त्रिवेदी भी कुछ खास नहीं कर सके। विहान 12 रन और वेदांत सात रन बनाकर आउट हुए।

## अर्शदीप-बुमराह, सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले दूसरे बॉलर

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले के दौरान टी20 इंटरनेशनल में 50 विकेट पूरे किए। वरुण चक्रवर्ती ने धर्मशाला में डोनोवन फरेरा को आउट करके ये उपलब्धि हासिल की। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज में वरुण चक्रवर्ती सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इसके साथ ही वह भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल में सबसे कम मैचों में 50 विकेट पूरे करने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, युजवेंद्र चहल और जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाजों को पीछे छोड़ा। भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल में सबसे कम मैचों में 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड कुलदीप यादव के नाम है। कुलदीप ने सिर्फ 30 मैचों में ये कारनामा करके दिखाया था। मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने 32 मैचों में ये मुकाम हासिल किया। अर्शदीप सिंह ने 33 मैचों में 50 टी20 इंटरनेशनल विकेट लिए थे।

## इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व एलएसजेए एकादश की दूसरी जीत, टाइम्स ऑफ इंडिया की जीत से शुरुआत




**लखनऊ।** पिछली विजेता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश और एलएसजेए एकादश ने एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल) 2025 मे रविवार को खेले गए मैचों में दमदार प्रदर्शन के साथ लगातार दूसरी जीत अपने नाम की। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान में आयोजित लीग के दूसरे दिन टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी जीत से अपना अभियान शुरू किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर पिछली उपविजेता टाइम्स ऑफ इंडिया ने मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश को नौ विकेट से शिकस्त दी। मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 109 रन बनाए। विद्या सागर (29), अंकित भारती (21) व समीर (नाबाद 19) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। टाइम्स ऑफ इंडिया से ऋषि सिंह सेंगर ने तीन विकेट की सफलता पाई। जवाब में टाइम्स ऑफ इंडिया ने 13 ओवर में एक विकेट पर 110 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अब्बास रिजवी ने 37 गेंदों पर 5 चौके व एक छक्के से नाबाद 42 रन बनाए जबकि मैन ऑफ द मैच देवेश पाण्डेय ने 41 गेंदों पर 10 चौके से नाबाद 53 रन बनाते हुए अर्धशतक ठोंका।

## भुवनेश्वर कुमार से भी आगे निकले अर्शदीप सिंह, लसिथ मलिंगा का रिकॉर्ड भी किया चकनाचूर

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने रविवार को टी20 इंटरनेशनल में दो बड़ी उपलब्धि हासिल की। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने तीसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम को अर्शदीप सिंह ने दमदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने पहले ही ओवर में रीजा हैंड्रिक्स को पवेलियन का रास्ता दिखाया। ये विकेट लेने के साथ ही अर्शदीप सिंह एक से छह ओवर के बीच सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने भुवनेश्वर कुमार को पीछे छोड़ा।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में अर्शदीप सिंह ने रीजा को आउट करने के साथ ही भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल में पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने भुवनेश्वर कुमार का रिकॉर्ड तोड़ा। भुवनेश्वर ने 1-6 ओवर के बीच भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल में 47 विकेट चटकाए थे। वहीं अर्शदीप सिंह के नाम अब 48 विकेट हो गए हैं। भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नाम 33 विकेट हैं और वह इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। अर्शदीप सिंह ने दिग्गज श्रीलंकाई गेंदबाज लसिथ मलिंगा के टी20 इंटरनेशनल में सर्वाधिक विकेटों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। श्रीलंका के दिग्गज लसिथ मलिंगा ने टी20 इंटरनेशनल में 84 मैचों में 107 विकेट लिए हैं, जबकि अर्शदीप सिंह ने 71 मैचों में ही 108 विकेट झटक लिए हैं। अर्शदीप सिंह टी20 इंटरनेशनल में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। उन्होंने 108 विकेट चटकाए हैं।उनके अलावा भारतीय गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या ही 100 का आंकड़ा पार कर सके हैं।

# रुपये की कमजोरी से 4 फीसदी तक महंगे होंगे इलेक्ट्रॉनिक्स

- मेमोरी चिप्स की बढ़ी कीमतों से घटा कंपनियों का फायदा

**नई दिल्ली।** मेमोरी चिप्स की कमी के चलते बढ़ती लागतें और डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी के चलते अगले साल जनवरी से टेलीविजन की कीमतों में 3-4 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। हाल ही में रुपया पहली बार डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर को पार कर गया है, जिसका असर इलेक्ट्रॉनिक्स की कीमतों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

विश्लेषकों के मुताबिक, रुपये के गिरने से उद्योग की स्थिति नाजुक हो गई है, क्योंकि एलईडी टीवी में घरेलू मूल्यवर्धन केवल 30 प्रतिशत है। ओपन सेल, सेमीकंडक्टर चिप्स और मदरबोर्ड जैसे प्रमुख घटक आयात किए जाते हैं। इसके अलावा मेमोरी चिप संकट भी एक गंभीर समस्या है, जहां एआई सर्वरों के लिए हाई-बैंडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) की भारी मांग के कारण वैश्विक स्तर पर इसकी भारी कमी है। इससे सभी प्रकार की मेमोरी (डीआरएएम, फ्लैश) की कीमतें बढ़ गई हैं। चिप निर्माता अधिक लाभ वाले एआई चिप्स पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे टीवी जैसे पारंपरिक उपकरणों के लिए आपूर्ति कम हो रही है।



हायर अप्लायंसेज इंडिया के अध्यक्ष एनएस सतीश ने बताया, मेमोरी चिप्स की कमी और कमजोर रुपये के कारण एलईडी टीवी सेट की कीमतों में 3 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कुछ टीवी निर्माताओं ने कीमतों में संभावित वृद्धि के बारे में डीलरों को पहले ही जानकारी दे दी है। थॉमसन और कोडक जैसे कई वैश्विक ब्रांडों के लाइसेंस प्राप्त टीवी निर्माता सुपर प्लास्ट्रोनिक्स ने कहा, पिछले तीन महीनों में मेमोरी चिप की कीमतों में पांच गुना की वृद्धि हुई है। साथ ही, रुपये में अवमूल्यन के कारण जनवरी से टेलीविजन की कीमतों में 7-10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

यदि अगले दो तिमाहियों में मेमोरी चिप की कीमतें समान रहीं, तो टीवी की कीमतों में और वृद्धि हो सकती है। जीएसटी सुधार के बाद स्मार्ट टीवी की बिक्री में आई तेजी पर इस आगामी वृद्धि का असर कम हो सकता है। सरकार ने 32 इंच और उससे बड़े आकार के टीवी स्क्रीन पर जीएसटी को पहले के 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। इससे कीमत में लगभग 4,500 रुपये की कमी आई है।

**चिप्स की कीमतों में भारी वृद्धि**

दाइवा की मालिक वीडिओटेक्स ने कहा, मेमोरी चिप की कीमतों में भारी वृद्धि से उसे भी लगातार दबाव का सामना करना पड़ रहा है। इससे उपलब्धता एक गंभीर चुनौती बन गई है। सोर्सिंग स्तर पर फ्लैश मेमोरी और डीडीआर4 की कीमतों में 10 गुना तक वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण आपूर्ति का एआई डेटा केंद्रों की ओर मोड़ा जाना है।

**चार फीसदी घटी बिक्री**

काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में स्मार्ट टीवी की बिक्री सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 4 प्रतिशत घटी है। यह मंदी छोटे स्क्रीन वाले सेगमेंट की कम मांग , सीमित नई मांग और कमजोर उपभोक्ता खर्च के कारण हुई है। भारत के टीवी बाजार का मूल्य 2024 में 10-12 अरब डॉलर था।

# वैश्विक एयरलाइंस समूह ने पायलटों को दी सतर्क रहने की सलाह

**नई दिल्ली।** वैश्विक एयरलाइंस संगठन इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) ने कहा कि उड़ानों के दौरान जीपीएस प्रणाली को बाधित करने घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जो चिंता का विषय हैं और पायलटों को पहले से ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

आईएटीए दुनिया की करीब 360 एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करता है, जो वैश्विक हवाई यातायात का 80 हिस्सा से ज्यादा हिस्सा संभालती हैं। एअर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्पाइसजेट भी इस संगठन का हिस्सा हैं। हाल के समय में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अमृतसर, हैदराबाद, बंगलूरू और चेन्नई हवाई अड्डे पर भी जीपीएस स्पूफिंग (गलत सिग्नल भेजकर भ्रमित करना) और इंटरफेरेंस (बाधा डालना) की घटनाएं सामने आई हैं। इस हफ्ते जिनेवा में हुई बातचीत के दौरान आईएटीए के अधिकारियों ने कहा कि जीपीएस प्रणाली में बाधा डालने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आईएटीए के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि गलत सिग्नल भेजकर भ्रमित करने और बाधा पहुंचाने की घटनाओं के कारण पालयटों को ऑपरेशन के दौरान ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह समस्या अब पूरी दुनिया में मौजूद है। अंतरराष्ट्रीय विमानन संगठन (आईसीएओ) जीएनएसएस (वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली) की स्पूफिंग को अंतरराष्ट्रीय रेडियो फ्रीक्वेंसी इंटरफेरेंस का एक रूप मानता है। आईएटीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (संचालन और सुरक्षा) निक कैरिन ने कहा कि शुरुआत में ऐसी घटनाएं पश्चिम एशिया में देखी गई थीं और रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद यह पूर्वी यूरोप में भी बढ़ीं। उन्होंने कहा, अब भारत, एशिया और वेनेजुएला में भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। आईएटीए के आंकड़ों के अनुसार, प्रति 1,000 उड़ानों पर जीपीएस सिग्नल खोने की दर 2022 में 31 थी, जो 2025 में बढ़कर 59 होने का अनुमान है। ये आंकड़े फ्लाइट डेटा एक्सचेंज (एफडीएक्स) से लिए गए हैं, जो वैश्विक विमानन डाटा प्रबंधन कार्यक्रम का हिस्सा है और इसमें कई एयरलाइंस अपना डाटा साझा करती हैं। 2024 में यह दर 56 थी, जिससे लगातार बढ़ोतरी का रुझान दिखता है। निक कैरिन ने कहा कि यह बढ़ोतरी गंभीर और चिंताजनक है और इससे साफ होता है कि जीपीएस प्रणाली में बाधा डालने की घटनाएं केवल उड़ानों की संख्या बढ़ने के कारण नहीं हो रही हैं।

# एआई में भारत की धाक, दुनिया में तीसरे पायदान पर, विकसित देशों को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट के अनुसार एआई प्रतिस्पर्धा में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस सूची में अमेरिका और चीन पहले और दूसरे स्थान पर हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़ दिया है। साथ ही भारत में वैश्विक टेक कंपनियों का निवेश तेजी से बढ़ रहा है, जिससे एआई क्षेत्र में देश की स्थिति और मजबूत हो रही है।

वैश्विक तकनीकी दौड़ में भारत की मौजूदगी अब सिर्फ उभरती हुई नहीं रही, बल्कि निर्णायक होती जा रही है। हाल ही में सामने आई एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार, भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में दुनिया का तीसरा सबसे प्रतिस्पर्धी देश बनकर उभरा है।

बता दें कि यह आकलन अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार किए गए ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के आधार पर किया गया है। मौजूद जानकारी के अनुसार, इस रैंकिंग में भारत को 21.59 अंक मिले हैं, जबकि अमेरिका 78.6 अंकों के साथ पहले और चीन 36.95 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।गौरतलब है कि अंकों का अंतर यह संकेत देता है कि भारत को अभी अमेरिका और चीन के स्तर तक पहुंचने के लिए लंबा सफर तय करना है, लेकिन इसके बावजूद भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़ दिया है। इस सूची में दक्षिण कोरिया, जापान, सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी जैसे देश भारत से नीचे रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई प्रतिस्पर्धा का यह आकलन केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता, अनुसंधान एवं विकास, निवेश का स्तर, सरकारी नीतियां, तकनीकी ढांचा, सार्वजनिक धारणा और आर्थिक प्रभाव जैसे कई पहलुओं को शामिल किया गया है। टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की तेजी से बढ़ती टेक इकोसिस्टम, स्टार्टअप संस्कृति और इंजीनियरिंग प्रतिभा ने इस प्रगति में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही, सरकार की डिजिटल और तकनीकी पहलों ने भी एआई को अपनाने का माहौल तैयार किया है। यह प्रगति ऐसे समय सामने आई है, जब दुनिया की कई बड़ी टेक कंपनियों ने भारत में बड़े पैमाने पर निवेश की घोषणा की है। हाल ही में अमेज़न ने 2030 तक एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग और लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर में करीब 35 अरब डॉलर निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसी तरह, माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में क्लाउड और एआई विस्तार के लिए 17.5 अरब डॉलर निवेश का ऐलान किया है, जो एशिया में उसका अब तक का सबसे बड़ा निवेश माना जा रहा है। इससे पहले इंटेल, कॉग्निज़ेंट और ओपनएआई जैसी कंपनियां भी भारत में निवेश और सहयोग की योजनाओं की घोषणा कर चुकी हैं।

जानकारों का मानना है कि इन निवेशों से भारत न केवल एआई अनुसंधान और विकास का बड़ा केंद्र बनेगा, बल्कि वैश्विक तकनीकी संतुलन में भी उसकी भूमिका और मजबूत होगी, जिससे आने वाले वर्षों में भारत की स्थिति और सशक्त होने की संभावनाएं बनी हुई हैं।

## सस्ते आयात पर जताई गंभीर चिंता, 3 प्रतिशत सुरक्षा शुल्क लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** इंडियन प्राइमरी कॉपर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने देश में तांबे के आयात पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से सुरक्षा शुल्क लगाने और आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध लागू करने का आग्रह किया है। एफटीए साझेदारों से शून्य शुल्क पर हो रहे तांबे के आयात से भारतीय स्मेल्टिंग और रिफाइनिंग उद्योग गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। पिछले वर्षों में घरेलू तांबा उद्योग को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। बावजूद इसके, शून्य शुल्क वाले आयात के कारण घरेलू उद्योग आर्थिक नुकसान झेल रहा है। इसीलिए उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि तांबे की कुछ श्रेणियों पर 3प्रतिशत सुरक्षा शुल्क तुरंत लागू किया जाए। संगठन ने विशेष चिंता भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता को लेकर भी जताई। तांबे के वायर रॉड पर सीमा शुल्क वित्त वर्ष 2025-26 में घटकर 1प्रतिशत रह गया है और 2026-27 तक इसे पूरी तरह समाप्त करने की योजना है।

**पहल को बढ़ावा-** डालमिया ने 121वीं जयंती पर सेवा दिवस मनाया; आगा आसिफ बेग के नेतृत्व में जवाहरपुर, रामगढ़ और निगोही इकाइयों में 1,122 लोगों को लाभ पहुँचाया गया। सम्मानित हुए 22 ग्राम स्वयंसेवक; पुरस्कार विजेता रहे दीक्षा उम्मीदवार और ग्रामीण विकास में योगदान देने वाले कर्मी।

इससे घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धा क्षमता और आत्मनिर्भरता पर गंभीर असर पड़ेगा। सरकार से अपील की कि वे इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप करें और विदेशी आयात पर नीतिगत उपाय करके घरेलू तांबा उद्योग की सुरक्षा और विकास सुनिश्चित करें। संगठन का मानना है कि यदि उचित कदम नहीं उठाए गए तो भारतीय तांबा उद्योग को आर्थिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## सोयाबीन और बिनौला तेल के भाव में बढ़त, तिलहन कमजोर

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूती और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव से आपूर्ति प्रभावित होने के चलते देश के तेल-तिलहन बाजारों में तेजी का रुख देखा गया। सोयाबीन और बिनौला तेल के भाव में सुधार रहा जबकि डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर मांग के चलते सोयाबीन तिलहन में गिरावट दर्ज की गई। सरसों, मूंगफली तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल के भाव पूर्व स्तर पर बंद हुए। बाजार सूत्रों के अनुसार इस बार खपत बढ़ने के बावजूद खाद्य तेलों का आयात घटा है। नवंबर-दिसंबर 2022 में कुल 31.11 लाख टन (खाद्य व अखाद्य) तेलों का आयात हुआ था जबकि नवंबर-दिसंबर 2023 में यह घटकर 24.72 लाख टन रह गया यानी करीब 21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है और देश के बंदरगाहों पर सोयाबीन तेल आने में 40 से 45 दिन का समय लग रहा है। विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम नरम रहने के बावजूद घरेलू बाजारों पर इसका असर नहीं पड़ा है, जिससे संकेत मिलता है कि देश में खाद्य तेलों का स्टॉक सीमित है। सूरजमुखी और सोयाबीन जैसे सॉफ्ट तेलों की आपूर्ति कम है और जाड़े व विवाह-शादी के मौसम में मांग बढ़ने से आपूर्ति की दिक्कतें बढ़ सकती हैं। यह स्थिति देशी तेल-तिलहन उत्पादन बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित करती है। देश की एक प्रमुख तेल कंपनी पामोलीन तेल के 770 ग्राम के पाउच को 85 रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेच रही है, जिससे पामोलीन तेल का भाव 120 रुपये प्रति किलो बैठता है जबकि इसका आयात मूल्य 85 रुपये प्रति किलो ही है। गरीब वर्ग, जो पामोलीन तेल का अधिक उपयोग करता है, इस बढ़ी लागत का बोझ उठाने को मजबूर है। विशेषज्ञों ने कहा कि तेल संगठनों और सरकार को केवल थोक बाजार नहीं बल्कि खुदरा बिक्री मूल्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।



# पल्स पोलियो अभियान का ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के अंतर्गत कुल 138 बूथों पर कुल 25 हजार बच्चों को पल्स पोलियो कि खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई है।

हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पल्स पोलियो अभियान पिलाने के लिए बनाये गए बूथ पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने फीता काटकर बच्चे को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया है।

इस दौरान चिकित्सक विवेक खरे,



बीएमसी यूनिसेफ अंकित शुक्ल, डब्लूएचओ त्रिपुरारी शंकर, एलटी अखिलेश तिवारी, एएनएम दीप मंजरी, आशा अर्चना त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

पल्स पोलियो के लिए बनाये गए बूथों पर सुपरवाइजर द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की पल्स पोलियो अभियान के लिए कुल 138 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई है। बनाये गए बूथों पर 25 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

# 138 बूथों पर पिलाई गई पोलियो की खुराक



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पल्स पोलियो अभियान के बनाये गए 138 बूथ का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया बूथ पर प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ व डॉक्टर विवेक खरे ने बच्चे को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर शुभारम्भ किया है। यूनिसेफ़बीएमसी अंकित शुक्ला द्वारा मोबाइलाइजेशन के माध्यम से प्रभावशाली इंकार परिवार को जागरुकता के माध्यम से पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु गतिविधियां की गई। गिरिजा प्रसाद यादव द्वारा बताया गया कि ब्लॉक हलिया के कुल 138 बूथ सम्पादित किया गया जिसमें समस्त ग्राम पंचायत में 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाया गया साथ ही छूटे हुए बच्चों को घर घर भ्रमण कर समस्त बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। संध्या कालीन बैठक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित की गई। इस दौरान डॉ0 विवेक खरे,आईओ गिरिजा प्रसाद यादव, यूनिसेफबी एम सी अंकित शुक्ला, सुपरवाइजर रितेश सिंह, अरुण दुबे,दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रधान संघ अध्यक्ष व डॉक्टर विवेक खरे ने बच्चे को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर शुभारम्भ किया



**स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर।** हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पल्स पोलियो अभियान के तहत बनाये गए बूथ पर प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ व डॉक्टर विवेक खरे ने बच्चे को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर शुभारम्भ किया है। इस दौरान यूनिसेफ़बीएमसी अंकित शुक्ला, डब्लूएचओ त्रिपुरारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्वामी तुलसी दास महाराज ने गुरु के स्वरूप का ध्यान व नाम के जाप करने का सुनाया प्रवचन



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के औरा गांव स्थित परमहंस आश्रम में रविवार को प्रबचन के दौरान आश्रम के स्वामी तुलसी दास महाराज ने गुरु के स्वरूप का ध्यान व नाम के जाप करने को कहा स्वामी जी ने चौमासे का भजन सुनाते हुए बताया कि 84 लाख योनियो में मनुष्य योनि अपने कुटुंब कबीले में फसा रहता है। जबकि पशु पक्षी पर उगने के बाद स्वच्छंद विचरण लिये माता पिता छोड़ देते हैं। उनसे कोई आस नहीं होता है। मनुष्य कुटुंब की परवरिश के बाद उससे अपने परवरिश की आशा लगाता है जिससे दुखी होता है। जबकि परिवार का पालन पोषण फर्ज है। उसको करना चाहिए इससे बाद परमपिता परमेस्वर पर ध्यान करे तो कभी दुखी नही होगा जंगल में रहने वाले पशु पक्षी भगवान के सहारे रहते है। उन्हें कोई बीमारी व दुखी नही होते स्वच्छंद भ्रमण करते है। इसलिए मनुष्य को सुबह शाम गुरु के स्वरूप का ध्यान ऊँ, राम, शिव दो ढाई अक्षर के नाम का जाप करते रहना चाहिए हमेशा दूसरो का परोपकार करे इससे आप की हर बाधा दूर हो जाएगी। इस दौरान शिबू बाबा, विनय बाबा, शिव बाबू सेठ, इंद्र प्रताप सिंह, राजेश दुबे, प्रकाश सिंह, राजू सिंह, प्रमोद आग्रहरीसहित सैकड़ों भक्तों ने प्रबचन के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

## कोहरा और ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र में दो दिन से कोहरे के असर के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। शनिवार की रात्रि से शुरू हुआ कुहरा रविवार को पूरा दिन विकराल रूप धारण कर लिया। कुहरा के चलते ठंड भी बढ़ गई है। श्रमिकों वृद्धो तथा मजदूरों के लिए कोहरे से समस्या बढ़ गई है। कोहरा से फूल वाली फसलों को नुकसान हो रहा है जिसमें सरसों चना मटर आलू आदि फूलदार फसलों से कोहरे से नुकसान हो रहा है।

# संरक्षित रेल परिचालन को सुगम बनाने के प्रयास

**स्वतंत्र भारत, गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे पर संरक्षित रेल परिचालन एवं सड़क यातायात को सुगम बनाने के लिये रेल समपारों को सुनियोजित तरीके से समाप्त किया जा रहा है। इसके लिए योजनाबद्ध रूप में समपारों के स्थान पर सड़क उपागमी पुल एवं सड़क अधोगामी पुल का निर्माण किया जा रहा है। जिससे संरक्षित रेल परिचालन के साथ-साथ सड़क यातायात भी निर्बाध एवं बेहतर हो रहा है। वाराणसी-औंड़िहार खण्ड पर वाराणसी सिटी-सारनाथ रेलवे स्टेशनों के बीच समपार संख्या 23-ए पर राज्य एवं केन्द्र सरकार की सहभागिता से सड़क उपरिगामी पुल का निर्माण पूरा हो गया है। इस सड़क उपरिगामी पुल को सड़क यातायात के लिए खोल दिया गया है, जिससे वाराणसी के नगर वासियों को बहुत सहूलियत हो रही है। समपार संख्या 23-ए का उपयोग वाराणसी से गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर, सोनौली, कुशीनगर आदि नगरों को आने-जाने हेतु सड़क वाहनों द्वारा उपयोग किया जाता है। छपरा, बलिया, गाजीपुर, मऊ,



देवरिया, गोरखपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, लखनऊ, प्रयागराज, मुंबई आदि नगरों के लिए चलने वाली ट्रेनें इस समपार फाटक से गुजरती है। इस परियोजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा इस समपार पर 45.40 मीटर का धनुष आकार का पुल बनाया गया है। इसके साथ ही समपार फाटक संख्या 23-ए पर छोटे वाहनों के आवागमन हेतु 2.50 मीटर ऊंचाई का अंडर पास का निर्माण भी कराया गया है,जिससे क्षेत्रीय जनता को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। ज्ञातव्य हो कि माननीय प्रधानमंत्री जी के कर कमलों द्वारा इस रोड ओवरब्रिज का शिलान्यास किया गया था। वाराणसी जिले में पूर्वोत्तर रेलवे के समपार सं0 23-ए वाराणसी सिटी सारनाथ स्टेशनों के मध्य कि.मी. 200/9-201/0 पर स्थित है। इस खण्ड पर अत्यधिक रेल परिचालन होने से उक्त समपार बहुधा सड़क यातायात बन्द रहता था, जिससे समपार पर अत्यधिक जाम की स्थिति बनी रहती थी। इस समपार पर रेल उपरिगामी पुल एवं अधोगामी पुल बन जाने से जहां सड़क यातायात निर्बाध और सुविधाजनक तरीके से हो रहा है, वहीं ट्रेनों का संरक्षित परिचालन, रेल एवं सड़क यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो गई है ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वाल्व आपरेटर की हुई मौत, ठंड लगने से मौत की जताई आशंका

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरडीहा कला गांव निवासी वाल्व आपरेटर की शनिवार की रात्रि में उल्टी दस्त शुरू होने से हालत बिगड गई परिजनों द्वारा वाल्व आपरेटर को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा वाल्व आपरेटर को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। वाल्व आपरेटर के परिजनों द्वारा पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के बरडीहा कला गांव



निवासी 29 वर्षीय विमल भारती हर घर नल जल योजना के तहत वाल्व आपरेटर के पद पर कार्य कर रहा था की शुक्रवार को डियूटी से वापस आने के दौरान वाल्व आपरेटर को ठंड लगने से शनिवार की रात्रि में उल्टी दस्त होने से हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा वाल्व आपरेटर को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक विवेक खरे ने वाल्व आपरेटर को मृत घोषित कर दिया। वाल्व आपरेटर की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृत वाल्व आपरेटर की पत्नी कुसुम का रो रो कर बुरा हाल है। मृत वाल्व आपरेटर को दो पुत्र व एक पुत्री है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 198 मरीजों का हुआ उपचार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 198मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी क़े देखरेख में 43मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार् नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा क़े देखरेख में 59मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला फार्मासिस्ट सुभाष पटेल क़े देखरेख में 55मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 41मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 198 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट मनोज कुमार,किशोर राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

## पोल से टकराने पर बाइक सवार की मौत

**स्वतंत्र भारत जमालपुर (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के घरवाह गांव के पास शुक्रवार की रात कुत्ता को बचाने मेंअनियंत्रित बाइक पोल में टकराने से युवक की मौत हो गई। वहीं बाइक पर बैठा दूसरा युवक जख्मी होगया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के धोबही गांव निवासी 45 वर्षीय राज कुमार बिंद श्रमिक थे। वह शुक्रवार को गांव के ही दिलीप कुमार के साथ पिड़खिर गांव रिश्तेदारी में गए थे। रात लगभग बारह बजे वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही रामपुर-जलालपुर मार्ग पर घरवाह गांव के पास पहुंचे। तभी बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ गया।कुत्ते को बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारेबिजली के पोल में टकरा गई। हादसे में राज कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठे दिलीप जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस नेघायल को जमालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे वाराणसी रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव को मोर्चरी हाउस भेज दिया है। मृत राजकुमार वाराणसी में मजदूरीकरते थे। दो पुत्र मनीष कुमार और मुकेश कुमार हैं।

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता पूर्वोत्तर रेलवे ने जीती




**स्वतंत्र भारत, गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल पूर्वोत्तर रेलवे के तत्त्वावधान में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में 10 से 13 दिसम्बर, 2025 तक खेली गई 32वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2025 के अंतिम दिन 13 दिसम्बर, 2025 को हुए फाइनल मुकाबले में पूर्वोत्तर रेलवे ने उत्तर रेलवे को 64-50 अंको से हराकर प्रतियोगिता जीत ली। पूर्वोत्तर रेलवे के भीम सिंह, राम आसरे यादव, दीपक कश्यप, सूर्यभान सिंह, विजय कुमार, अजय मल्ल के बेहतर प्रदर्शन के बदौलत पूर्वोत्तर रेलवे ने पूरे मैच के दौरान बढ़त बनाये रखा। उत्तर रेलवे प्रतियोगिता की उपजेता रही। उत्तर रेलवे के राजेश दहिया, सुनिल महला तथा राजेन्द्र का प्रदर्शन बेहतर रहा। तीसरे स्थान पर दक्षिण रेलवे रही। इस अवसर पर महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने विजेता एवं उपजेता टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।इस अवसर पर महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने कहा कि मैं इस आयोजन के लिए सर्वप्रथम महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल, नई दिल्ली को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने 32वीं अखिल भारतीय, रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन कराने का सुअवसर पूर्वोत्तर रेलवे को प्रदान किया। प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री तारिक अहमद एवं उनकी टीम द्वारा इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। मुझे इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में पूर्वोत्तर रेलवे एवं उत्तर रेलवे की बास्केटबॉल के खिलाड़ियों के कुशल प्रदर्शन देखने का अवसर प्राप्त हुआ। यह प्रतियोगिता सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में सभी टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ खेला। यह बहुत ही क्लोज और उत्साहपूर्ण मैच था, जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे एवं उत्तर रेलवे की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल अब स्वयं रेल के एक यूनिट के रूप में अन्तर रेलवे प्रतियोगिताओं में भाग ले रही है, जिससे आपको अन्य राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिल रहा है। रेलवे सुरक्षा बल खेलों के साथ-साथ रेल यात्रियों के सुरक्षित यात्रा एवं रेल सम्पत्ति की बेहतर सुरक्षा हेतु वचनवद्ध है। इस अवसर पर प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे श्री तारिक अहमद ने सभी विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ रेल अधिकारियों एवं आयोजन समिति के पदाधिकारीगण, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ासंघ के पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं अन्य अतिथियों को स्वागत करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को बधाई दी और कहा कि इस प्रतियोगिता में पुरुषों की कुल आठ टीमों ने भाग लिया। टीमों को दो पूलों में बाँटकर कुल सोलह मैच खेले गये। प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर भारतीय रेलवे सुरक्षा बल टीम का चयन किया जाना है जो अन्तर रेलवे बास्केटबॉल प्रतियोगिता और अखिल भारतीय पुलिस खेलों में भाग लेंगी। उपमहानिरीक्षक सह वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त/ लखनऊ श्री चन्द्र मोहन मिश्र के कुशल निर्देशन में प्रतियोगिता का भव्य एवं कुशल आयोजन सम्पन्न किया गया, जिसके लिए वह एवं उनकी टीम बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय रेलों के सदस्यगण, बास्केटबॉल संघ गोरखपुर के सदस्यगण एवं पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के पदाधिकारी तथा भारी संख्या में बास्केटबॉल प्रेमी उपस्थित थे।

# राजगढ़ के नदिहार में जलाया गया अलाव, ठंड गलन से मिली राहत

## कोहरा और ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त
## राजगढ़ ब्लॉक मुख्यालय के पास नहीं जले अलाव



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भीषण ठंड गलन और कोहरे के कारण गलन की स्थिति पैदा हो गई।लेकिन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समाज सेवी अलाव की व्यवस्था नहीं किया जिससे ठंड से लोग कांप रहे हैं और घरों के अंदर कैद होकर रह गए। इसी को देखते हुए नदिहार के ग्राम प्रधान रवि शंकर सिंह पटेल के द्वारा शनिवार के शाम को अलाव की व्यवस्था की। पटेल नगर किराए पर स्थित सरदार पटेल प्रतिमा के पास रवि शंकर सिंह पटेल के द्वारा अलाव जलाया गया। जहां पर ग्रामीणों ने प्रधान के इस कार्यो की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि अभी भी क्षेत्र के कई प्रधान प्रतिनिधि चुप्पी साधे हुए हैं। ठंड से बुरा हाल है। केवल नदिहार के ग्राम प्रधान ने अलाव की व्यवस्था सार्वजनिक स्थलों पर की है। देखा जाए तो विकासखंड राजगढ़ की 83 ग्राम पंचायत में केवल नदिहार के ग्राम प्रधान रवि शंकर सिंह पटेल ने अलाव की व्यवस्था की है। विकासखंड राजगढ़ के ब्लॉक मुख्यालय के आसपास कहीं भी अलग-अलग की व्यवस्था नहीं की गई है जहां पर रोजाना सैकड़ो की संख्या में दिन हो चाहे रात ग्रामीणों का आना-जाना और आने जाने वाले लोगों के लिए सहूलियत हो लेकिन अलाव की व्यवस्था न होने से लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। दो दिनों से कोहरा प्रचंड रूप ले रहा है।

बेसहारा चगोवंश भी खुले आसमान के नीचे ठंडी की रात्रि व्यतीत करने मजबूर हो गए हैं। स्थानीय प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए। समाज सेवी अलाव की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं। जहां पर अलाव चले सार्वजनिक स्थल राजगढ़ पुरानी चौकी, राजगढ़ बाजार, ददरा बाजार, राजगढ़ ब्लॉक मुख्यालय, सोनबरसा, बिसुनपुरा यहां पर रोजाना यात्री रात्रि के समय भी ठंड बस का इंतजार करते रहते हैं और ठंड के मार से परेशान रहते हैं। अलाव ना होने से ग्रामीणों को भी परेशानी होती है। अलाव जलाने के लिए समाज सेवी और ग्राम ग्राम प्रधान और समाजसेवी को आगे आना चाहिए जिससे ठंड गलन और कोहरा में राहत मिल सके।

## दहेज हत्या संबंधित 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मऊ।** थाना सरायलखन्सी पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना सरायलखन्सी पुलिस टीम द्वारा 13 दिसम्बर को मुखबिर की सूचना बहुआ गोदाम हाइवे तिराहे का पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 518/2025 धारा 85/ 80(2)/ 103(1) बीएनएस व ङ डीपी एक्ट से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त अभियुक्ता सुबाष चौहान पुत्र स्व0 सुखदेव चौहान निवासी ग्राम बबुआपुर सिंहाव पण्डितपुरा थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ उम्र करीब 52 वर्ष राकेश चौहान पुत्र सुबाष चौहान निवासी ग्राम बबुआपुर सिंहाव पण्डितपुरा थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ उम्र करीब 27 वर्ष विमला देवी पत्नी सुबाष चौहान निवासिनी ग्राम बबुआपुर सिंहाव पण्डितपुरा थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ उम्र करीब 50 वर्ष को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में नन्हे सितारों का जलवा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जनपद मुख्यालय के बलिया मोड़ स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार से प्रारंभ हुई दो दिवसीय जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह का भव्य समापन रविवार की सायंकालीन बेला में हुआ। इस आयोजन में जनपद के सभी विकासखंडों से चयनित परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न खेलों, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभागियों ने जिस उत्साह, अनुशासन और कौशल का परिचय दिया, उसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में शिक्षा क्षेत्र रतनपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय कइयां के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14
लखनऊ, सोमवार, 15 दिसंबर, 2025

# पीएम मोदी आज से जॉर्डन के दो दिवसीय दौरे पर

**अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 और 16 दिसंबर को जॉर्डन के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। यह उनका जॉर्डन का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। इस दौरे को भारत और जॉर्डन के

- 75 साल की दोस्ती को मिलेगा नया आयाम

बीच रिश्तों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। ऐसे में पीएम मोदी के इस दौरे को लेकर जॉर्डन में भारत के राजदूत मनीष चौहान ने कहा है कि यह यात्रा दोनों देशों की दोस्ती को और मजबूत करने के साथ-साथ रिश्तों को एक नए स्तर पर ले जाने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब भारत और जॉर्डन अपने राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। चौहान ने कहा कि यह मौका ऐतिहासिक है और इस वर्ष की सबसे यादगार घटनाओं में से एक होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 15 दिसंबर को जॉर्डन पहुंचेंगे और 16 दिसंबर तक



वहां रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह इस सदी में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला ऐसा दौरा है।

बता दें कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी 2018 में जॉर्डन सिर्फ ट्रांजिट (रुकते हुए) आए थे। यह यात्रा जॉर्डन के राजा किंग अब्दुल्ला द्वितीय के निमंत्रण पर हो रही है। राजदूत ने कहा कि यह दौरा भारत-जॉर्डन संबंधों और पूरे क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है। इस दौरान दोनों देश न सिर्फ अब तक की मजबूत दोस्ती पर चर्चा करेंगे, बल्कि भविष्य में सहयोग को और आगे बढ़ाने पर भी बात करेंगे।

## बांग्लादेश में बढ़ी हिंसा

# उम्मीदवार पर गोलीबारी

### चुनाव आयोग ने मांगी अतिरिक्त सुरक्षा



**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर बिगड़ती कानून-व्यवस्था के बीच चुनाव आयोग ने अपने शीर्ष अधिकारियों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की है। चुनाव आयोग ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) को पत्र लिखकर मुख्य चुनाव आयुक्त, अन्य आयुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा है। चुनाव आयोग ने सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे पुलिस सुरक्षा और अतिरिक्त एस्कॉर्ट वाहन की मांग की है। यह मांग ऐसे समय की गई है, जब आगामी संसदीय चुनाव के एक उम्मीदवार और पिछले साल के जुलाई आंदोलन के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी को ढाका में गोली मार दी गई। वह अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत कर रहे थे, तभी उन पर नजदीक से हमला हुआ। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। चुनाव आयोग ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद दो जिलों, लक्ष्मीपुर और पिरोजपुर, में उसके दफ्तरों पर भी हमले हुए हैं। इसके चलते आयोग ने देशभर में अपने क्षेत्रीय, जिला और उप-जिला कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है, क्योंकि वहां चुनाव से जुड़े अहम दस्तावेज और सामग्री रखी जानी है।

## एक नज़र

### बारिश और ठंड से गाजा में तबाही, 14 मरे

**गाजा।** गाजा पट्टी में पिछले 72 घंटों के दौरान भीषण बारिश और कड़ाके की ठंड ने हालात और बदतर कर दिए हैं। खराब मौसम की वजह से अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि लगातार जारी युद्ध के चलते गाजा का बड़ा हिस्सा पहले ही खंडहर में तब्दील हो चुका है। करीब दो वर्षों से लाखों लोग टेंटों और अस्थायी शिविरों में रहने को मजबूर हैं। ऐसे में भारी बारिश ने उनकी मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं।

### सीरिया हमले में तीन अमेरिकियों की मौत पर भड़के ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया में हुए एक हमले के बाद कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि अमेरिका इसका जवाब देगा। इस हमले में दो अमेरिकी सैनिकों और एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई है। अमेरिका का आरोप है कि इस हमले के पीछे आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस/आईएसआईएस) का हाथ है। शनिवार को व्हाइट हाउस से निकलते समय पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, यह आईएसआईएस का हमला है और हम इसका बदला जरूर लेंगे। वह इस दौरान आर्मी-नेवी फुटबॉल मैच देखने के लिए बाल्टीमोर रवाना हो रहे थे। ट्रंप ने हमले में मारे गए तीनों अमेरिकियों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस हमले में घायल हुए तीन अन्य अमेरिकी फिलहाल ठीक हैं और उनकी हालत में सुधार हो रहा है।

### दक्षिण अफ्रीका मंदिर हादसा : मृतक संख्या चार हुई

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के डरबन के उत्तर में स्थित रेडक्लिफ इलाके में बीते शुक्रवार दोपहर को अहोबिलम टेंपल ऑफ प्रोटेक्शन के निर्माण स्थल पर हुए भीषण हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। वहीं अभी भी कई लोगों के मलबे में फंसे होने की संभावना जताई जा रही है। मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, राहत और बचाव कर्मी पिछले दो दिनों से मलबे में दबे एक पांचवें शव को निकालने की कोशिश कर रहे थे।

### नेपाल में ट्रेकिंग के दौरान बिगड़ी भारतीय राजदूत की तबीयत

**काठमांडू।** नेपाल में ट्रेकिंग के दौरान भारतीय राजदूत बीमार पड़ गए। अधिकारियों ने बताया कि नेपाल के ललितपुर जिले में ट्रेकिंग के दौरान शनिवार को भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव बीमार पड़ गए और उन्हें इलाज के लिए काठमांडू ले जाया गया। नेपाल सेना के सूत्रों के अनुसार, काठमांडू के उत्तर में स्थित जिले में चंपादेवी पहाड़ी पर ट्रेकिंग के दौरान श्रीवास्तव को अचानक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हुईं।

### सूडान में छह बांग्लादेशी शांति सैनिकों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश सेना ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सूडान में हुए एक आतंकी हमले में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में उसके छह जवान मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। यह हमला सूडान के अबेई इलाके में संयुक्त राष्ट्र के एक बेस पर हुआ। इस बीच, रक्षा मंत्रालय के इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस निदेशालय ने एक शुरुआती बयान में कहा कि इलाके में अभी भी लड़ाई जारी है।

### इजरायल ने नासा के साथ किया रणनीतिक अंतरिक्ष समझौता

**वॉशिंगटन।** इजरायल की नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री गिला गैमलियल ने नासा के साथ दस साल के रणनीतिक अंतरिक्ष समझौते पर हस्ताक्षर किए। वाशिंगटन में नासा मुख्यालय में हुए इस हस्ताक्षर समारोह के दौरान गैमलियल ने इजरायल की पहली महिला को अंतरिक्ष में भेजने और चंद्रमा एवं गहरे अंतरिक्ष पर संयुक्त परियोजनाओं को बढ़ावा देने पर चर्चा की।

### ढाका की 12 मंजिला इमारत में भीषण आग

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के एक बाजार में 12 मंजिला बहुउद्देशीय इमारत के भूतल में शनिवार तड़के भीषण आग लग गई। केरानीगंज के बाबू बाजार स्थित जबल-ए-नूर टावर में लगी आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस बीच, अग्निशमन विभाग ने इमारत से 42 लोगों को बाहर निकाल लिया।

### पाक के रिहायशी इलाके में ड्रोन गिरने से तीन बच्चों की मौत

**इस्लामाबाद।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में एक रिहायशी इलाके में एक ड्रोन गिरने से कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले के मुमंद खेल इलाके में हुई, जहां शनिवार देर रात एक घनी आबादी वाले इलाके में ड्रोन गिर गया, जिससे बच्चों की मौत हो गई।

### दक्षिण अफ्रीका से निर्वासित होंगे 16 अवैध बांग्लादेशी नागरिक

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे 16 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये सभी शुक्रवार को इथियोपियन एयरलाइंस की उड़ान से जोहान्सबर्ग के ओआर टैम्बो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे थे। जांच में पता चला कि उनके पास फर्जी वीजा थे। दक्षिण अफ्रीका की बॉर्डर मैनेजमेंट अथॉरिटी (बीएमए) की कार्यवाहक आयुक्त जेन थुपाना ने बताया कि यात्रियों के विवरण के विश्लेषण के दौरान इन लोगों की यात्रा का पैटर्न संदिग्ध पाया गया। बाद में पासपोर्ट जांच क्षेत्र में इन्हें अन्य दक्षिण अफ्रीकी यात्रियों के बीच संदिग्ध रूप से घुलते-मिलते देखा गया।

### खतरों से निपटने के लिए तैयार : मुनीर

**सियालकोट।** पाकिस्तान के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज और चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने शनिवार को कहा कि उनकी सेनाएं बाहरी और अंतरराष्ट्रीय तत्वों से होने वाले खतरों से निपटने के लिए तैयार हैं। सेना के एक बयान के अनुसार, मुनीर ने गुजरांवाला और सियालकोट गैरीसन का दौरा किया, जहां उन्हें फॉर्मेशन की ऑपरेशनल तैयारी और युद्ध की तैयारी को मजबूत करने के लिए मुख्य पहलों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा, पाकिस्तान सेना अंदरूनी और बाहरी दोनों तरह की चुनौतियों पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसमें दुश्मन के हाइब्रिड अभियान, चरमपंथी विचारधाराएं और राष्ट्रीय स्थिरता को कमजोर करने वाले फूट डालने वाले तत्व शामिल हैं।

# यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर 450+ ड्रोन हमले

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने उसके ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर 450 से ज्यादा ड्रोन और 30

- रूस ने 30 मिसाइलें भी दागीं, बिजली-पानी ठप

मिसाइलों से हमला किया, जिससे कई इलाकों की बिजली और पानी की सप्लाई ठप हो गई। आपाकालीन सेवाएं उसे बहाल करने के लिए लगातार काम कर रही हैं।

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया में कहा, रूस ने फिर से यूक्रेन की ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाया है। दक्षिणी यूक्रेन और ओडिसा क्षेत्र में हुए हमले में दो लोग घायल भी हो गए। उन्होंने कहा, रातभर हुए इन हमलों से एक दर्जन से अधिक नागरिक सुविधाओं को नुकसान पहुंचा है और हजारों परिवार बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। जिन इलाकों में बिजली गुल हुई है उनमें किरोवोह्राद, मायकोलाइव, ओडेसा, सूमी, खार्किव, खेरसॉन और चेर्निहाइव शामिल हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, कुल मिलाकर दुश्मन ने हमलों के लिए 450 से अधिक ड्रोन और अलग-अलग तरह की 30 मिसाइलों का इस्तेमाल किया। अधिकारी स्थिति को स्थिर करने और जरूरी सेवाओं को बहाल करने के लिए सभी संभव उपाय कर रहे हैं। उन्होंने कहा ये हमले यह बताते हैं कि रूस का युद्ध खत्म करने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मॉस्को की कार्रवाइयों को स्पष्ट रूप से पहचानने का आग्रह किया।

# हमास का टॉप कमांडर राएद सईद ढेर

**काहिरा/यरूशलम।** इजरायली सेना ने शनिवार को गाजा सिटी में एक कार पर हमला कर हमास के वरिष्ठ कमांडर राएद सईद को मार गिराया है। राएद को

- सात अक्टूबर के हमले का था मास्टरमाइंड

7 अक्तूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमलों के प्रमुख योजनाकारों में से एक माना जाता है। इजरायली मीडिया ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। हमास ने एक बयान में राएद सईद की मौत की पुष्टि नहीं की। हमास ने कहा कि गाजा शहर के बाहर एक आम नागरिक की गाड़ी पर हमला किया गया था और यह 10 अक्टूबर को लागू हुए सीजफायर का उल्लंघन था। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार हमले में 4 लोग मारे गए और 25 लोग घायल हुए। हालांकि, हमास या चिकित्सा



कर्मियों की ओर से राएद की मौत की तत्काल पुष्टि नहीं की गई है। राएद की मौत की पुष्टि होती है तो अक्तूबर में लागू हुए संघर्ष विराम के बाद यह हमास के किसी वरिष्ठ नेता का सबसे बड़ा निशाना होगा। यह हमला उस समय हुआ है, जब अक्तूबर में हुए संघर्ष विराम के बावजूद गाजा में हिंसा पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस संघर्ष विराम के बाद से इजरायली बलों के हमलों में 386 फलस्तीनी मारे गए हैं।

# अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में गोलीबारी, दो की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है। रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोग मारे गए और आठ लोग घायल हुए हैं। जांच अधिकारियों ने अभी घटना के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने बताया कि रविवार को ब्राउन यूनिवर्सिटी के इलाके में कई लोगों को गोली मारी गई। इसके बाद आइवी लीग स्कूल ने शूटर अलर्ट जारी किया और छात्रों और स्टाफ से सुरक्षित जगह शरण लेने की अपील की। पुलिस ने तुरंत पीड़ितों की संख्या, उनकी हालत या गोलीबारी की परिस्थितियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। ब्राउन यूनिवर्सिटी के इमरजेंसी नोटिफिकेशन सिस्टम के जरिए जारी अलर्ट के अनुसार, यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने शुरू में छात्रों और स्टाफ को बताया कि एक संदिग्ध हिरासत में है, लेकिन बाद में कहा कि ऐसा नहीं है और पुलिस अभी भी संदिग्धों की तलाश कर रही है।

### पाकिस्तान में बढ़ रहा फर्जी शादियों का ट्रेंड

# दूल्हा भी लड़की और दुल्हन भी

**इस्लामाबाद।** शादी किसी भी समाज के लिए एक उत्सव का दिन होती है। खासतौर पर उपमहाद्वीप में यह एक त्योहार की तरह मनाया जाता है, जो कई दिनों तक चलता है। भारत और पाकिस्तान की बात करें तो यहाँ पर शादी का एक कार्यक्रम हल्दी, मेहंदी से शुरू होता है और विदाई तक चलता है। इसमें पूरा परिवार और समाज शामिल होता है। हां, इसमें जिम्मेदारियां बहुत होती हैं। अब इसी मुद्दे को लेकर पाकिस्तान में फर्जी शादियों का चलन बढ़ रहा है। इसमें दूल्हा भी लड़की होती है और दुल्हन भी लड़की। शादी की रस्में बिल्कुल वैसी ही होती हैं, जैसी किसी एक सामान्य शादी में होती हैं। एक आम शादी से इतर इसमें लोग बिना किसी दबाव के केवल आनंद लेने के लिए आ सकते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में फर्जी शादियों का यह चलन 2023 के बाद लगातार लोकप्रिय होता जा रहा है। इसमें एक बिल्कुल असली शादी की तरह माहौल होता है और ठीक उसी तरह की सजावट होती है, हां, लेकिन दूल्हा और दुल्हन में किसी तरह की आजीवन प्रतिबद्धता या फिर पारिवारिक दबाव नहीं होता है।

पाकिस्तान में इस तरह की पहली शादी का आयोजन लाहौर यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट साइंसेज में किया गया। इस शादी ने न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया और सोशल मीडिया का ध्यान भी अपनी तरफ खींचा। इसके बाद लोगों के मन में इसको लेकर उत्सुकता बढ़ी और अब कई जगह पर इसका आयोजन किया जाने लगा। इसमें महिलाएं बिना किसी पारिवारिक दबाव के उन्मुक्त होकर शादी का आनंद ले सकती हैं।

# 2025 : तख्तापलट से लेकर वोट की ताकत तक

**नई दिल्ली।** दिसंबर के महीने की शुरुआत हो चुकी है। कुछ दिनों बाद साल 2025 की समाप्त हो जाएगा। इस साल देश ही नहीं बल्कि दुनिया कई हिस्सों में अहम बदलाव

- इस साल कई देशों ने देखे सत्ता के अलग-अलग रंग

देखने को मिले। राजनीतिक दृष्टिकोण से भी ये साल काफी अहम रहा।

दरअसल, साल 2025 में किसी देश में भारी विरोध के बाद सरकार गिरा दी गई, तो कहीं पर लोकतांत्रित तरीके मतदान भी हुआ। इसी साल तंजानिया में 20 अक्तूबर 2025 को चुनाव हुए। इस चुनाव में जीत के बाद सामिया सुलुह हसन दूसरी बार देश की राष्ट्रपति बनीं। हालांकि, उनके राष्ट्रपति बनने के बाद हिंसा भड़कने की भी खबरें सामने आईं, जिसमें दावा किया गया कि 700 लोगों की जान गई है। इसी साल नेपाल में जेन-जी प्रदर्शन के बाद सरकार गिर गई। नेपाल में युवाओं का ये विरोध सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ थी, इसके बाद नेपाल में एक नई अंतरिम सरकार का गठन किया गया। इसी साल कैमरून में भी आम चुनाव हुए, जिसमें मौजूदा राष्ट्रपति पॉल बिया ने फिर से सत्ता में अपनी वापसी की। कनाडा में भी इसी साल संघीय चुनाव का आयोजन किया गया। इसके बाद मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी ने




जीत हासिल की। जिसके बाद कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ही बने।

**इन देशों ने भी चुनी नई सरकार**

ऑस्ट्रेलिया में भी इस साल मई में चुनाव हुए थे। इस आम चुनाव लेबर पार्टी ने जीत हासिल की। वहीं, एंथनी अल्बनीज ने फिर से देश के पीएम की कमान संभाली थी। जर्मनी में भी इसी साल चुनाव हुए। इस चुनाव में फ्रेडरिक मर्ज की पार्टी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन ने शानदार जीत दर्ज की थी। साल 2025 की शुरुआत के बेलारूस में भी चुनाव हुए थे। इस चुनाव में अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने जीत हासिल की। बता दें कि लुकाशेंको ने लगातार सातवीं बार जीत हासिल की है। इसी साल मिस्र में दो चरणों में चुनाव हुए थे। पहले चरण का चुनाव 10-11 नवंबर को हुआ था। वही, दूसरे चरण का चुनाव 24-25 नवंबर को आयोजित किया गया था। हालांकि, इन दोनों चरण में हुए चुनावों के परिणाम अभी तक घोषित नहीं किए गए हैं।

**जापान के पीएम ने दिया था इस्तीफा**

जापान के निचले सदन में इस साल जुलाई में मतदान हुए थे, इस चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी एलडीपी की हार हुई। इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए शिगेरु इशीबा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद जापान में एलडीपी से ही साने ताकाइची को बहुमत के साथ पीएम चुना गया। वह देश की पहली महिला पीएम हैं। नेपाल में इस साल जेन-जी के हिंसक प्रदर्शन के बाद केपी ओली की सरकार गिरा दी गई। इसके बाद सुशीला कार्की ने देश के अंतरिम सरकार की कमान संभाली। नेपाल में अगले साल पांच मार्च को चुनाव होंगे। वहीं, अमेरिका की बात करें तो डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बाद वहां की कमान संभाली है। इसी साल 20 जनवरी को डोनल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

## केरल में चुनाव नतीजों के बाद हिंसा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में हुए स्थानीय निकाय चुनाव के नतीजे शनिवार को सामने आने के बाद राज्य के कई हिस्सों, खासकर उत्तरी जिलों से रातभर हिंसा की घटनाएं हुईं। पुलिस के मुताबिक अलग-अलग जगहों पर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें, तोड़फोड़ और पथराव की घटनाएं हुईं। कोझिकोड जिले के एरामला इलाके में कांग्रेस कार्यालय इंदिरा गांधी भवन पर कथित तौर पर माकपा कार्यकर्ताओं ने हमला किया। पुलिस के अनुसार करीब 200 लोग हथियार लेकर कांग्रेस दफ्तर की ओर बढ़े और इमारत में जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने बताया कि इस हमले में लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ। यहां पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा को भी नुकसान पहुंचाया गया। इसके बाद यूडीएफ कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए, जिससे तनाव और बढ़ गया। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर हालात काबू में किए गए।

## ज्यादा गेहूं उपज से तुर्किये में 100 फीट चौड़े गड्ढे बने

**अंकारा।** तुर्किये का अन्न भंडार कहा जाने वाला कोन्या मैदान इन दिनों एक गंभीर समस्या का सामना कर रहा है। यहां तुर्किये का सबसे ज्यादा गेहूं उगाया

- खेतों में अब तक 684 सिंकहोल की पहचान हुई
- ग्राउंड वाटर लेवल घटने से जमीन धंसी

जाता है। कोन्या मैदान का कुल कृषि क्षेत्र लगभग 2.6 मिलियन हेक्टेयर है, जो तुर्किये के कुल कृषि क्षेत्र का 11.2 प्रतिशत है। क्षमता से ज्यादा उपज और ग्राउंड वाटर के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण यह इलाका सूखा का सामना कर रहा है। इससे जमीनों में सैकड़ों गड्ढे (सिंकहोल) बन रहे हैं, जो खेतों को बर्बाद कर रहे हैं।



तुर्किये की आपदा प्रबंधन एजेंसी एएफएडी की नई रिपोर्ट के अनुसार, कोन्या बेसिन में अब तक 684 ऐसे गड्ढों की पहचान की गई है। जबकि कोन्या तकनीकी विश्वविद्यालय के सिंकहोल रिसर्च सेंटर के अनुसार, 2017 में 299 सिंकहोल थे, जो 2021 तक बढ़कर 2,550 हो गए।

साल 2025 में करीब 20 नए बड़े सिंकहोल बनने की पुष्टि हुई है। इन गड्ढों की गहराई 30 मीटर से ज्यादा और चौड़ाई 100 फीट तक बताई जा रही है। तुर्किये के कोन्या मैदान में 30 मीटर गहरे और 100 फीट तक चौड़े गड्ढे बन गए हैं। यह संकट अचानक नहीं आया है, बल्कि पिछले 20 साल से किसानों और प्रशासन की अनदेखी के कारण यह धीरे-धीरे बढ़ी है। 2025 में यह समस्या और तेज हुई है, क्योंकि सूखा और भूजल दोहन काफी बढ़ गया है।

बाजार दर्पण







